राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 213
लखनऊ, सोमवार 6 अप्रैल, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन, 129 मरीजों को मिला उपचार 10

महापुरुषों का सम्मान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : केशव 03

-: सर्राफा बाजार :-

गोल्ड 24 कैरेट = 1,50,930/10 ग्राम
22 कैरेट = 1,38,350/10 ग्राम
18 कैरेट = 1,13,200/10 ग्राम
चांदी = 2,50,000/किग्रा

संक्षिप्त समाचार

खड़े टैंकर से टकराई बोलेरो, चार की मौत व कई घायल

बरेली। नगर के सीबीगंज थाना क्षेत्र के परधौली गांव के पास रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार बोलेरो सड़क किनारे खड़े टैंकर में पीछे से घुस गई। हादसा इतना भीषण था कि बोलेरो के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। भीषण दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। खबर लिखे जाने तक मृतकों की पहचान नहीं हो सकी। सीबीगंज इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि घायलों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

70 लाख रुपये की सरकारी दवाएं जब्त

नई दिल्ली। दिल्ली क्राइम ब्रांच ने सरकारी मुफ्त दवाओं के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने सरकारी अस्पतालों में मुफ्त वितरण के लिए निर्धारित दवाओं की अवैध बिक्री से जुड़े एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस रैकेट के संबंध में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक स्थानीय अस्पताल में कार्यरत अंदरूनी व्यक्ति भी शामिल है। जांच में पता चला कि गिरोह सरकारी योजनाओं के तहत मुफ्त इलाज करा रहे मरीजों के लिए निर्धारित जीवन रक्षक दवाओं को व्यवस्थित रूप से निकालकर मुनाफा कमाने के लिए बेच रहा था। इस कार्रवाई के दौरान, अधिकारियों ने लगभग 70 लाख रुपये मूल्य की भारी मात्रा में दवाएं बरामद कीं। जब्त की गई सामग्री में मेरोपेनेम, सेफ्ट्रियाक्सोन और रेबीज एंटीसीरम सहित कई महंगी और महत्वपूर्ण दवाएं शामिल हैं।

नाइजीरियन कैदी की मौत, तीन सौ करोड़ की एमडीए ड्रग्स के साथ हुआ था गिरफ्तार

नोएडा। उत्तर प्रदेश की गौतमबुद्ध नगर (ग्रेटर नोएडा) की जिला जेल में बंद नाइजीरियन कैदी की रविवार को मौत हो गई। वह किडनी की बीमारी से ग्रसित था और वर्ष 2023 में गौतम बुद्ध नगर में 300 करोड़ की एमडीए ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया था। गौतमबुद्ध नगर जिला कारागार के जेल सुपरिंटेंडेंट बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि नाइजीरियन सोलोमन (66 वर्ष) और उसके कई साथियों को वर्ष 2023 के मई माह में गौतमबुद्ध नगर के थाना बीटा- दो पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इनके पास से करीब 300 करोड़ की एमडीए ड्रग्स बरामद हुआ था। विदेशी नागरिक एनडीपीएस एक्ट के मामले में सोलोमन तभी से जेल में बंद था। उन्होंने बताया कि कैदी लंबे समय से किडनी की गंभीर बीमारी से ग्रसित था। उसे कई बार अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका था। उन्होंने बताया कि 2 दिन पूर्व ही वह एम्स दिल्ली से डायलिसिस करवा कर अस्पताल लौटा था। रविवार को उसकी अचानक तबीयत खराब हुई। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद एक मई से करेंगे उ. प्र. की हर विधानसभा क्षेत्र का दौरा

बरेली। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के एक और बयान से सियासी और धार्मिक माहौल को गरम हो गया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार पर गोहत्या रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया और कहा कि प्रदेश में गोहत्या के मामले कम होने के बजाय बढ़ रहे हैं। उन्होंने 1 मई से राज्य की हर विधानसभा क्षेत्र का दौरा करने का एलान किया है। उन्होंने कहा कि जब वर्तमान सरकार सत्ता में आई थी, तब लोगों को उम्मीद थी कि गोहत्या पर सख्ती से रोक लगेगी, लेकिन हालात इसके विपरीत दिखाई दे रहे हैं।

पश्चिम बंगाल में अब परिवर्तन तय : मोदी

एजेंसी, नई दिल्ली।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में आयोजित एक चुनावी रैली में तृणमूल कांग्रेस पर भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और भय की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने भाजपा को विकास और सुशासन का विकल्प बताते हुए कहा कि राज्य में बदलाव अब तय है।

कूचबिहार के ब्रिगेड ग्राउंड में रविवार को आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य में बन रहा माहौल केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बंगाल के भविष्य को बदलने की जनभावना का संकेत है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में अवैध घुसपैठ गंभीर समस्या बन चुकी है और तृणमूल कांग्रेस घुसपैठियों को संरक्षण देकर उन्हें वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल कर रही है, जिससे सुरक्षा और सामाजिक संतुलन प्रभावित हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार घुसपैठ रोकने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने तुष्टीकरण की राजनीति को राज्य की पहचान के लिए खतरा बताते हुए कहा कि बंगाल की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को बनाए रखने के लिए मजबूत नेतृत्व जरूरी है। महिला सशक्तिकरण पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि देश में लगभग 3 करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाया गया है और संसद तथा विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की दिशा में भी प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान भाजपा की प्राथमिकता है।

प्रधानमंत्री ने तृणमूल सरकार पर सिंडिकेट राज, कटमनी और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि इसके कारण उद्योग बंद हो रहे हैं और रोजगार के अवसर कम हो रहे हैं। इससे युवाओं को पलायन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक समय बंगाल देश के अग्रणी राज्यों में शामिल था, लेकिन अब उसकी स्थिति कमजोर हो गई है। बेरोजगारी के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है। शिक्षक भर्ती घोटाले का जिक्र करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि इसमें सत्ता से जुड़े लोग शामिल थे, जिससे युवाओं का विश्वास टूटा है और व्यवस्था कमजोर हुई है। अपने संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री ने मतदाताओं से अपील की कि वे मतदान के दिन बिना किसी डर या दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि जनता को कानून पर भरोसा रखना चाहिए और भाजपा की जीत के बाद राज्य में भय का माहौल समाप्त होगा।

पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री ने घुसपैठ, कानून व्यवस्था व भ्रष्टाचार को बताया समस्या

न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाए जाने जैसी घटनाएं चिंताजनक

कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर पीएम मोदी ने मालदा की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाए जाने जैसी घटनाएं चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि जब न्यायिक प्रक्रिया ही सुरक्षित नहीं है, तो आम नागरिक की सुरक्षा पर सवाल उठना स्वाभाविक है। उनके अनुसार राज्य में 卐महा जंगलराज卐 जैसी स्थिति बन गई है और कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है।
किसानों के मुद्दे पर प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। कोल्ड स्टोरेज की कमी के कारण विशेषकर आलू उत्पादक किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भाजपा की सरकार बनने पर कृषि क्षेत्र को मजबूत किया जाएगा और किसानों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि यह चुनाव पश्चिम बंगाल के भविष्य का चुनाव है और मतदाताओं से अपील की कि वे अपने बच्चों के भविष्य, किसानों के हित, महिलाओं की सुरक्षा और राज्य के विकास को ध्यान में रखते हुए मतदान करें। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा की जीत के बाद राज्य में नई सरकार बनेगी और उत्तर बंगाल सहित पूरे प्रदेश के साथ हो रहे अन्याय का अंत होगा।

आईपीएल 2026 : लखनऊ ने दर्ज की पहली जीत, हैदराबाद को पांच विकेट से हराया

एजेंसी, हैदराबाद। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 10वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जाएंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की।
हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 156 रन बनाए। जवाब में लखनऊ ने कप्तान ऋषभ पंत की नाबाद 68 रनों की शानदार पारी की बदौलत 19.5 ओवर में 5 विकेट खोकर 160 रन बनाते हुए मैच अपने नाम कर लिया। यह लखनऊ की इस सीजन की पहली जीत है, जबकि हैदराबाद को तीन मैचों में दूसरी हार का सामना करना पड़ा। 157 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ को मिचेल मार्श और एडेन मार्करम ने तेज शुरुआत दिलाई। दोनों ने शुरुआती चार ओवर में 33 रन जोड़े। मार्श 14 रन बनाकर आउट हुए, जबकि मार्करम ने 27 गेंदों पर छह चौके और दो छक्कों की मदद से 45 रनों की आकर्षक पारी खेली। मध्यक्रम में आयुष बदोनी (12), निकोलस पूरन (1) और अब्दुल समद (16) जल्दी आउट हो गए, लेकिन

दूसरे छोर पर पंत डटे रहे। उन्होंने 50 गेंदों में 9 चौकों की मदद से नाबाद 68 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। हैदराबाद की ओर से हर्ष दुबे ने दो विकेट लिए, जबकि ईशान मलिंगा और शिवांग कुमार को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले सनराइजर्स की शुरुआत खराब रही, लेकिन हेनरिच क्लासेन और नीतीश रेड्डी ने पांचवें विकेट के लिए 116 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी कर टीम को संभाला। क्लासेन ने 41 गेंदों पर 62 रन (5 चौके, 2 छक्के) बनाए, जबकि नीतीश रेड्डी ने 33 गेंदों पर 56 रन (3 चौके, 5 छक्के) की तेज पारी खेली। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। लखनऊ की ओर से मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव और आवेश खान ने दो-दो विकेट लिए, जबकि दिग्वेश राठी और मणिरमन सिद्धार्थ को एक-एक सफलता मिली।

भारतीय समाज अपनी परंपरा व संस्कृति का सम्मान करना जानता है : मुख्यमंत्री

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि भारतीय समाज अपनी परंपरा, अपनी संस्कृति और अपनी विरासत को सम्मान देना जानता है।

योगी आदित्यनाथ ने यहां भारतेंदु नाट्य अकादमी (बीएनए) की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह की शुरुआत की जो 12 अप्रैल तक जारी रहेगा।

इस मौके पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा, आज रंगमंच अच्छा प्रस्तुत करने का प्रयास कर रहा है तो समाज भी उस अच्छाई को उसी रूप में स्वीकार कर रहा है।

योगी ने कहा कि समाज में अच्छाई को देखना है तो हमें यह भी देखना होगा कि अब तक दुनिया का सबसे लोकप्रिय धारावाहिक रामायण रहा है। यह भारतीय समाज है, जो अपनी परंपरा, अपनी संस्कृति और अपनी विरासत को सम्मान देना जानता है।

उन्होंने प. बंगाल के अकाल पर आधारित बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय कृत आनंद मठ से प्रेरित एक नाट्य प्रस्तुति देखने के बाद उसकी सराहना की और कहा कि वंदे मातरम् की प्रस्तुति हर जिले में आयोजित की जानी चाहिए। यह प्रस्तुति 15 मिनट की नहीं, बल्कि दो घंटे की होनी चाहिए। उन्होंने कहा, मंचन के दौरान लोगों को उस त्रासदी का एहसास कराना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा, हम अपने नागरिकों को सम्मान देने में परहेज करते हैं। पहले गुंडों और खलनायकों को नायक के रूप में प्रस्तुत किया जाता था। समाज के खलनायकों को प्रस्तुत करने का परिणाम यह हुआ कि समाज में उसी प्रकार के चरित्र सामने आए। अकादमी की 50 वर्ष की यात्रा पर बधाई देते हुए योगी ने कहा, हम बचपन से सुनते आए हैं कि रंगमंच समाज का दर्पण होता है और वही समाज की दिशा तय करता है। उन्होंने कहा, रंगमंच वह स्थान है, जहां भावनाएं शब्द बनती हैं, शब्द अभिनय में बदलते हैं और वही अभिनय जनचेतना बनकर समाज को नयी दिशा देता है, जैसा कि आनंद मठ के वंदे मातरम गीत के माध्यम से देखा जा सकता है।



सीएम के हाथों इन्हें मिला सम्मान

कार्यक्रम के दौरान सीएम ने किरण बिसारिया, लखीमपुर खीरी, पद्मश्री रामगोपाल बजाज, नई दिल्ली, पद्मश्री डॉ. अनिल रस्तोगी, लखनऊ, प्रो. अजय मलकानी, रांची, रविशंकर खरे, गोरखपुर, चित्रा मोहन, प्रयागराज, मंजू ब्रजनंदन शर्मा सहारनपुर, मुनीश सप्पल मुंबई, डॉ. देवेंद्र कुमार त्रिपाठी प्रयागराज, डॉ. अजीत सैगल, वाराणसी, राकेश निगम, लखनऊ, प्रमोद सिंह राणा, आगरा, आलोक पांडेय, शाहजहांपुर, कुशल दुबे, जौनपुर, राकेश पांडेय, भदोही को सम्मानित किया।

अमेरिकी पायलट बचाव अभियान विफल : ईरान

एजेंसी, तेहरान।

ईरान की धरती से अमेरिकी पायलट को सुरक्षित निकाले जाने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों पर ईरान ने कहा है कि पायलट बचाव अभियान के दौरान कई अमेरिकी विमानों को नष्ट कर दिया गया।

ईरान इंटरनेशनल ने ईरानी सैन्य एवं सुरक्षा एजेंसियों का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में कहा कि दक्षिणी इस्फ़हान प्रांत में फंसे अपने एक पायलट को बचाने के लिए किए गए अमेरिकी अभियान के दौरान दुश्मन के कई विमान नष्ट कर दिए गए।

ईरान की समाचार एजेंसी तसनीम के अनुसार खातम अल-अनबिया केंद्रीय मुख्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि जिन विमानों को निशाना बनाया गया, उनमें एक अमेरिकी सी-130 सैन्य परिवहन विमान और दो ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर शामिल थे।

तसनीम ने रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के हवाले से यह भी कहा कि गार्ड्स, जमीनी बलों, पुलिस और अन्य इकाइयों के संयुक्त अभियान में दुश्मन के विमान नष्ट कर दिए गए।

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने आज सुबह सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर बताया था कि एफ-15ई जेट के लापता पायलट को अमेरिका ने जटिल बचाव अभियान को अंजाम देते हुए ईरान की जमीन से सुरक्षित निकाल लिया। ट्रंप ने इसे अमेरिकी इतिहास के सबसे साहसी बचाव अभियान बताया।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ घंटों में अमेरिकी सेना ने इतिहास के सबसे साहसी बचाव अभियानों में से एक को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। हमारे अद्भुत क्रू मेम्बर अधिकारी, जो एक सम्मानित कर्नल हैं, अब पूरी तरह सुरक्षित हैं। ट्रंप ने लिखा कि अमेरिकी सेना ने उन्हें बचाने के लिए दुनिया के सबसे शक्तिशाली हथियारों से लैस दर्जनों विमान भेजे। अधिकारी घायल हैं, लेकिन पूरी तरह ठीक हो जाएंगे। यह साबित करता है कि हमने ईरानी आसमान पर पूर्ण वायु श्रेष्ठता और प्रभुत्व हासिल कर लिया है।

गौरतलब है कि अमेरिकी एयरफोर्स के एफ-15 ईगल जेट शुक्रवार को ईरान के दक्षिणी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ था, जिसमें दो क्रू मेंबर थे- एक पायलट और दूसरा वेपन सिस्टम्स ऑफिसर। दोनों ने समय रहते इजेक्ट कर एक-दूसरे से संपर्क बनाए रखा। पायलट को कुछ घंटों में बचा लिया गया, लेकिन दूसरे क्रू मेंबर को ढूंढ़ना चुनौतीपूर्ण था।

उत्तर प्रदेश में 7 से 9 अप्रैल तक बेमौसम तूफानी वर्षा का आयेगा एक और दौर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश में मौसम का लगातार उतार चढ़ाव जारी है। मार्च के दूसरे पखवारे से शुरु हुआ बदलाव तमाम तरह की परेशानियां लेकर आया है। तेज वर्षा और आंधी फसलों को बहुत नुकसान पहुंचा रहा है। जन जीवन भी प्रभावित हो रहा है।

चार व पांच अप्रैल को तूफानी तेज दिखाने के बाद मौसम छह अप्रैल को मौसम अपेक्षाकृत सामान्य रहेगा। लेकिन इसके बाद सात से नौ अप्रैल तक बारिश का एक और दौर शुरु होगा। इसके बाद 10 अप्रेल से मौसम विभाग ने प्रदेश में मौसम शुष्क होने का पूर्वानुमान लगाया है।

मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ (आईएमडी) के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 06 अप्रैल को मौसम के रुख में मामूली सुधार आएगा लेकिन यह क्षणिक रहेगा। क्योंकि 07 अप्रैल से अगले पश्चिमी विक्षोभ के प्रदेश के पश्चिमी भाग से आरम्भ करके मध्यवर्ती भाग तक पहुंच कर 08 अप्रैल को पूरे प्रदेश को प्रभावित करेगा। इसके बाद 09 अप्रैल से कमजोर पड़ने के दौरान तापमान में पुनः 3-5°C की प्रभावी गिरावट आयेगी। ऐसे में सात से नौ अप्रैल तक उत्तर प्रदेश में असमय बारिश, आंधी और गरज चमक के साथ बारिश की संभावना व्यक्त की जा रही है।

वैज्ञानिकों-शिक्षाविदों के लिए प्रशासनिक क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू, 'उन्नति' पोर्टल लॉन्च

एजेंसी, नई दिल्ली।

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने 'मिशन कर्मयोगी' के तहत वैज्ञानिकों और शिक्षाविदों के लिए प्रशासनिक क्षमता निर्माण पर आधारित पहला विशेष कार्यक्रम शुरू किया। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य अकादमिक और वैज्ञानिक नेतृत्व को प्रशासनिक कौशल और निर्णय क्षमता से सुसज्जित करना है।

केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय ने बताया कि यहां विज्ञान भवन में 'साधना सप्ताह' के विशेष सत्र में इस पहल की शुरुआत की गई। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि

वैज्ञानिकों और शिक्षाविदों के लिए अब तक संरचित प्रशासनिक प्रशिक्षण का अभाव रहा है, जिसे यह कार्यक्रम दूर करेगा।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को समय के साथ विकसित किया जाएगा और इसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी नई तकनीकों को शामिल किया जाएगा। साथ ही मानवीय निर्णय क्षमता को भी महत्व दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान 'उन्नति' पोर्टल का नया संस्करण और 'कर्मयोगी कर्तव्य कार्यक्रम' की रूपरेखा भी जारी की गई। साथ ही क्षमता निर्माण आयोग और आरआईएस के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर एसराधा चौहान सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

आकर्षण का केंद्र बनी विक्रमादित्य वैदिक घड़ी

वाराणस, समृद्धि न्यूज।

यूपी की धार्मिक नगरी वाराणसी स्थित श्री काशी विश्वनाथ धाम के मंदिर चौक पर विक्रमादित्य वैदिक घड़ी विधिवत स्थापित कर दी गई है। आकर्षण का नया केंद्र बनी यह लगभग दस फीट ऊंची और आयताकार घड़ी सनातन परंपराओं और हिंदू नववर्ष आधारित वैदिक कालगणना पद्धति पर आधारित है, जिसे श्रद्धालु पसंद करने के साथ सराह भी रहे हैं।

इस विशिष्ट घड़ी को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेंट किया था। 3 अप्रैल 2026 को वाराणसी में आयोजित 'सम्राट विक्रमादित्य' महानाट्य के मंचन से पूर्व यह भेंट दी गई, जिसके बाद अब

इसे धाम परिसर में स्थापित कर दिया गया है। रविवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डॉ. विश्वभूषण मिश्र ने बताया कि यह विशिष्ट घड़ी सूर्योदय से अगले सूर्योदय तक समय की गणना करती है, जिसमें कुल 30 मुहूर्त होते हैं। घड़ी न केवल सामान्य समय, बल्कि पंचांग, शुभ मुहूर्त, ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति, तापमान, आर्द्रता और हवा की गति जैसी जानकारियां भी प्रदर्शित करती है।

सरकार की अपील ऑनलाइन ही बुक करायें सिलेंडर

एजेंसी, नई दिल्ली।

ऑनलाइन बुकिंग के बढ़ने के बावजूद रसोई गैस वितरण एजेन्सियों के बाहर लंबी-लंबी लाइनों को देखते हुए सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे ऑनलाइन माध्यम से ही एलपीजी सिलेंडर बुक करायें और आवश्यक होने पर ही वितरकों के पास जायें।

पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर सरकार ने रविवार को एक बार फिर दोहराया कि होर्मुज़ जलडमरूमध्य के रास्ते ऊर्जा आपूर्ति के प्रभावित होने के घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय पूरे देश में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की सुचारु और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निरंतर आवश्यक कदम उठा रहा है और फिलहाल देश में इनका पर्याप्त भंडार है। मंत्रालय ने कहा है कि एलपीजी वितरकों के पास गैस समाप्त होने की कोई सूचना नहीं है और ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर बुकिंग बढ़कर 95 प्रतिशत हो गई है। शनिवार को 51 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी की गई। डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) आधारित एलपीजी डिलीवरी फरवरी में 53 प्रतिशत से बढ़कर शनिवार को 90 प्रतिशत हो गई है ताकि हेराफेरी को रोका जा सके। प्रवासी श्रमिकों और छात्रों को शनिवार को 5 किलोग्राम के 90,000 से अधिक सिलेंडर बेचे गए।

देश में पीएनजी विस्तार तेज़ी से बढ़ रहा है और मार्च से 3.6 लाख कनेक्शन को गैस आपूर्ति शुरू की गयी है और 3.9 लाख से अधिक नए पंजीकरण हुए हैं। पश्चिम एशिया में फंसे सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 24 घंटों में भारतीय ध्वज वाले जहाजों से जुड़ी कोई घटना रिपोर्ट नहीं हुई। सरकार ने कहा है कि वह पेट्रोल, डीज़ल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और घबराहट में खरीदारी तथा अनावश्यक बुकिंग से बचें।

जरूरत पड़ने पर ही जायें वितरक के पास

पहल — रक्षा आत्मनिर्भरता की ओर बड़ा कदम, मजबूत होगी वायुसेना

1,000 किलोग्राम वाले स्वदेशी हवाई बम विकसित करेगा भारत

एजेंसी, नई दिल्ली।

भारत ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की है। रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायुसेना के लिए 1,000 किलोग्राम वजन वाले स्वदेशी हवाई बमों के डिजाइन और विकास की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

यह परियोजना न केवल देश की सैन्य क्षमता को बढ़ाएगी, बल्कि विदेशी हथियारों पर निर्भरता कम करने की दिशा में भी अहम भूमिका निभाएगी।

सूत्रों के अनुसार, विकसित किए जाने वाले ये बम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचलित 'एमके-84' श्रेणी के बमों के समकक्ष होंगे। एमके-84 अपनी भारी विनाशक क्षमता के लिए जाना जाता है और इसे दुश्मन के मजबूत ठिकानों, बंकरों और सैन्य ढांचों को नष्ट करने के लिए उपयोग किया जाता है। भारत द्वारा इस स्तर के बमों का स्वदेशी विकास एक रणनीतिक उपलब्धि मानी जा रही है।

वर्तमान में भारतीय वायुसेना इस श्रेणी के बमों को विदेशी आपूर्तिकर्ताओं से खरीदती है, जिससे न केवल लागत बढ़ती है बल्कि आपूर्ति पर बाहरी निर्भरता भी बनी रहती है। इस परियोजना की सबसे बड़ी विशेषता इसकी बहुमुखी उपयोगिता है। रक्षा अधिकारियों के अनुसार, इन 1,000 किलोग्राम के बमों को इस तरह डिजाइन किया जाएगा कि वे भारतीय वायुसेना के बेड़े में शामिल रूसी और पश्चिमी दोनों मूल के लड़ाकू विमानों के साथ संगत हों। इसका अर्थ है कि चाहे विमान सुखोई, मिग जैसे रूसी प्लेटफॉर्म हों या राफेल और अन्य पश्चिमी विमान सभी पर इन बमों का उपयोग संभव होगा। यह लचीलापन युद्ध के समय संचालन को अधिक प्रभावी और तेज बनाता है, क्योंकि अलग-अलग हथियार प्रणालियों की आवश्यकता कम हो जाती है। यह परियोजना 'मेक-टू' श्रेणी के अंतर्गत संचालित की जाएगी, जिसमें उद्योग (खासकर निजी कंपनियां) विकास लागत का वहन करते हैं। इसके बाद जब उत्पाद तैयार हो जाता है, तो सरकार 'बाय (इंडियन-आईडीडीएम)' श्रेणी के तहत उसकी खरीद करती है। 'आईडीडीएम' का उद्देश्य पूरी तरह स्वदेशी डिजाइन और निर्माण को बढ़ावा देना है। यह मॉडल न केवल घरेलू उद्योग को प्रोत्साहित करता है, बल्कि तकनीकी आत्मनिर्भरता को भी मजबूत बनाता है। रक्षा मंत्रालय की योजना के अनुसार, इस परियोजना के तहत कुल 600 उच्च क्षमता वाले हवाई बमों की खरीद की जाएगी। ये 'हाई-कैलिबर म्यूनिशन' होंगे, जो दुश्मन के महत्वपूर्ण ठिकानों पर सटीक और शक्तिशाली हमले करने में सक्षम होंगे।

गांवों में विकास के नाम पर खेल, लोगों ने डीएम से की जांच कराने की मांग

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

गोन्डा जनपद में अधिकारियों की अनदेखी के कारण शहर से लेकर गांवों के विकास में मानकों को ताख पर रखकर कार्य कराने की प्रथा सी बन गई है जो विकास कार्य के लिए कैंसर साबित हो रहा है।

हाल ही में ब्लाक झंझरी के ग्राम पंचायत पूरे खेमकरन के रहने वाले ने डीएम को शिकायती पत्र देकर ग्राम में चल रहे रोड खड़ंजे के निर्माण पर अनियमितता का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है।

ग्राम निवासी शिकायतकर्ता के द्वारा शपथ पत्र लगाकर प्रार्थना पत्र में कहा है कि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के द्वारा मानकविहीन कार्य करवाकर लाखों का खेला करने के फिराक में है। आरोप है कि ग्राम प्रधान द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए जबरन दबंगई व मनमानी पूर्वक चौदहवां व 15वें वित्त तथा मनरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021से 2026 तक जितने भी कार्य कराये गये हैं वह केवल पेमेन्ट वाउचर डिटेल में दर्ज हैं लेकिन मौके पर जो कार्य हुआ हैं वह सरकारी मानक के विपरीत गुणवत्ता विहीन कराया गया हैं तथा एक की कार्य का डबल भुगतान करा लिया गया हैं। ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम सभा में आज तक कोई खुली बैठक नहीं की गई हैं और नही ग्राम पंचायत के किसी सदस्य की सहमति ली गई हैं यदि ग्राम सभा में किसी कार्य के लिये प्रस्ताव होता हैं तो सभी प्रस्ताव पर ग्राम प्रधान द्वारा फर्जी हस्ताक्षर स्वयं बना दिया जाता हैं ग्राम पंचायत का सचिवालय हर समय बन्द रहता हैं क्योंकि सचिवालय की देखरेख केवल दस्तावेज में ही हो रही हैं सचिवालय के लिये जो पंचायत सहायक की नियुक्ति हुई हैं वह भी ग्राम प्रधान द्वारा गलत तरीके से अपने सगे चाचा की लड़की को कर दिया गया हैं।जो सरकारी मानक के विरुद्ध व पूर्णतया गलत हैं।

शौचालय के लिये केयर टेकर व पानी टंकी के नलकूप ऑपरेटर की नियुक्ति भी अपने सगे रिश्तेदार को कर दिया है, शौचालय के केयरटेकर की जो नियुक्ति की गई हैं वह न तो आज तक कभी शौचालय की देखरेख करने गयी हैं और नही कभी शौचालय का ताला खुलता हैं और लगातार हर महीने मानदेय भुगतान कराया जा रहा हैं ग्राम प्रधान ने वित्तीय वर्ष 2021से 2026 तक खुलकर भ्रष्टाचार किया जा रहा हैं। जिसकी स्थलीय निरीक्षण व दस्तावेजी जांच किसी सक्षम मजिस्ट्रेट या जनपद के किसी उच्च स्तरीय अधिकारी द्वारा कराने हेतु मांग की गई है।

मैजिशियन मिस्टर इंडिया को मिला जीनियस वर्ड रिकॉर्ड सम्मान

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

आगरा। शहर में आयोजित महान जादूगर ओपी शर्मा स्मृति सम्मान समारोह के दौरान जादूगर जूनियर ओपी शर्मा के संरक्षण में जादू की दुनिया का एक अनोखा और ऐतिहासिक नज़ारा देखने को मिला। 1 अप्रैल 2026 को संजय प्लेस स्थित यूथ हॉस्टल में आयोजित पर्यावरण संरक्षण के तहत जन जागरूकता इस कार्यक्रम में 100 से अधिक जादूगरों ने मिलकर एक ही गमले में जादुई अंदाज़ में पौधा उगाकर विश्व रिकॉर्ड बना दिया।

इस अद्भुत उपलब्धि के दौरान जनपद गोण्डा के अन्तर्राष्ट्रीय जादूगर मिस्टर इंडिया का नाम जीनियस वर्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया, जिसने उपस्थित दर्शकों और जादू प्रेमियों को आश्चर्यचकित कर दिया। देश के विभिन्न हिस्सों से आए जादूगरों ने अपनी कला और सामूहिक प्रदर्शन से इस रिकॉर्ड को सफल बनाया।

इस खास मौके पर इंटरनेशनल मैजिशियन मिस्टर इंडिया गोंडा को भी सम्मानित किया गया। उन्हें इस रिकॉर्ड प्रयास में सक्रिय भागीदारी, समर्पण और योगदान के लिए सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के आयोजन जादूगर अखिलेश जायसवाल ने बताया कि यह आयोजन महान जादूगर ओ.पी. शर्मा की स्मृति को समर्पित था। इस पहल ने उनकी विरासत को सम्मान देने के साथ-साथ जादू कला को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संदेश भी दिया।

छुट्टा जानवर बने काल, चार दिन में तीन लोग गवा चुके हैं अपनी जान

झंझरी /गोंडा, समृद्धि न्यूज।

जिले में छोड़े गए छुट्टा जानवर इंसानों के लिए काल बनते जा रहे है। आए दिन कही न कही सड़क पर टकरा कर लोग अपनी जान गवा रहे है। कहीं कहीं पर तो ये छुट्टा जानवर लोगों पर हमला कर के उनकी जान ले लेते है। पिछ्ले चार दिनों में तीन लोगों की मौत इन्हीं के वजह से हो गई।

बीते 31 मार्च को कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के बेलसर मार्ग स्थित पहाड़वा चौराहा लैवा टेपरा के पास सोमवार की सुबह बेलसर की तरफ जा रहे तिलक राम पुत्र नंद राम की बाइक के सामने अचानक साड़ के आ जाने से टक्कर हो गई जिस में बाइक अनियंत्रित हो कर सड़क पर गिर गई। जिस से उस की मौत हो गई। मृतक तिलक राम टाइल्स लगाने का मिस्त्री था। टाइल्स लगाने के लिए ही जा रहा था। बीते एक अप्रैल को करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर में घर के बाहर खेल रहे 10 वर्षीय बालक पर छुट्टा सांड ने हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल बालक को सीएचसी करनैलगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया था।

कर्नल गंज कोतवाली क्षेत्र के गांव कुतुबपुर निवासी कृपाराम का पुत्र 10, वर्षीय अमन यादव शाम करीब 4 बजे घर के पास अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। तभी घूम रहे सांड ने अचानक उस पर हमला कर दिया और उसे पटक-पटक कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह सांड को खदेड़ा कर घायल अवस्था में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। चिकित्सकों ने देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। बीते 3 अप्रैल को।

वजीर गंज थाना क्षेत्र के टिकरी गांव के निवासी यश कुमार यादव बाइक से जा वजीर गंज आ रहे थे।टिकरी मार्ग स्थित माधव पुर के पास उस की बाइक एक साड़ से टकरा गई। इलाज किए वजीर गंज स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया।

चिकित्सक ने देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। सी ओ आनंद राय ने बताया कि सड़क पर घूम रहे छुट्टा जानवरों को पकड़वाने के लिए उच्च अधिकारियों को लिखा गया है। शीघ्र ही अभियान चला कर उनको पकड़वा के गौशाला में भेजा जाएगा।

खबरें एक नजर में

परिवार परामर्श केन्द्र में एक जोड़ा एक साथ रहने को हुआ राजी

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। रविवार जनपद गोण्डा के रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के निर्देशन में परामर्शदाताओं द्वारा बिछड़े जोड़ों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया तथा 01 जोड़े को समझा बुझाकर सुखी जीवन जीने हेतु राजी कर लिया गया। इस अवसर पर यशोदानंदन त्रिपाठी, शशि कुमार भारती, गंगाधर शुक्ल, राम मंगल कन्नौजिया, अनीता यादव प्रभारी निरीक्षक महिला थाना, उ0नि0 बृजेश कुमार चौबे, मु0आ0 सुभाष सिंह चौहान, म0आ0 शाहिना बानो, म0आ0 नितांशी शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

अधिवक्ता सहित दो लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत

गोंडा, समृद्धि न्यूज। जिले में अलग अलग थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक अधिवक्ता सहित दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। नगर कोतवाली क्षेत्र के रानी पुरवा ग्राम के निवासी 27 वर्षीय प्रतीक कुमार पुत्र अमृत लाल बाइक से खोरहंसा जा रहा था। अयोध्या मार्ग स्थित पराग डेरी के पास शनिवार की सुबह 9 बजे अयोध्या की तरफ से आ रही एक प्राइवेट बस के चपेट में आ गया। इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले गए। चिकित्सक ने देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। मौत की खबर परिजनों को मिलते ही कोहराम मच गया। घर वालो को रो रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। धाने पुर थाना क्षेत्र के बुद्धा सागर गांव के निवासी 28 वर्षीय रवि सोनकर पुत्र जगदीश सोनकर शुक्रवार की देर शाम को धाने पुर बाजार बाइक से घर का सामान खरीदने आया था।सामान खरीद कर वापस घर जा रहा था। मुजेहना ब्लाक के पास सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली के चपेट में आकर बुरी तरह से घायल हो गया।इलाज के लिए मुजेहना सी एच सी पर लेकर गए। चिकित्सक ने देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को अपने कब्जे में ले लिया है। शव का पंचायत नामा भर के पोस्मार्टम को भेजा है।

असलहे के साथ एक गिरफ्तार

विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में विशेश्वरगंज पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नाजायज असलहा बरामद किया है। पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देश पर अपराध नियंत्रण को लेकर सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी पयागपुर के पर्यवेक्षण तथा थानाअध्यक्ष संदीप कुमार द्विवेदी के कुशल नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त सोनू सद्दार उर्फ जगजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस टीम ने अभियुक्त के कब्जे से एक अदद पिस्टल 7.635 बोर, दो अदद खोखा कारतूस व एक अदद जिंदा कारतूस 7.65 बोर बरामद किया। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 86/2026 धारा 109/352/351(3) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। थानाध्यक्ष संदीप कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक नर्सिंह, उपनिरीक्षक ओंकार यादव, हेड कांस्टेबल साहब यादव व की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर अभियुक्त को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय भेजकर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

बहन की शादी का कार्ड बांट रहे युवक पर हमला

- बाइक सवार युवकों ने हमला कर किया घायल, 33 हजार रुपए लेकर फरार

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के दरगाह थाना क्षेत्र में बहन की शादी का कार्ड बांटने जा रहे एक युवक पर दो बाइक सवारों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने युवक से 33 हजार रुपये नकद छीन लिए और फरार हो गए। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यह घटना रेलवे स्टेशन के पास हुई। धनकुट्टीपुरा मोहल्ले का निवासी अब्दुल रेहान अपनी बहन की शादी के कार्ड बांटने के लिए बाइक से जा रहा था। तभी एक अन्य बाइक पर सवार दो युवकों ने अचानक उसकी बाइक के सामने अपनी गाड़ी लगा दी। अब्दुल रेहान ने जब इसका विरोध किया, तो दोनों हमलावरों ने उस पर हमला कर दिया। इस हमले में अब्दुल रेहान के सिर में गंभीर चोट आई। हमलावर उसके पास रखे 33 हजार रुपये लेकर मौके से फरार हो गए। घायल अब्दुल रेहान ने बताया कि मारपीट करने वाले दोनों युवक नशे में लग रहे थे। उसने यह भी कहा कि वह उन हमलावरों को नहीं जानता है। पीड़ित ने इस घटना की जानकारी स्थानीय दरगाह थाने में दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एडवोकेट गंगा प्रसाद मिश्र की पुण्यतिथि पर श्रीराम कथा का भव्य आयोजन

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

स्मृतिशेष गंगा प्रसाद मिश्र एडवोकेट की प्रथम पुण्यतिथि के पावन अवसर पर आर्य नगर, गोंडा में चार दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस आध्यात्मिक आयोजन में हजारों की संख्या में राम भक्तों ने सहभागिता कर परम पूज्य स्वामी प्रणव पुरी जी के मुखारविंद से रामचरितमानस के विविध प्रसंगों का श्रद्धापूर्वक श्रवण किया। संपूर्ण वातावरण भक्ति, श्रद्धा एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा।

कार्यक्रम के आयोजक अयोध्या प्रसाद मिश्रा जी ने कथा में पधारे सभी सम्मानित अतिथियों, वरिष्ठ जनों एवं श्रद्धालुओं का हृदय से आभार एवं साधुवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आप सभी के सहयोग एवं आशीर्वाद से यह आयोजन सफल एवं स्मरणीय बन सका। कथा में प्रतिदिन उपस्थित रहने वाले प्रमुख अतिथियों में विनोद कुमार शुक्ला (पूर्व प्रत्याशी, कैसरगंज लोकसभा भगत राम मिश्रा पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह, विधायक प्रेम नारायण पांडे, कटरा विधायक बावन सिंह, निखिल मिश्रा , अखिल मिश्रा डॉ ओपी मिश्रा भाजपा जिला अध्यक्ष इकबाल बहादुर तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण तिवारी, सांसद प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्य सुनील सिंह, रिंकू तिवारी, चेयरमैन राजीव रस्तोगी, चेयरमैन पयागपुर बालेन्द्र श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त भूपेंद्र सिंह, मनोज शुक्ला, श्रवण कुमार शुक्ला, भवानीभीख शुक्ला, वतन सिंह, सच्चिदानंद पाठक, राजू ओझा, महेश तिवारी, मसूद आलम, बैजनाथ दुबे, विवेक पांडे, ए.पी. मिश्रा वरिष्ठ अधिवक्ता, लखनऊ हाई कोर्ट, के.के. तिवारी (पूर्व इनकम टैक्स कमिश्नर, मुंबई, एस.के. मिश्रा, भूपेंद्र शुक्ला जीएसटी कमिश्नर, ऋषि पाठक, पी.एन. पांडे, नवनीत मिश्रा, विजय मिश्रा, एसडीआर पांडे, अनिल पांडे, के.के. शुक्ला पूर्व अपर जिला जज, कृष्ण मोहन शुक्ला एवं अनमोल पांडे सहित सैकड़ों ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान एवं क्षेत्र की सम्मानित जनता ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इस अवसर पर विदेश से पधारे अतिथियों में न्यूजीलैंड से जितेंद्र तिवारी पूर्व अध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी संघ इफको नई दिल्ली तथा सिंगापुर से श्री आशीष शुक्ला शर्मा सॉफ्टवेयर इंजीनियर की उपस्थिति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। साथ ही फूलपुर इफको से मनोज त्रिपाठी, एम.पी. शर्मा, आर.के. पाठक एवं संजय पांडे को भी विशेष रूप से आभार एवं साधुवाद ज्ञापित किया गया। अंत में आयोजक द्वारा समस्त श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं उपस्थित जनसमूह का धन्यवाद करते हुए इस दिव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए कृतज्ञता व्यक्त की गई।

श्याम प्रभु संकीर्तन में झूमे भक्त

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

शहर के गोनार्द बाई मेल्टिंग मोमेंट्स द्वारा आयोजित श्री श्याम प्रभु संकीर्तन का आयोजन गोनार्द लांन में आयोजित किया गया। जिसमें भजन गायक इंदौर से सावन नागदा और स्थानीय भजन गायिका बंकू सिस्टर्स बाबा श्याम का गुणगान किया।

स्थानीय सुप्रसिद्ध भजन गायिका बंकू सिस्टर्स जोड़ी ने भजनों की धमाल किया। भजनों पर श्रद्धालु खूब झूमे। कार्यक्रम में म्यूजिक में अंकित शर्मा मैजिशियन ग्रुप रहा। कीर्तन के प्रांगण में बाबा खाटू श्याम की ज्योति पर श्याम मंदिर के प्रबंधक गोविंद जालूका मौजूद रहे।

भर्जन कीर्तन के दौरान राजू सिंधी, दिनेश सिंधी, ओमी सिंधी, रॉबिन सिंधी, रिशु सिंधी, चंदन रस्तोगी, संदीप मेहरोत्रा, प्रेम गोयल, सुरेश भाव सिंहका, अंकित लवी, रेनू सिंधी, साक्षी सिंधी, पूजा सिंधी, रूमा सिंधी, रजनी सिंधी, तारा सिंधी, प्रांशी रस्तोगी, रूपिका लोहिया, गरिमा मेहरोत्रा, स्नेहा अग्रवाल, छवि सिंघल, पूजा आर्या सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

समाजसेवी प्रभात सिंह पंचतत्व में विलीन

कैसरगंज-बहराइच, समृद्धि न्यूज।

- हजारों लोगों ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई
- क्षेत्र में शोक की लहर, हर आंख हुई नम

कैसरगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत लदौर निवासी समाजसेवी प्रभात सिंह का लंबी बीमारी के बाद उपचार के दौरान जमशेदपुर में निधन हो गया। उनके असामयिक निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि प्रभात सिंह पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय हुकुम सिंह के परिवार से संबंधित थे। वे समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय रहते थे और क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखते थे। उनके निधन के बाद जब पार्थिव शरीर गांव पहुंचा तो अंतिम दर्शन के लिए लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। उनके दो छोटे बेटे हैं, जिनकी आंखों में आंसू देख उपस्थित लोग भी भावुक हो उठे। अंतिम संस्कार के दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर सपा विधायक आनंद यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह, ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह बिसेन, प्रमोद, सपा नेता अनिल, विवेक, युवा समाजसेवी मुहीब, बब्बू, कौशलेंद्र, हीरालाल, कौशलेंद्र, मोनू, डॉ. गौसुल, पूर्व प्रधान मो. शरीफ, अब्दुल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

भाजपा का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

- जिले के विभिन्न मण्डलों में आयोजित हुआ प्रशिक्षण अभियान

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हो गया। पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का सफल समापन हुआ।

जिले के विभिन्न मण्डलों नगर प्रथम, नगर द्वितीय, रामगांव, नवाबगंज, कैसरगंज, गंडारा, गिरधरपुर, महसी, गोकुलपुर में कार्यकर्त्ताओ ने सीखा। सांगठनिक कौशल पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का दो दिवसीय प्रशिक्षण 4 अप्रैल व 5 अप्रैल को संपन्न हुआ। 4 अप्रैल को कार्यक्रम की शुरुआत पंजीकरण और वर्ग गीत के साथ शुरु हुआ। प्रथम दिवस का प्रशिक्षण तीन सत्र में चला वक्ता के रूप में जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, जिला महामंत्री रणविजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह उपस्थित होकर दीप प्रज्वलित करके सत्र को प्रारम्भ किया। अपने उद्भोदन में कार्यकर्ताओं को पार्टी विचारधारा इतिहास संगठन विस्तार बूथ प्रबंधन सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गयी है। बताया की प्रशिक्षण तरासाने की प्रक्रिया है जो सीखता है वो आगे बढ़ता है जो सीखना बंद कर देता है वो आगे बढ़ना भी बंद कर देता है बताया की व्यक्ति निर्माण से ही संगठन निर्माण होता है।

पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान को संगठन सशक्तिकरण का ऐतहासिक कदम बताते हुए कहा की यह अभियान कार्यकर्त्ताओं को विचार व्यवहार और नेतृत्व तीनो स्तरो पर समृद्ध करेगा। कहा की पंडित दीन दयाल उपाध्याय का अत्योदय और एकात्म मानववाद का दर्शन ही भाजपा की कार्य संस्कृति की आधारशिला है। प्रथम दिवस के सत्र समाप्ति के बाद पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता रात का भोजन करके वही रात्रि में विश्राम किया तथा 5 अप्रैल को सुबह उठकर योगा करके नृत्य क्रिया करने के पश्चात पुनः सत्र प्रारम्भ हुआ। दूसरे दिन 4 सत्र चला जिसके वक्ता के रूप में श्री नाथ शुक्ला, जवाहर लाल धीवर, राम किशोर गुप्ता, मनीष आर्या उपस्थित होकर दीन दयाल उपाध्याय के अत्योदय के सिद्धांतो को अपनाने पर जोर दिया। कार्यकर्ताओं को बूथ प्रबंधन सरकार की उपलब्धियों को सोशल मीडिया और आर्टिफिसियल-द्ध के प्रभावी उपयोग के बारे में शिक्षित किया। जमीनी स्तर पर सेवा भाव को नई ऊर्जा देना और यक्तित्व विकास पर ध्यान केंद्रित किया। पंडित दीन दयाल के नाम पर कई सारी योजनाएं चलाई जा रही है। समापन के बाद सभी कार्यकर्ताओं को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया तथा प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

पुरखों की विरासत को सहेजने का आह्वान

- धूमधाम से पूजे गए महर्षि कश्यप व महाराजा गुहराज निषाद

जरवलरोड-बहराइच समृद्धि न्यूज।

जरवल के धनराजपुर गांव में महर्षि कश्यप और महाराजा गुहराज निषाद की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। रामगोपाल कश्यप के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा महर्षि कश्यप व गुहराज निषाद के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ता मनीष कश्यप और अमरनाथ निषाद ने कहा कि महर्षि कश्यप हमारे अस्तित्व के मूल हैं। उनके द्वारा दिखाया गया सत्य, तप और ज्ञान का मार्ग आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि महर्षि का जीवन हमें सिखाता है कि कठिन पुरुषार्थ और अटूट ज्ञान के बल पर असंभव कार्य को भी संभव बनाया जा सकता है। महापुरुषों के बताए रास्तों पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। जयंती समारोह के दौरान समाज के उत्थान और एकजुटता पर भी चर्चा की गई और समाज सेवा करने वाले वरिष्ठजनों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से एडवोकेट दीपेंद्र निषाद, हरिओम निषाद, समाजसेवी महेश चन्द्र पूर्व प्रधान कल्लू निषाद, मंगल प्रधान, गोपाल सिंह, मिथलेश निषाद, सत्येंद्र मोहन श्रीवास्तव, पवन निषाद, हरिनाम शर्मा, दीपक कश्यप, अवधेश कश्यप, गंगाराम, सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजक रामगोपाल कश्यप ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

सेवा भारती की जिला कार्यकारिणी का गठन

बहराइच समृद्धि न्यूज।

- अंबेडकर जयंती पर स्वास्थ्य शिविर लगाने का निर्णय

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय में रविवार को संघ के अनुषांगिक संगठन सेवा भारती जनपद बहराइच की जिला कार्यकारिणी के पुनर्गठन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में सेवा कार्यों को गति देने के लिए नई टीम की घोषणा की गई।बैठक में प्रमुख पदाधिकारियों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ जिसमें सह विभाग संघचालक कृष्णा नन्द, विभागाध्यक्ष इन्द्र बहादुर सिंह, विभाग महामंत्री अखिलेश, जिला प्रचारक अजय, जिला कार्यवाह भूपेंद्र, जिला सेवा प्रमुख रमेश की उपस्थिति रही । वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सेवा भारती के ध्येय सेवा परमो धर्मः पर प्रकाश डालते हुए नई कार्यकारिणी को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की सहायता के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया। घोषित की गई नवीन गठित कार्यकारिणी में दिवाकर मिश्रा को जिला अध्यक्ष और नवनीत सिंह व डॉ. अनीशा साही को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अन्य महत्वपूर्ण पदों पर कोषाध्यक्ष कृपा राम वर्मा, महामंत्री सर्वेन्द्र विक्रम सिंह, मंत्री मानस पाण्डेय, अनिल साहू एवं यज्ञ प्रसाद शुक्ला, शिक्षा आयाम विजय गुप्ता, स्वास्थ्य आयाम डॉ. दिलीप शुक्ला, प्रचार प्रमुख पद पर सोम नाथ तिवारी का मनोनयन हुआ। कार्यकारिणी गठन के पश्चात आगामी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के पावन अवसर पर व्यापक स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में इस शिविर की रूपरेखा और प्रबंधन को लेकर गहन विचार-मंथन हुआ, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं सहायता उपलब्ध कराई जा सके। अंत में, सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने सेवा कार्यों को पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

आंधी-पानी ने उजागर की जर्जर विद्युत व्यवस्था, दर्जनों गांव अंधेरे में डूबे

महुआ बाजार (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

शनिवार रात आई तेज आंधी और बारिश ने क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। गैंडास बुजुर्ग, मिश्रौलिया और महुआ फीडर से जुड़े दर्जनों गांव पिपरा राम हसीनपारा, चिरकुटिहा, महुआ धनी, तिलखी, बढ़या पुरैना बुलंद, बड़ाहरी, परसौना बढ़या भैंसाही, आदि में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई, जिससे पूरा इलाका अंधेरे में डूब गया और रविवार तक भी कई स्थानों पर हालात सामान्य नहीं हो सके।

ग्रामीणों का कहना है कि इन क्षेत्रों में आजादी के बाद से अब तक बिजली आपूर्ति पुराने और जर्जर तारों के सहारे ही की जा रही है। हल्की सी आंधी या तेज हवा चलने पर ही तार टूट जाते हैं और ट्रांसफार्मर फेल हो जाते हैं, जिससे पूरी व्यवस्था चरमरा जाती है। वही जर्जर तारों से खतरा आग लगने का भी बना रहता है। तार टूट कर गिरने से गेहूं की खड़ी फसल में आग लगने का भय बना रहता है। पिछले वर्ष टूट कर गिरे तार से निकली चिंगारी ने गन्ने की फसल को नुकसान पहुंचाया था। ग्रामीण राजेश कन्नौजिया ने बताया कि हर बार आंधी और बारिश के बाद बिजली कई दिनों तक नहीं आती, जिससे दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। कामेश मिश्रा के अनुसार रात में अंधेरा होने से बच्चों और बुजुर्गों को भारी परेशानी होती है। राकेश प्रधान ने कहा कि शिकायतों के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है। कृष्ण कुमार का कहना है कि किसानों के लिए यह समस्या और भी गंभीर है, क्योंकि उनकी सिंचाई पूरी तरह बिजली पर निर्भर है। राम समझना ने सुरक्षा को लेकर चिंता जताई, वहीं कौशल कुमार, और राम मूरत ने जर्जर तारों को बदलने की मांग करते हुए विभाग की निष्क्रियता पर नाराजगी व्यक्त की। बिजली आपूर्ति बाधित होने का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ा है। खेतों में लगी फसलों की सिंचाई ठप हो गई है, जिससे सब्जियों की फसलें प्रभावित हो रही हैं। मजबूरी में किसानों को महंगे डीजल पंप का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे उनकी लागत बढ़ रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जर्जर विद्युत तारों को तत्काल बदला जाए, फीडरों की क्षमता बढ़ाई जाए और आंधी-पानी के दौरान त्वरित मरम्मत के लिए विशेष टीम तैनात की जाए।

आंधी-बारिश ने फसलों को पहुंचाया नुकसान, किसानों की बढ़ी चिंता

उतरौला। शनिवार रात तेज आंधी और बारिश ने उतरौला तहसील क्षेत्र में किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। अचानक बदले मौसम के कारण कई गांवों में कटाई के लिए तैयार खड़ी गेहूं की फसल जमीन पर गिर गई, जिससे किसानों को भारी नुकसान की आशंका है। ग्रामीणों के अनुसार, तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से खेतों में फसल बिछ गई और कई जगह पानी भर गया। इससे न केवल उत्पादन पर असर पड़ेगा, बल्कि कटाई कार्य भी प्रभावित होगा। यदि समय पर फसल नहीं उठाई गई तो सड़न और अंकुरण का खतरा बढ़ सकता है। मोहम्मद नजीर, एहसान उल्ला खां, पारस राम, सोमई, दिलीप कुमार, अब्दुल कादिर आदि किसानों का कहना है कि फसल तैयार होने के अंतिम समय में इस तरह की प्राकृतिक मार से उनकी आर्थिक स्थिति पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है। हालाकि प्रशासन द्वारा स्थिति पर नजर रखी जा रही है और जल्द ही नुकसान का आकलन किए जाने की संभावना है।

मनकापुर मार्ग पर दर्दनाक हादसे में ई-रिक्शा चालक का टूटा पैर

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज। नगर क्षेत्र के मनकापुर मार्ग स्थित मधपुर तिराहे के पास रविवार दोपहर लगभग 11:45 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें ई-रिक्शा चालक गंभीर

नकारात्मक नैरेटिव का मुंहतोड़ जवाब दें युवा कार्यकर्ता : योगी

▸ हताश विपक्ष के सोशल मीडिया पर हर वार का प्रतिवार करने के लिए रहें मुस्तैद

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के युवा कार्यकर्ताओं का आह्वान किया है कि लगातार सत्ता से दूर रहने से हताश और निराश हो चुके विपक्ष की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर चलाए जाने वाले नकारात्मक नैरेटिव का शब्दों की मर्यादा में रहकर मुंहतोड़ जवाब देने के लिए वे खुद को मुस्तैद रखें।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर विपक्ष की तरफसे मनगढ़ंत आरोपों का एक नया वार शुरू होगा, उस पर प्रतिवार और उसका प्रतिवाद करने के लिए भाजपा की बूथ स्तर की टीम खुद को मजबूत रखे।

भारत की युवा शक्ति सदैव सत्य और सनातन के साथ

सीएम योगी ने कहा कि निगेटिव नैरेटिव सेट करने की मंशा वाले लोगों के शासन में माफिया की गुंडागर्दी, फिरौती वसूली, बहन-बेटियों और व्यापारियों की असुरक्षा, पर्व-त्योहारों पर दंगे के चलते मातम जैसे माहौल के सभी दृश्य निकालने पड़ेंगे। पेपर की कटिंग्स निकालनी पड़ेगी। उस समय के दृष्टांत निकालने पड़ेंगे और शब्दों की मर्यादा में पूरी आक्रामकता के साथ जवाब देने के लिए अपने आप को तैयार करना होगा। हमें अपनी पॉजिटिव चीजों को आगे बढ़ाना है। अच्छे कंटेंट बनाकर हम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग कर सकते हैं। हर एक क्षेत्र में कुछ न कुछ नया हुआ है और उसको हम आगे बढ़ने का काम करेंगे। इससे स्वाभाविक रूप से हम डबल इंजन की सरकार के अभियान को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने का कार्य कर पाएंगे। भारत की युवा शक्ति सदैव सत्य और सनातन के साथ रही है।

सीएम योगी रविवार को भारतीय जनता पार्टी महानगर इकाई के मालवीय नगर मंडल की तरफ से आयोजित 'युवा संवाद' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सिंघड़िया स्थित एक मैरेज हाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि हमारे युवाओं को विकास भी करना है और विरासत का भी सम्मान करना है। देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए मुस्तैद जवानों को दुश्मन के मंसूबों का काम भी तमाम करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बूथ लेवल कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बनती है कि वे डबल इंजन सरकार के अच्छे कार्यों का प्रचार-प्रसार करते हुए अपने बूथ पर सजग और सतर्क रहें। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी सजग रहने की अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों ने यूपी के नौजवानों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था, वे हर दृष्टि से फेल होकर आज सोशल मीडिया का सहारा लेंगे। झूठे, मनगढ़ंत आरोप लगाकर तमाम प्रकार के निगेटिव नैरेटिव सेट करने का वे प्रयास करेंगे। इसका जवाब देने के लिए बूथ स्तर के कार्यकताओं को तैयार रहना होगा।

महापुरुषों का सम्मान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : केशव

▸ गाजियाबाद में महर्षि कश्यप जयंती महाकुंभ के आयोजन में उमड़ा जनसैलाब

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

गाजियाबाद के घंटाघर रामलीला मैदान में रविवार को महर्षि कश्यप जयंती के उपलक्ष्य में महाकुंभ का आयोजन किया गया। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप के आमंत्रण पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक ने सहभागिता की।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि वर्तमान सरकार ने हर महापुरुष के सम्मान और उनके विचारों के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ सांस्कृतिक विरासत को सशक्त करने का कार्य करते हैं।

पूर्ववर्ती सरकारों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि आज जिस स्तर पर महर्षि कश्यप जयंती महाकुंभ आयोजित हो रहा है, वह पहले संभव नहीं था।उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने तकनीकी माध्यम से मोबाइल फोन के जरिए जनसभा को संबोधित करते हुए महर्षि कश्यप के योगदान को नमन किया और कहा कि उनके आदर्श युगों-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करते रहेंगे। उन्होंने आयोजन की भव्यता के लिए मंत्री नरेंद्र कश्यप को धन्यवाद ज्ञापित किया।

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि यह आयोजन वर्षों पूर्व एक छोटे स्तर से प्रारंभ हुआ था, जो आज महाकुंभ का स्वरूप ग्रहण कर चुका है। दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, सहायक उपकरण एवं अन्य योजनाओं का लाभ वितरित किया गया। दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी ने लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया, जिसमें सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई।

खबरें एक नजर में

गुरु तेग बहादुर प्रकाश पर्व श्रद्धा से मनाया, निकली कीर्तन टोली

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी में गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व और वैसाखी का पावन पर्व श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब की ओर से भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जहां से नगर कीर्तन की टोली गुजरिया पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। नगर कीर्तन की शुरुआत गुरुद्वारा नाका हिंडोला से हुई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गुरुद्वारा यहियागंज पहुंचा। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने कीर्तन, अरदास और सेवा भाव के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में गुरुद्वारा कमेटी के सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी, डॉ. गुरमीत सिंह सहित शहर की प्रमुख सिख संस्थाओं के प्रतिनिधि और संग बड़ी संख्या में लोग शामिल हुई। नगर कीर्तन में पांच प्यारों के नेतृत्व में फूलों से सजी पालकी साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को शोभायमान किया गया, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर नगर कीर्तन का स्वागत किया। विशेष रूप से बाबा दीप सिंह जी फाउंडेशन द्वारा रकाबगंज क्षेत्र में भव्य पुष्प वर्षा की गई, जिससे माहौल और भी भक्तिमय हो उठा। इस दौरान गतका दलों ने अपने पारंपरिक युद्ध कौशल का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। कार्यक्रम के अंत में बाबा बुड्ढा साहिब जी द्वारा संगत के बीच मिस्सी रोटी और प्याज का विशेष प्रसाद वितरित किया गया।

ईदगाह में नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प का आयोजन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। मानवता की बुनियाद समाज सेवा के जज्बे से हमवार होती है। खुदा पाक के बन्दों की सेवा करना एक बहुत अच्छा कार्य है जो हर इन्सान को व्यक्तिगत एवं सामूहिक तौर पर समाज के लिए अंजाम देना चाहिए। यह कार्य न सिर्फमानवता की तामीर व तरक्की का कारण बल्कि इस नेक कार्य से व्यक्ति के व्यक्तित्व में भी निखार पैदा होता है। इन ख्यालात का इज्हार इमाम ईदगाह लखनऊ व काजी शहर मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया फरंगी महल ने किया। वह आज इस्लामिक सेन्टर आफइण्डिया, मैक्स हास्पिटल और काइंड हस्पिटल के सौजन्य से दारूल उलूम फरंगी महल ईदगाह लखनऊ में आयोजित मांसिक नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प से सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि जरूरत मन्दों और गरीबों की सहायता व सहयोग करना इस्लाम की शिक्षा व हिदायत पर अमल करना है। समाज सेवा जैसे नेक काम के नमूने हमको रसूले पाक सल्ल0 की सीरत और साहाबा रजि0 के हालात में बहुत मिलते हैं। मौलाना ने कहा कि इस्लामिक सेन्टर के अर्न्तगत इस नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प का आरम्भ मौलाना अबू तैय्यब अहमद मियॉ फरंगी महली की सरपरस्ती में सन् 2000 में हुआ था। आज 196वॉ कैम्प था। यह हर महीने की पहली इतवार को लगता है। इस कैम्प से बिना किसी धार्मिक भेद भाव के हजारों लोग लाभ उठा चुके हैं। यहॉ नि:शुल्क चश्मे दिये जाते हैं। ब्लड प्रेशर, शूगर, थाईराइड, स्त्री रोग इत्यादि की जॉच और नि:शुल्क दवायें दी जाती हैं। इस कैम्प में काइन्ड हास्पिटल्ल के डायरेक्टर और प्रख्यात चिकित्सक डा0 शारिक हबीब, मैक्स हास्पिटल की पूरी टीम, टेक्नेशियन उवैस अहमद, अम्बर ट्रस्ट के जुबैर अहमद किदवाई ने अपनी अपनी सेवाओं को अंजाम दिया। मेहमानों का स्वागत अदनान खॉ और मौलाना अब्दुल लतीफने किया और शुक्रिया मौलाना हारून निजामी ने अदा किया।

कैबिनेट सचिव से मिले इप्सेफ पदाधिकारी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। इप्सेफके राष्ट्रीय अध्यक्ष वी पी मिश्र के नेतृत्व में पदाधिकारी के साथ की डा टी वी सोमनाथम कैबिनेट सचिव भारत सरकार से उनके कक्ष में मिलकर उनका स्वागत किया तथा देशभर के कर्मचारियों कि लंबित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कैबिनेट सचिव ने कहा कि कर्मचारियों को वे अपने परिवार का सदस्य मानते हैं। इसलिए कर्मचारियों की पीड़ा को उसी रूप में समाधान निकलवाएंगे।राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्रा ने कैबिनेट सचिव के समक्ष कई का ज्ञापन दिया जिस पर उन्होंने सकारात्मक निर्णय करने का आश्वासन दिया। आठवीं वेतन आयोग के लिए भारत सरकार द्वारा जो बिंदु दिए हैं उनमें वेतनमान ,समस्त भत्ते ,पेंशन वेतन निर्धारण आदि बिंदुओं पर आयोग अपनी संस्तुतियां देगा। सरकार निर्णय करके जनवरी 2026 से लागू करेगी।सेवानिवृत्ति कर्मचारियों को भी पूर्व की भांति लाभ मिलेगा। इप्सेफकी इस मांग पर सहमति व्यक्त की कि रिक्त पदों पर पदोन्नतियां की जाए और सेवानिवृत्ति पदोन्नतियों से हुए रिक्त पदों पर अग्रिम रूप से नियुक्तियां हेतु सूची चयनित कर ली जाए जिससे पद खाली ना रहे। शिक्षकों हेतु सेवा काल में टी ई टी परीक्षा पास करने के अनिवार्यता में काम सेवा वाले शिक्षकों को छूट देने के संबंध में माननीय न्यायालय के निर्णय में पुनर्विचार हेतु आग्रह किया जाए। आउटसोर्स संविदा कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन ,भत्ते ,मृतक आश्रित की नियुक्तियां एवं विनियमितीकरण अन्य सुविधाएं देने के लिए एक नीति बनाने पर सार्थक निर्णय किया जाएगा। रिक्त पदों पर आउटसोर्स संविदा पर रखने के बजाय नियमित नियुक्तियों की जाएगी। सरकारी एवं ऑटोनॉमस कर्मचारियों में भेदभाव नहीं किया जाए। प्रतिनिधि मंडल में श्री बीपी मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष एस बी सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री प्रेमचंद महासचिव अतुल मिश्र उप महासचिव,शाह फैसल जम्मू कश्मीर सचिव, सुरेश कुमार रावत उपाध्यक्ष शामिल थे उन्होंने इसके लिए कैबिनेट सचिव का आभार व्यक्त किया।

49 ब्लड सेंटरों में मिली खामियां, संचालन पर रोक

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) उत्तर प्रदेश ने राज्य भर में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 49 ब्लड सेंटरों के संचालन पर तत्काल रोक लगा दी है। यह कार्रवाई विभिन्न जिलों में निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाए जाने के बाद की गई। 30 मार्च से चलाए जा रहे अभियान के तहत 43 जनपदों में संचालित कुल 201 ब्लड सेंटरों का औचक निरीक्षण किया गया। इनमें से 18 जिलों के 159 ब्लड सेंटरों की जांच पूरी की गई, जिसमें 49 केंद्रों में गंभीर खामियां पाई गईं। इसके बाद इन केंद्रों पर रक्त संग्रह और वितरण से संबंधित सभी गतिविधियों पर रोक लगा दी गई। जांच के दौरान कई केंद्रों पर अनिवार्य एलाइजा टेस्ट न किए जाने, ब्लड स्टोरेज के मानकों का पालन न करने, तकनीकी स्टाफ की कमी, उपकरणों के सही संचालन में लापरवाही और रिकॉर्ड में गड़बड़ी जैसी गंभीर खामियां सामने आईं। कुछ स्थानों पर बिना उचित परीक्षण के रक्त बैग रखे मिले, वहीं एंटीजनिक कंडीशन जैसी गंभीर लापरवाही भी पाई गई। जिला स्तर पर देखें तो सबसे ज्यादा कार्रवाई लखनऊ में हुई, जहां 7 ब्लड सेंटरों पर रोक लगाई गई। अधिकारियों का कहना है कि जिन केंद्रों में खामियां पाई गई हैं, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है।

यूपीपीसीएस-2024 : उत्कर्ष वर्मा ने मारी बाजी

▸ 197वाँ रैंक पाकर बने नायब तहसीलदार,घर परिवार में खुशियां

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

सेवानिवृत्त उपजिलाधिकारी अरुण कुमार वर्मा के घर-परिवार में खुशियों का माहौल है और हो भी क्यों न, बड़ा बेटा नायब तहसीलदार जो बन गया है। 29 मार्च 2026 को घोषित यूपीपीसीएस-2024 परीक्षा परिणाम में बहुत से युवाओं ने कठिन परिश्रम से सफलता हासिल की है, वहीं कुछ ने पहले ही प्रयास में अच्छे रैंक के साथ बाजी मारी। उन्हीं में एक युवा परीक्षार्थी उत्कर्ष वर्मा भी हैं। जिन्होंने घोषित परीक्षा परिणाम में 197वां रैंक हासिल कर न सिर्फ अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है, बल्कि अपने स्कूल, कॉलेज व गुरुजनों का भी मान बढ़ाया है।

समृद्धि न्यूज से बात करते हुए उत्कर्ष वर्मा बताते हैं कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा लखनऊ पब्लिक स्कूल सेक्टर-आई से हुई है और गेजुएशन 2019 में आईआईटी रुड़की से इलेक्ट्रॉनिक एवं कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में बी-टेक कंप्लीट की। बी टेक के बाद एक प्राइवेट फर्म में इन्होंने बतौर सॉफ्टवेयर डेवलपर एक वर्ष तक जॉब भी किया, साथ ही सिविल सेवा की तैयारी भी शुरू की, जो इनका पहला और सीरियस प्रयास था और सफलता भी मिली। हालांकि इससे पूर्व ये यूपीएससी की तैयारी कर रहे थे, जिसकी सीएपीएफ-2022 की परीक्षा भी इन्होंने उत्तीर्ण की और बीएसएफ में बतौर असिस्टेंट कमांडेंट सेलेक्ट हुए, किंतु रुझान इनका सिविल सेवा के प्रति पहले से रहा, इस लिए ज्वाइनिंग नहीं की।

फिलहाल अभी ये गृह मंत्रालय में कार्यरत हैं। चूंकि घर परिवार खासकर रिटायर्ड पीसीएस अधिकारी पिता से भी प्रेरित हो प्रशासनिक सेवा में जाने की इनकी दिली इच्छा थी। इस लिए इनकी कड़ी मेहनत, दिल में लिए सेवा भाव का जज्बा आखिरकार यूपीपीसीएस-2024 परीक्षा में सफलता हासिल की और अब बतौर नायब तहसीलदार बन आम जनता और जिला प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी बनकर सेवा देने को तैयार हैं।

वहीं उत्कर्ष वर्मा का छोटा भाई भी अपनी मेहनत और लगन से आज एमबीबीएस डॉक्टर बन चुका है। दोनों होनहारों की चर्चाएं जिले में खूब हो रही हैं।

इजराइल में सुरक्षित हैं 6000 से अधिक श्रमिक

▸ प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन डॉ. शन्मुगा सुंदरम नियमित रूप से भारतीय दूतावास के संपर्क में

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। इजराइल में तनावपूर्ण हालात के बीच उत्तर प्रदेश के 6000 से अधिक श्रमिक पूरी तरह सुरक्षित हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सभी श्रमिकों की नियमित निगरानी की जा रही है। प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन डॉ. शन्मुगा सुंदरम लगातार इजराइल में भारतीय दूतावास के संपर्क में हैं और वहां भारतीय विशेषकर यूपी के श्रमिकों की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

दूतावास से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इजराइल में कार्यरत सभी भारतीय श्रमिक सुरक्षित हैं। इजराइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह के साथ प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन डॉ शन्मुगा सुंदरम लगातार यूपी के श्रमिकों के विषय में अपडेट ले रहे हैं।

डॉ शन्मुगा सुंदरम ने बताया कि भारत के राजदूत जेपी सिंह के साथ टेलीफोन पर उनकी लगातार बातचीत हो रही है। 11, 17 और 28 मार्च को साझा किए गए अपने संदेशों में भारतीय राजदूत ने उन्हें स्पष्ट रूप से बताया है कि सभी भारतीय श्रमिक, जिनमें उत्तर प्रदेश के श्रमिक भी शामिल हैं, सुरक्षित हैं। मौजूदा परिस्थितियों में स्वाभाविक रूप से कुछ चिंता का माहौल है, लेकिन किसी भी श्रमिक की ओर से भारत लौटने का कोई विशेष दबाव या मांग नहीं आई है। दूतावास सभी के साथ लगातार संपर्क में है और उनकी हर जरूरत का ध्यान रखा जा रहा है। भारतीय दूतावास की प्रथम सचिव डॉ. गरिका तेजेश्वर ने भी प्रमुख सचिव के साथ वार्तालाप में पुष्टि की है कि यूपी के सभी श्रमिक सुरक्षित हैं और अब तक किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। कुछ भारतीय नागरिक, मुख्य रूप से व्यापारी और छात्र स्वेच्छा से वापस लौटे हैं, जिनकी जॉर्डन के रास्ते यात्रा में दूतावास ने सहायता की। यदि कोई श्रमिक लौटना चाहता है, तो उसके लिए भी यही व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सकती है।

प्रमुख सचिव श्रम डॉ. शन्मुगा सुंदरम ने बताया कि इजराइल की पॉपुलेशन एंड इमिग्रेशन अथॉरिटी द्वारा संचालित कॉल सेंटर भी भारतीय श्रमिकों की सहायता के लिए सक्रिय है, जहां विभिन्न भाषाओं में सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

जनगणना कराने के बाद ही महिला आरक्षण की बात हो : अखिलेश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महिला आरक्षण से जुड़े `प्रस्तावित विधेयक के आधार पर सवाल उठाते हुए रविवार को कहा कि संसद व राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए सीट आरक्षित करने से पहले नयी जनगणना पूरी करना जरूरी है। अखिलेश यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि किसी भी नीति की नींव सटीक आंकड़ों पर होनी चाहिए और तर्क दिया कि यदि महिला आरक्षण का ढांचा 2011 की जनगणना के पुराने आंकड़ों पर आधारित है, तो वह स्वाभाविक रूप से त्रुटिपूर्ण होगा।

उन्होंने कहा, दरअसल महिला आरक्षण बिल का तो आधार ही निराधार है। आरक्षण का आधार अगर कुल सीट का एक तिहाई है तो इसका मतलब हुआ कि ये गणित का विषय है और गणित का आधार अंक होते हैं, संख्याएं होती हैं, कोई हवा हवाई बात नहीं। और इस तरह के मामले में संख्या का आधार जनसंख्या होती है, जिसका आधार जनगणना होती है।

अखेलश यादव ने कहा, जब महिलाओं की जनसंख्या के लिए 2011 के पुराने आंकड़ों को आधार बनाएंगे तो महिला आरक्षण की आधारभूमि ही गलत होगी, जब भूमि में ही दोष होगा तो सच्ची फसल कैसे उगेगी। उन्होंने आपत्ति जताते हुए मांग की, इसीलिए हमारी सबसे बड़ी आपत्ति यही है कि पहले जनगणना कराई जाए फिर महिला आरक्षण की बात उठाई जाए। सपा अध्यक्ष ने कहा, जो सरकार महिलाओं को गिनना नहीं चाहती है, वो भला उन्हें आरक्षण क्या देगी। महिलाओं के साथ भाजपा और उनके संगी-साथी जो धोखा करना चाहते हैं, महिलाओं के साथ वो छलावा हम नहीं होने देंगे। कुल मिलाकर सरकार से हमारा ये कहना है। जब तक जनगणना नहीं, तब तक महिला आरक्षण पर बहस करना नहीं। उनकी यह टिप्पणी प्रधानमंत्री मोदी के उस बयान के एक दिन बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि संसद का बजट सत्र तीन दिन के लिए बढ़ा दिया गया है ताकि लोकसभा एव राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले 2023 में पारित कानून को 2029 से लागू किया जा सके।

योगी कैबिनेट मीटिंग सात अप्रैल को

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंत्रिपरिषद की आगामी सात अप्रैल को बैठक होगी। सीएम की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट बैठक में कई खास निर्णय हो सकते हैं 7 अप्रैल को लोकभवन में कैबिनेट बैठक होगी। बैठक 7 अप्रैल को 10.30 बजे लोकभवन में होगी। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगने वाली है।

कल वृंदावन जायेंगे योगी व मोहन भागवत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख डा. मोहन भागवत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सात अप्रैल को वृंदावन जायेंगे। वंशीवट स्थित मलूकपीठ में जगद्गुरु मलूकदास की जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे। 15 दिन में दूसरी बार संघ प्रमुख वृंदावन पहुंच रहे हैं। सीएम एक माह में दूसरी बार पहुंचेंगे। दोनों के बीच अहम वार्ता सम्भव है। सीएम के दौरे को लेकर तैयारियां तेज हैं।सात अप्रैल को जगद्गुरु मलूकदास की जयंती है। इसे लेकर होने वाले कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डा. मोहन भागवत और सीएम योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। वह पहले वृंदावन आएंगे फिर यहां से वंशीवट स्थित मलूकपीठ जाएंगे।सूत्रों की माने तो संघ प्रमुख और सीएम योगी के बीच कुछ देर एकांत वार्ता हो सकती है। संघ प्रमुख मोहन भागवत 24 मार्च को वृंदावन में जीवनदीप आश्रम के लोकार्पण में शामिल हुए थे।सीएम योगी सात मार्च को वृंदावन गये थे। उन्होंने उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की बैठक की थी और श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर आराध्य के दर्शन किए थे।

लिव इन में रह रही युवती की संदिग्ध हालत में मौत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी लखनऊ में लिव इन में रह रही युवती की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। युवती के भाई ने उसके लिवइन पार्टनर पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से ही पता चलेगा कि यह हत्या थी या आत्महत्या।

घटना मदेयगंज थाना क्षेत्र की रविवार की है। मृतक की पहचान अलिशा बानो (20) के रूप में हुई। अलिशा के भाई के अनुसार, उसका लिवइन पार्टनर अयान कपड़े की दुकान में काम करता है। वह 5 महीने से किराये के कमरे में अलिशा को लेकर रह रहा था। वह चाकू और बेल्ट से मारता-पीटता भी था।पारा थाना क्षेत्र के तेजीखेड़ा के रहने वाले नासिर खान का बेटा अयान खान मदेयगंज थाना क्षेत्र में रहता है। उस पर आरोप है कि वह दुबग्गा थाना क्षेत्र के अंधे की चौकी के मोबीन की बेटी अलिशा के साथ बिना निकाह के लिवइन में रहा रहा था।

अलिशा का निकाह कानपुर में वसीम नाम के युवक के साथ हो चुका था। उसे अयान ससुराल से लाकर यहां किराये के कमरे में रहने लगा। रविवार सुबह 7.15 बजे अपनी मां के साथ मदेयगंज थाने पहुंचकर सूचना दी कि अलिशा ने आत्महत्या कर ली है।

मृतका के भाई वसीम ने बताया सुबह मदेयगंज थाने से दरोगा का फोन आया कि तुम्हारी बहन की मौत हो गई है। आकर डेडबॉडी देख लो। हम लोग जब पहुंचे तो देखा कि बहन के शरीर पर चोट के निशान थे।

वहीं, अयान (बहन का प्रेमी) चौकी पहुंच चुका था। भाई वसीम ने बताया करीब डेढ़ साल पहले अलिशा की शादी कानपुर में वसीम नाम के युवक से कराई थी।

उसके बाद इन लोगों (अलिशा और अयान) की इंस्टाग्राम के जरिये दोस्ती हो गई। उसी पर दोनों बातचीत करने लगे।

करीब 5 महीने पहले अयान कानपुर से मेरी बहन अलिशा को लेकर लखनऊ चला आया। यहां दोनों बिना निकाह के साथ रह रहे थे। अयान की मां ने कहा था कि अगर तुम्हारी बहन की शादी हुई तो उसे मार डालेंगे। आज उन लोगों ने बहन को मार डाला। अलिशा की मां मुमताज ने पुलिस को लिखित शिकायत दी है। इसमें लिखा मेरी बेटी अलिशा, अयान के साथ खदरा के मशालची टोला में किराये के कमरे में रह रही थी। आज सुबह 8 बजे के करीब जानकारी हुई कि उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

मदेयगंज इंस्पेक्टर अंजनी सिंह ने बताया युवती की आत्महत्या की शिकायत मिली है। मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। सुबह अयान खान अपनी मां नूरी खान के साथ आया था। उसने बताया कि पत्नी अलिशा ने सुबह 4 बजे कमरे में आत्महत्या कर ली।

तैयारी | **महिला ई-रिक्शा पायलटों की तैयार हो रही फौज**

'सेफ मोबिलिटी' से बदल रही गांवों की तस्वीर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण को नई ऊंचाई देने की दिशा में योगी सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया है। 'सेफ मोबिलिटी प्रोग्राम' के तहत प्रदेश में महिला ई-रिक्शा पायलटों की फौज तैयार की जा रही है, जिससे बालिकाओं और महिलाओं को विद्यालय, कार्यस्थल और जरूरी स्थानों तक सुरक्षित, सुलभ और सम्मानजनक परिवहन मिल सकेगा।

शुरुआत में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को 1000 ई-रिक्शा उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, कौशांबी और झांसी में शुरुआत हो गई है। लखनऊ, प्रयागराज, मिर्जापुर, भदोही, सोनभद्र, देवरिया, लखीमपुर खीरी और सीतापुर में इसे जल्द शुरू किया जाएगा। योगी सरकार की पहल इसलिए खास है क्योंकि इसका सीधा रिश्ता महिला सुरक्षा से है।

ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और बालिकाओं के लिए अब महिला चालकों द्वारा संचालित ई-रिक्शा सेवा बेहतर समाधान बनकर उभर रही है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स के तकनीकी सहयोग से चल रहे कार्यक्रम ने प्रभावी परिणाम दिए हैं। पांच जनपदों में 119 महिलाओं को ई-रिक्शा देकर उद्यमी बनाया जा चुका है। 629 महिलाओं को संचालन का प्रशिक्षण दिया गया है और 244 महिलाओं को ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध कराया गया है। इस पहल से जुड़ी महिलाएं अब सिर्फवाहन ही नहीं चला रहीं, बल्कि अपने परिवार की आर्थिक धुरी भी बन रहीं हैं। योजना से जुड़ी महिलाओं की औसत वार्षिक आय 3 लाख रुपये से अधिक पहुंचने की बात इस मॉडल की सफलता को और मजबूत बनाती है।'सेफ मोबिलिटी' का असर केवल सड़क तक सीमित नहीं है। इससे बेटियों की स्कूल तक पहुंच आसान होगी, कामकाजी महिलाओं का सफर सुरक्षित बनेगा, गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं आत्मनिर्भरता की नई मिसाल बनेंगी। महिला सुरक्षा, सम्मानजनक परिवहन और स्वरोजगार इन तीनों मोर्चों पर एक साथ असर डालने वाली यह पहल उत्तर प्रदेश को नई पहचान दे रही है। महिला सुरक्षा में यूपी अब मॉडल स्टेट के रूप में अपनी छाप छोड़ रहा है और ई-रिक्शा महिला पायलटों की यह नई फौज गांवों के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदलने को तैयार है।

▸ अयोध्या समेत पांच जिलों में शुरुआत, लखनऊ व प्रयागराज समेत आठ जिलों में सुविधा जल्द

▸ समूह की महिलाओं को शुरुआत में 1000 ई-रिक्शा उपलब्ध कराए जाएंगे, इसके बाद पूरे प्रदेश में होगा विस्तार

बीजेपी का स्थापना दिवस आज, गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचेगी भारतीय जनता पार्टी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

▸ 8 व 9 अप्रैल को जिला स्तर पर होंगे सक्रिय सदस्य सम्मेलन

भाजपा का कल 6 अप्रैल को स्थापना दिवस मनाया जायेगा।पूरे सप्ताह विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। स्थापना दिवस के जरिए भाजपा उत्तर प्रदेश के गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचेगी। पार्टी की स्थापना दिवस 6 अप्रैल से सप्ताह भर तक कई आयोजन होंगे।

इस दौरान गोष्ठियां होंगी, सम्पर्क अभियान चलेगा और वरिष्ठ एवं प्रबुद्ध नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। स्थापना दिवस के जरिए भाजपा अपनी विचारधारा का विस्तार करने के साथ जन-जन तक पहुंचने की कोशिश करेगी। आने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कार्यकर्ता लोगों के बीच में पहुंच बनाएंगे। कार्यकर्ताओं में सक्रियता बढ़ने के साथ भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश होगी। वहीं नए लोग भाजपा से जुड़ेंगे। चुनाव के मद्देनजर विचारधारा से जुड़े सक्रिय लोग मिलेंगे। पार्टी पदाधिकारियों को निर्देश है कि 6 और 7 अप्रैल को हर बूथ पर प्राथमिक और सक्रिय सदस्य क्षेत्र के प्रमुख लोगों साथ मिलकर स्थापना दिवस मनाये। महापुरुषों को पुष्पांजलि देने के साथ भाजपा की विचारधारा पर चर्चा होगी। 8 और 9 अप्रैल को जिला स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन होगा। इसमें तीन वक्ता तीन विषयों पर अपनी बात रखेंगे। 7 अप्रैल स 12 अप्रैल तक गांव और बस्ती में संपर्क अभियान चलेगा। हर विधानसभा क्षेत्र में 50 बड़े गांव ,बस्ती का चयन कर सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता कार्यक्रम होंगे।बीजेपी कार्यकर्ताओं और समाज के प्रबुद्ध लोगों का सम्मान किया जाएगा। हर गांव में 25 से 30 लोगों को सम्मानित किया जाएगा। के

खबरें एक नजर में

कथा व्यास ने परीक्षित के जन्म का प्रसंग सुनाया

कांट, शाहजहांपुर। पल्हौरा गाँव में रविवार को भागवत में व्यास ने परीक्षित के जन्म का प्रसंग सुनाया। व्यास पंडित आशीष वाजपेई ने कहा कि जब महाभारत का युद्ध समाप्त हो गया।तब श्री कृष्ण अपने घर जाने की विदाई ले रहे थे।उस समय अश्वस्थामा ने प्रतिशोध लेने के लिए पांचों पुत्रों का वध करने की प्रतिज्ञा ली और कहा कि पांडव के वंश की हानि कर दूंगा।पांडव कुल में अभिमन्यु की मृत्यु के पश्चात उसकी पत्नी उत्तरा गर्भवती थी।द्रोपदी ने अपने पुत्रों की मृत्यु पर विलाप करते हुये अश्वस्थामा को पकड़कर लाने को कहा।अर्जुन जब अश्वस्थामा को पकड़ने गये उस समय अश्वस्थामा ने ब्रह्मास्त्र का प्रयोग उत्तरा के गर्भ को नष्ट करने के लिये कर दिया।उस समय उत्तरा ने श्री कृष्ण को पुकारकर मदद माँगी तब श्री कृष्ण ने उँगली मात्र का शरीर कर उत्तरा के गर्भ की रक्षा की।बाद में उसी गर्भ से परीक्षित का जन्म हुआ। कथा श्रवण में रमेश मिश्रा,विकास मिश्रा,सूरज मिश्र,आकाश व शोभित मौजूद रहे।

नेत्रहीन वृद्धा ने लगाया जमीन हड़पने का आरोप, न्याय की गुहार

खुटार, शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र खुटार के गांव टोडरपुर से एक मार्मिक मामला सामने आया है, जहां एक नेत्रहीन वृद्ध महिला ने अपनी ही बेटियों और उनके पतियों पर जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़िता अमरजीत कौर पत्नी स्वर्गीय मस्सा सिंह ने थाना खुटार में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता के अनुसार वह दोनों आंखों से नेत्रहीन हैं और उनके कोई पुत्र नहीं है, केवल चार बेटियां हैं। पति के निधन के बाद उनके हिस्से में आई लगभग साढ़े चार एकड़ जमीन पर उनकी बेटियों और दामादों द्वारा फर्जी वसीयत तैयार कर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। अमरजीत कौर का कहना है कि मामले की जानकारी होने पर उन्होंने न्यायालय की शरण ली, जहां जमीन संबंधी विवाद का मुकदमा वर्तमान में विचाराधीन है। इसके बावजूद आरोपित पक्ष लगातार उन्हें परेशान कर रहा है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि बेटियां व उनके पति आए दिन गाली-गलौज करते हैं और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। वृद्धा ने पुलिस से सुरक्षा और निष्पक्ष जांच की मांग की है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ट्रैक्टर ने बाइक सवार दंपती को मारी टक्कर, महिला की उपचार दौरान मौत

रोजा, शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र में शनिवार की देर शाम सीतापुर हाईवे पर गुर्री चौकी के पास एक ट्रैक्टर ने बाइक सवार दंपति को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार महिला गंभीर रूप में घायल हो गई। पुलिस ने उसे उपचार के लिये राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना सेहरामऊ दक्षिण के गांव बेहटी निवासी संगीत अपनी पत्नी सपना व दो बच्चों के साथ बाइक से अपनी रिश्तेदारी से वापस अपने घर जा रहा था, तभी सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुर्री चौकी के पास अज्ञात ट्रैक्टर ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सपना बाइक से उछलकर काफी दूर जाकर गिरी और गंभीर रूप में घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और एंबुलेंस से सपना को उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जहां कुछ देर बाद सपना की मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर सहित फरार हो गया।

महिला बंदियों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक, जिला कारागार में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आयोजन

शाहजहांपुर। आगामी 07 अप्रैल को मनाए जाने वाले विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में जिला कारागार शाहजहांपुर में रविवार को एक भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला बंदियों को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं उनके साथ रह रहे बच्चों के टीकाकरण के प्रति जागरूक करना रहा।कार्यक्रम में भोर फाउंडेशन (एनजीओ) की अध्यक्षा स्वाती सिंह, डॉ. अंजली सरन, श्वेता सक्सेना एवं डॉ. सुरेश मिश्रा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने महिला बंदियों को स्वास्थ्य, साफ-सफाई और नियमित जांच के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा जागरूक रहने का संदेश दिया। इस दौरान अनुकृति नाट्य मंच के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिला सशक्तीकरण, स्वच्छता और बच्चों के टीकाकरण जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जेल अधीक्षक जे.पी. तिवारी ने कहा कि 卐विश्व स्वास्थ्य दिवस卐 केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि महिला बंदियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि बंदियों का स्वास्थ्य शासन और समाज दोनों की प्राथमिकता है। साथ ही उन्होंने महिलाओं को सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर कारापाल अनिल कुमार विश्वकर्मा सहित कारागार के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन महिला सम्मान, जागरूकता और सशक्तिकरण के संदेश के साथ किया गया।

ट्रेनों में बिगड़ी यात्रियों की तबीयत, कई का हुआ उपचार

शाहजहाँपुर। गर्मी का मौसम शुरू होते ही ट्रेनों में यात्रियों की तबीयत बिगड़ने के मामले सामने आने लगे हैं। शाहजहाँपुर और आसपास के रेलवे स्टेशनों पर एक ही दिन में कई यात्रियों को तबीयत खराब होने पर उतारकर उपचार कराना पड़ा। जानकारी के अनुसार 14650 शहीद एक्सप्रेस में कोच एम-1 की बर्थ संख्या 35 पर सफर कर रहे सुखदेव, जो अमृतसर से आजमगढ़ जा रहे थे, उनके पैर के पुराने घाव से अचानक खून बहने लगा। परिजनों द्वारा सूचना देने पर टीटी ने कंट्रोल को अवगत कराया, जिसके बाद शाहजहाँपुर में ट्रेन रोककर उनका उपचार कराया गया। वहीं 15211 जननायक एक्सप्रेस के जनरल कोच में यात्रा कर रहे बबलू (38), निवासी मुजफ्फरपुर, सीतापुर के बाद सीने में तेज दर्द से पीड़ित हो गए। सूचना पर ट्रेन को रोजा जंक्शन पर रोका गया और उन्हें उतारकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके अलावा 15910 अवध आसाम एक्सप्रेस में यात्रा कर रहीं विद्या देवी (35) को घुटनों में तेज दर्द की शिकायत हुई। शाहजहाँपुर जंक्शन पर प्लेटफॉर्म नंबर एक पर ट्रेन रोककर डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार दिया गया, जिसके बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों को गर्मी के मौसम में सावधानी बरतने और स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर तुरंत सूचना देने की अपील की गई है।

ऑपरेशन कन्विक्शन- गैंगस्टर एक्ट में आरोपी को 2 साल की सजा

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस को एक और सफलता मिली है। गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में आरोपी को अदालत ने 2 वर्ष के कारावास तथा 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत की गई। अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा एवं पुलिस महानिरीक्षक अजय कुमार साहनी के मार्गदर्शन में, पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के नेतृत्व में जनपद पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी की गई। प्रकरण थाना सदर बाजार में दर्ज मु0अ0सं0 84/2009 से संबंधित है, जिसमें आरोपी अंकित मिश्रा उर्फ टाटा पुत्र प्रदीप मिश्रा, निवासी मोहल्ला कटिया टोला, थाना सदर बाजार पर अवैध गिरोह बनाकर आर्थिक लाभ अर्जित करने तथा समाज में भय का माहौल पैदा करने के उद्देश्य से विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होने का आरोप था। मॉनीटरिंग सेल, थाना सदर बाजार पुलिस एवं अभियोजन विभाग के समन्वय से मामले में साक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से न्यायालय एडीजे-05 में प्रस्तुत किया गया। प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 2 वर्ष के कारावास और 5 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अपराधियों को शीघ्र और कठोर सजा दिलाने का अभियान लगातार जारी है, जिससे अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हो रही है।

कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत

- हाइवे पर नगरिया मोड़ चौकी के सामने हुआ हादसा

तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

हाइवे पर एक तेज रफ्तार कंटेनर ने एक बाइक को रौंद दिया। जिससे बाइक सवार दो लोगों की टायर के नीचे आ जाने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। रविवार दोपहर हाइवे पर नगरिया मोड़ पुलिस चौकी के सामने तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक सवार दो लोगों को रौंद दिया। हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से शवों को टायर के नीचे से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया।

जानकारी के मुताबिक सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के गांव डींगुरपुर निवासी निजी विद्यालय के शिक्षक जसपाल सिंह 40 रिश्तेदार गांव रावतपुर निवासी पदम सिंह 55 के साथ बाइक से तिलहर क्षेत्र के गांव खेड़ा बझेड़ा जाने को निकले थे। रास्ते में नगरिया मोड़ के समीप शाहजहांपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने उनकी बाइक रौंद दिया। इस दौरान बाईक सवार दोनों लोगों की कंटेनर के टायर के नीचे आ जाने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक जसपाल सिंह गांव प्रधान सावित्री देवी के पुत्र और निजी विद्यालय में शिक्षक थे , जबकि पदम सिंह भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष बताए गए हैं। दोनों मृतक परस्पर रिश्तेदार भी थे। और रिश्तेदारी खेड़ा बझेड़ा में बीमार महिला का हालचाल लेने जा रहे थे। हादसा चूंकि पुलिस चौकी के सामने हुआ सो चौकी इंचार्ज अनुज चौधरी व हेड कांस्टेबिल विजय प्रताप ने मृतकों को कंटेनर टायरों के नीचे से निकलवाकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने कंटेनर और चालक को हिरासत में ले लिया है।

होटल पर दरोगा व सिपाही से नशे में युवक भिड़े

तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

होटल पर मामूली कहासुनी को लेकर पुलिस कर्मियों एवं युवकों में जमकर विवाद हुआ। दोनों में जमकर गाली गलौज व धक्का मुक्की हुई। पुलिस ने दौड़ाकर दोनों युवकों को पकड़ लिया।

शुक्रवार देर रात बाईपास चौराहे के पास एक होटल पर दो युवक खाना खा रहे थे। इसी होटल पर एक दरोगा व एक सिपाही भी खाना खाने पहुंचे थे। चर्चा है कि रोटी जल्दी देने को लेकर युवक होटल संचालक से अभद्र व्यवहार करने लगे। इसी पर दौरान दरोगा ने जब उन्हें ऐसा न करने के लिए टोका तो दोनों युवक दरोगा से भिड़ गए। चर्चा है कि युवकों एवं पुलिस कर्मियों में जमकर धक्का मुक्की हुई। दोनों में जमकर गाली गलौज हुआ। होटल पर मौजूद लोगों ने बचाने का प्रयास किया लेकिन हंगामा और बढ़ गया।

इसके बाद पुलिसकर्मियों ने दोनों युवकों को पकड़ लिया और कोतवाली लाकर बंद कर दिया। चर्चा है कि दोनों युवक शराब के नशे में थे। सुबह जब नशा उतरा तो दोनों पुलिसकर्मियों से माफी मांगते नजर आए। उधर दोनों युवकों ने बताया कि पुलिस ने उन्हें एक कमरे में बंद करके जमकर मारा पीटा भी है। उधर कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि शराब के नशे में दोनों युवक थे और उनकी दरोगा से कहासुनी हो गई थी। दोनों का शांति भंग में चालान किया जा रहा है।

हाइवे पार कर रही वृद्धा को कार ने मारी टक्कर

- जिला अस्पताल में हुई मौत

तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

हाईवे पार करने के दौरान वृद्ध महिला कार की टक्कर लगने से लहूलुहान हो गई। राहगीरों ने उन्हें सीएचसी भिजवाया। जहां से गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। नगर के मोहल्ला पचासा में किराए पर रहने वाली 58 वर्षीय विमला देवी लोगों के घरों में काम करती हैं। उनके कोई संतान नहीं है। और वह अपनी नेत्रहीन मां फूलमती के साथ रहती है। शनिवार दोपहर वह काम करके डायमंड होटल के सामने अपने घर वापस जाने के लिए हाईवे पार कर रही थीं। इसी दौरान शाहजहांपुर की ओर से आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक फरार हो गया। घायल महिला के पैर टूटे होने की आशंका के चलते सीएचसी से डॉक्टर ने उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। जहां उनकी मौत हो गई।

पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती पर विचार गोष्ठी

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री रहे स्वर्गीय बाबू जगजीवन राम की जयंती के अवसर पर कांग्रेस कार्यालय, राजीव भवन में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता सहित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। वक्ताओं ने बाबू जगजीवन राम के जीवन, उनके संघर्षों एवं सामाजिक न्याय के प्रति उनके योगदान को विस्तार से याद किया तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा, बाबू जगजीवन राम ने अपना पूरा जीवन समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित किया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। आज के समय में उनके विचारों और सिद्धांतों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि हम एक समानतामूलक और न्यायपूर्ण समाज का निर्माण कर सकें। कार्यक्रम में पूर्व महानगर अध्यक्ष पवन कुमार सिंह, विंदेश्वरी राज, सईद अंसारी, तस्दीक अंसारी, संजय सक्सेना, फुरकान अहमद कुरैशी, गौरव त्रिपाठी, प्रत्युष कुमार मिश्रा, अनिल श्रीवास्तव, शाश्वत मिश्रा सहित अनेक वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम समापन राष्ट्रहित, सामाजिक समरसता एवं संगठन की मजबूती के संकल्प के साथ किया गया।

राजा निषादराज गुह्या के व्यक्तित्व पर चर्चा

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देशन पर ऋषि मुनियो में श्रेष्ठ महर्षि कश्यप एवं श्रंगवेरपुर के राजा निषादराज गुह्य दोनों महापुरुषों की जयंती बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई गई। एक गोष्ठी का आयोजन सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान की अध्यक्षता में किया गया और ऋषि मुनियों में श्रेष्ठ महर्षि कश्यप एवं श्रंगवेरपुर के राजा निषादराज गुह्या के व्यक्तित्व पर चर्चा की गई। पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह,सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्लाह सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा, सपा नेता लखन प्रताप सिंह,सपा नेता दोदराम वर्मा, सपा नेता अरविंद कुमार पाल, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल,सपा जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र यादव, सपा युवज़न सभा के प्रदेश सचिव पार्थ यादव,सपा जिला सचिव संतोष कुमार पाल, महिला सभा की जिला अध्यक्ष किरन कटेरिया, सपा छात्र सभा जिलाध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया,सपा युवज़न सभा के जिला अध्यक्ष आकाश यादव,सपा महिला सभा की महानगर अध्यक्ष जाफरीन, आनंद शुक्ला, सुभान अख्तर खान, पूर्व सभासद शकील अहमद, मोहम्मद रमीज, शौकत अली, रानू खान, बब्लू कश्यप,शिवम कश्यप, मनोज कुमार, असलम खान, मुनीर अहमद, फैजान खान, रवि प्रकाश पांडे, शैलेंद्र कुमार, संदीप यादव, सुनील यादव, नीरज कश्यप, विवेक कुमार आदि मौजूद रहे।

6 से 15 अप्रैल के मध्य फार्मर रजिस्ट्री अभियान चलाया जाएगा: डीडी

शाहजहांपुर। डीडी कृषि पीके मिश्रा ने बताया कि जनपद में ऐग्रीस्टैक डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर फॉर ऐग्रीकल्चर के अन्तर्गत किसानों के हित में 6 से 15 अप्रैल के मध्य फार्मर रजिस्ट्री अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित करना है, जिससे वह शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, विशेषकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ सरल एवं पारदर्शी रूप से प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि डीएम द्वारा निर्देशित किया गया है कि अभियान को जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष प्राथमिकता के साथ संचालित किया जाए। उक्त कार्य में कृषि विभाग एव राजस्व विभाग संयुक्त रूप से समन्वय स्थापित करते हुए कृषकों को जागरूक करने एवं पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगें। अभियान के अन्तर्गत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गये है, ताकि निर्धारित समयाविध में अधिकतम किसानों का फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण पूर्ण किया जा सकें। ग्राम स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार, शिविरों का आयोजन तथा कृषकों को व्यक्तिगत रूप से प्रेरित करने के निर्देश दिए गया है। डीएम द्वारा यह भी अपील की गई है कि किसान भाई अभियान में सक्रिय सहभगिता करते हुए अपना फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण शीघ्र कराएं। इससे उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल बीमा, कृषि सब्सिडी, अनाज बेचने में आसानी एवं किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ सीधे खाते में का समयबद्ध एवं सुगमता से प्राप्त हो सकेंगा। जनपद के सभी एसडीएम, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी एवं सम्बन्धित विभागीय अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वह अभियान को मिशन मोड में संचालित कर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

तीन दिन से लापता सुधीर का शव नदी से बरामद

तिलहर-शाहजहांपुर। नदी में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव की शिनाख्त तीन दिन से लापता गांव मोहन पुर निवासी सुधीर पुत्र महेंद्र वर्मा के रूप में हुई। बता दें कि मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव अहिया मोहनपुर निवासी महेंद्र वर्मा के बेटे सुधीर 21 की थाने पर दो अप्रैल से गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। रविवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव चितीबोझी स्थित गर्रा नदी में युवक का शव बरामद होने पर कटरा थानाध्यक्ष अवधेश सेंगर मौके पर पहुंचे। और शव को ग्रामीणों की मदद से नदी से बाहर निकलबाया गया। सूचना पर सीओ ज्योति यादव भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद फॉरेंसिक टीम ने मौके की पड़ताल कर कर साक्ष्य संकलित किए। सुधीर की मौत पर उनकी मां गीता देवी , बहन रीमा एवं भाई सानू का रो-रोकर बुरा हाल है।

अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है निवाजपुर का अमृत सरोवर

- चार साल पहले डेढ़ करोड़ की लागत से बना था अमृत सरोवर व सड़कें
- इससे पहले भी पड़ चुकी हैं दरारें, धंस चुका था सेल्फी प्वाइंट

अमरदीप रस्तोगी

रोजा, शाहजहांपुर। करीब चार साल पहले ही करीब डेढ़ करोड़ रूपए की लागत से बना अमृत सरोवर की देखरेख न होने के कारण अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। अमृत सरोवर के मेन गेट पर लगा भारी भरकर ग्रेनाइट पत्थर व सेल्फी प्वाइंट की लोहे की पट्टियां कोई उखाड़कर ले गया। दीवारों पर दरारें पड़ गई है। सेल्फी प्वाइंट पूरी तरह धस गया हैं। चाहरदीवारी पर लगे लाइट लैंप भी लोग उखाड़ कर ले गए। ज्ञात रहे कि शाहजहांपुर नगर पालिका नगर निगम बनने पर अहमदपुर निवाजपुर का हिस्सा बन गया था। इसके बाद नगर विधायक सुरेश कुमार खन्ना जब योगी सरकार में पहली बार नगर विकास मंत्री बने और उन्होंने गांव का दौरा किया तो लोगों ने कच्चे तालाब के सौंदर्यीकरण की मांग की थी। इसके बाद मंत्री ने नगर निगम के अधिकारियों को तालाब की सौंदर्यीकरण कराने का आदेश दिया था। नगर निगम ने सर्वे कर इसका एस्टीमेट तैयार कर शासन को भेज दिया था। कुछ समय बाद ही शासन ने तालाब को अमृत सरोवर बनाए जाने तथा आसपास की सड़कों को ऊंचा कर नाले का निर्माण कार्य के लिए करीब डेढ़ करोड़ रुपए का भारी भरकम बजट भी पास कर दिया था। बजट पास होते ही नगर निगम के ठेकेदारों ने अमृत सरोवर के निर्माण कार्य शुरू कर दिया था और चंद माह में बनाकर तैयार कर दिया था। विधानसभा चुनाव आचार संहिता लगने से पहले वित्त मंत्री इसका शुभारंभ कर दिया था। उद्घाटन के दो माह बाद बरसात होने पर अमृत सरोवर में बनी सीढ़ियां और सेल्फी प्वाइंट में दरारें आ गई थी। इस खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद नगर निगम के अधिकारी हरकत में आए और उन्होंने उसकी मरम्मत करा दी थी।

अमृत सरोवर को केयरटेकर की आवश्यकता

रोजा। निवाजपुर की पार्षद विजयलक्ष्मी का कहना है कि अमृत सरोवर की देखभाल न होने के कारण आज अपनी दुर्दशा पर रो रहा है। अमृत सरोवर पर केयरटेकर नियुक्त करने के लिये नगर आयुक्त को लिखित रूप से पत्र लिखा गया था, लेकिन आज तक नगर निगम ने केयरटेकर नियुक्त नहीं किया।

गंदे पानी के ठहराव से संक्रामक रोग फैलने का खतरा

रोजा। गर्मी के सीजन की शुरुआत में लोगों को संक्रामक रोग फैलने का खतरा लोगों के सिर मंडरा रहा है। वहीं गंदे पानी में पनप रहे मच्छर डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी जानलेवा बीमारियों का मुख्य कारण बन रहे हैं। अमृत सरोवर में रुके हुए गंदे पानी में इनके लार्वा तेजी से विकसित हो रहे हैं। स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए जलभराव को रोकना, नियमित फॉगिंग और आसपास की सफाई अत्यंत आवश्यक है। अमृत सरोवर ने गंदे पानी के ठहराव से मच्छरों की बढ़ रही तदाद से फिलहाल लोगों को राहत मिलने वाली नहीं है। लेकिन इलाके में मच्छरों के बचाव के लिए फॉगिग नहीं करवायी जा रही।

आचार संहिता लगने से पहले हुआ था उद्घाटन

रोजा। अमृत सरोवर का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद 5 फरवरी 2022 को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना इसका उद्घाटन किया था। विधानसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता लगने से पहले आनन-फानन में नगर निगम ने इसका उद्घाटन करा दिया था। उद्घाटन के दो माह के ही बाद इसकी सीढ़ियों व सेल्फी प्वाइंट में दरारे आ गई थी, जिन्हें बाद में नगरीय निगम के ठेकेदार ने लीपापोती कर ठीक करा दी थी।

अमृत सरोवर की देखभाल न होने से दुर्दशा

रोजा। मात्र चार वर्ष के अंदर अमृत सरोवर अपना अस्तित्व खोता जा रहा है। अमृत सरोवर में गंदा पानी भरा हुआ है। सरोवर की सीढ़ियों पर रखे भारी भरकम गमले गायब हो गए या टूटे पड़े हैं। दीवारों पर दरारें आ गई है। अमृत सरोवर में लगा भारी भरकम गेट टूट गया है। चाहरदीवारी में लैंप उखाड़ कर ले गये। चाहरदीवारी के किनारे लगे पेड़ पानी न मिलने के कारण झाड़ में बदल गये है।

सुमित कुशवाहा बने भारत परिषद के जिला उपाध्यक्ष

जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

भ्रष्टाचार विरोधी राष्ट्रीय संगठन भारत परिषद ने शाहजहांपुर में संगठन की जड़ें मजबूत करने के लिए नई कार्यकारिणी का विस्तार किया है। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के विधि सलाहकार, पूर्व न्यायाधीश चंद्रभूषण पांडे के अनुमोदन पर जलालाबाद निवासी सुमित कुशवाहा को जनपद का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। भारत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने सुमित कुशवाहा (पुत्र स्वर्गीय हरिनाथ सिंह) की सक्रियता को देखते हुए उन्हें इस महत्वपूर्ण पद की कमान सौंपी है। प्रदेश मीडिया प्रभारी गौरी शंकर त्रिवेदी ने नवनियुक्त उपाध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि जिले की सभी तहसीलों में संगठन की इकाइयों का गठन करना उनकी मुख्य प्राथमिकता होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि सुमित कुशवाहा पूरी निष्ठा के साथ भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाएंगे।

भ्रष्टाचार मुक्त समाज के लिए करेंगे काम: सुमित-अपनी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए सुमित कुशवाहा ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा, संगठन ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। मेरा लक्ष्य संगठन को गांव-गांव तक ले जाना और पीड़ितों को न्याय दिलाना है।नियुक्ति की प्रक्रिया को औपचारिक रूप देते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय चंद्रभूषण पांडे को अथॉरिटी लेटर की प्रमाणित छाया प्रति प्रेषित कर दी है। इस घोषणा के बाद समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने सुमित कुशवाहा को शुभकामनाएं दीं।

खबरें एक नजर में

पुलिस की पैदल गश्त, सुरक्षा व्यवस्था परखी

शाहजहाँपुर। जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर देवेन्द्र कुमार ने क्षेत्राधिकारी नगर पंकज पंत एवं थाना सदर बाजार पुलिस बल के साथ सदर बाजार क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गश्त के दौरान प्रमुख बाजारों, भीड़-भाड़ वाले इलाकों और संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने आमजन से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि वे लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहें, सतर्कता बनाए रखें और जनसुरक्षा के प्रति पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। पुलिस प्रशासन का कहना है कि कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और नागरिकों को सुरक्षित माहौल देने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

गलत इंजेक्शन लगने से 45 वर्षीय युवक की मौत, परिजनों में कोहराम

निगोही,शाहजहांपुर। थाना निगोही क्षेत्र के ग्राम ढकिया तिवारी निवासी पवन कुमार सिंह (45 वर्ष) पुत्र श्रीपाल सिंह की गलत इंजेक्शन लगने से मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, आज सुबह करीब 11 बजे पवन कुमार सिंह के पेट में अचानक तेज दर्द उठा। उन्होंने गांव में ही एक डॉक्टर से दवा ली और दो इंजेक्शन लगवाए, जिसके बाद वह घर वापस आ गए। कुछ देर बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन उन्हें इलाज के लिए निगोही ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उदारा के पास पवन कुमार सिंह ने दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) निगोही पहुंचे। सूचना मिलते ही निगोही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। गांव में घटना को लेकर शोक और आक्रोश का माहौल है। परिजनों का आरोप है कि गलत इंजेक्शन लगने से मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सोशल मीडिया रील को लेकर विवाद, युवकों से माफी मंगवाई गई

शाहजहांपुर। जिले के निगोही थाना क्षेत्र के चौढ़ेराङ्कचौढ़ेरी गांव में सोशल मीडिया पर बनाई गई एक रील को लेकर तनाव का माहौल बन गया। आरोप है कि मुस्लिम समुदाय के कुछ युवकों ने हिंदू देवी-देवताओं से संबंधित एआई आधारित वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद हिंदू संगठनों में आक्रोश फैल गया। सूचना मिलते ही कई हिंदू संगठन के कार्यकर्ता गांव पहुंच गए और मामले पर कड़ी आपत्ति जताई। बताया जा रहा है कि मौके पर मौजूद लोगों ने दो युवकों को पकड़कर बजरंगबली की मूर्ति के सामने ले जाकर उनसे माफी मंगवाई। इस दौरान युवकों से कान पकड़कर उठक-बैठक भी कराई गई और उनसे धार्मिक नारे लगवाए गए। घटना के दौरान मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। घटना के बाद संबंधित युवकों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। फिलहाल इस मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा बनी हुई है। प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

सड़क हादसे में महिला की मौत, पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे विधायक, परिजनों को दी सांत्वना

शाहजहांपुर। थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के गांव बेहटी निवासी सपना गुप्ता की गुर्री चौकी, थाना रौजा क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में मौत हो जाने की सूचना मिलते ही ददरौल विधायक अरविंद सिंह अपने प्रतिनिधि हरजीत चौहान के साथ पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। विधायक ने मृतका के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और घटना की जानकारी ली। उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा देते हुए संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही शासन स्तर से मिलने वाली आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन भी दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। विधायक ने सांत्वना देते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में वह परिवार के साथ खड़े हैं।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। इस दुखद घटना से पूरे इलाके में शोक का माहौल है और लोग मृतका के परिवार के प्रति संवेदना जता रहे हैं।

डॉ. के.पी. गुप्ता की बढ़ी सक्रियता, 2027 को लेकर अटकलें तेज

शाहजहांपुर। जलालाबाद विधानसभा क्षेत्र की सियासत में इन दिनों हलचल तेज हो गई है। वरिष्ठ सर्जन डॉ. के.पी. गुप्ता की भाजपा जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा से हुई हालिया मुलाकात को राजनीतिक दृष्टि से अहम माना जा रहा है। इसके बाद से ही उनके नाम को लेकर कयासों का दौर शुरू हो गया है। डॉ. गुप्ता पिछले कुछ समय से क्षेत्र में लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं। जनसंपर्क अभियान के साथ ही धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में उनकी भागीदारी बढ़ी है। हनुमान जयंती पर भंडारे का आयोजन हो या फिर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना से मुलाकात—हर कदम को राजनीतिक संकेत के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह सक्रियता आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर की जा रही है। स्थानीय स्तर पर उन्हें भाजपा से संभावित दावेदार के रूप में देखा जाने लगा है। सूत्रों की मानें तो अन्य राजनीतिक दल भी डॉ. गुप्ता से संपर्क साधने में जुटे हैं। हालांकि, इस संबंध में उनका कहना है कि उनकी पहली प्राथमिकता भाजपा ही है। अब नजर इस बात पर टिकी है कि बढ़ती सक्रियता और संगठन स्तर पर संपर्क, क्या उन्हें पार्टी का आधिकारिक प्रत्याशी बना पाएगा या नहीं। फिलहाल जलालाबाद की सियासत में डॉ. के.पी. गुप्ता का नाम चर्चा के केंद्र में बना हुआ है।

सस्ती वस्तुओं का लालच देकर 'आईएएस' के नाम पर साइबर ठगी, एक लाख 20 हजार रुपए ठगे

सिधौली, शाहजहांपुर। थाना सिधौली क्षेत्र में साइबर ठगी का एक मामला सामने आया है, जहां ठगों ने खुद को आईएएस अधिकारी बताकर एक व्यक्ति से करीब 1लाख 20 हजार रुपये ठग लिए। गांव बरौरा निवासी मेडिकल संचालक रामकुशल ने बताया कि रविवार सुबह करीब 9 बजे उनके फेसबुक पर पड़ोसी गांव अख्तियारपुर निवासी आईएएस अजीत वर्मा के नाम से एक मैसेज आया। मैसेज में कहा गया कि कुछ अधिकारियों का ट्रांसफर हुआ है और उनके पास घरेलू सामान उपलब्ध है, जिसे सस्ते दामों में बेचा जा रहा है। भरोसा दिलाते हुए ठग ने पहले छोटी रकम भेजने को कहा। पीड़ित ने झांसे में आकर पहले 750 रुपये भेजे। इसके बाद अलग-अलग बहानों से 25 हजार, 10 हजार, 30,750 और फिर 21,550 रुपये ट्रांसफर करा लिए गए। इस तरह कुल 1,20,050 रुपये ठग लिए गए। पैसे भेजने के बाद जब सामान नहीं मिला, तब पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई है और कोतवाली में भी तहरीर देने की तैयारी कर रहा है। इस तरह के मैसेज और लोगों के पास भी आए हैं लेकिन वह ठगी से बच गए अपराध निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि पीड़ित को कोतवाली आकर लिखित शिकायत दर्ज कराने के लिए कहा गया है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्तियों के झांसे में न आएं और किसी भी तरह का भुगतान करने से पहले पूरी तरह सत्यापन अवश्य करें।

अधिकारी और शिक्षक बच्चों के घरों पर जाएंगे

शाहजहांपुर। परिषदीय स्कूलों में नामांकन कराने के लिए स्कूल चलो अभियान शुरू हो गया है। इसके तहत बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने की कवायद शुरू की जा रही है। शिक्षा का महत्व बताने के लिए अधिकारी और शिक्षक बच्चों के घरों पर जाएंगे और प्रेरित कर उनका नामांकन कराएंगे। जिले में 2717 परिषदीय स्कूलों का संचालन होता है। इनमें करीब तीन लाख छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण करते हैं। गत वर्ष के छात्र नामांकन को बनाए रखने के साथ ही अधिक विद्यार्थियों का प्रवेश कराने का लक्ष्य रखा है। ऐसे में स्कूल चलो अभियान शुरू कर दिया गया है। इसी के साथ गत वर्ष की तरह अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करने के लिए शिक्षक उनके घर जाएंगे, साथ ही बीईओ भी गांव का रुख करेंगे। वहां जाकर अभिभावकों को बच्चों को शिक्षा दिलाने के लिए जागरूक करेंगे।

प्रयोगात्मक परीक्षा से छूटे परीक्षार्थियों को एक और मौका

शाहजहांपुर। डीआईओएस हरिवंश कुमार ने बताया कि इंटर की प्रयोगात्मक परीक्षा से छूटे या वंचित परीक्षार्थियों को एक और मौका दिया जाएगा। उनकी प्रयोगात्मक परीक्षाएं नौ और दस अप्रैल को होंगी। डीआईओएस ने बताया कि पूर्व में कुछ विद्यालयों में प्रयोगात्मक परीक्षाएं अवशेष रहने तथा ऑनलाइन अंक अपलोड न होने के दृष्टिगत 13 फरवरी तक विस्तारित की गई थीं। ऑनलाइन डाटा के परीक्षण से यह संज्ञान में आया है कि बाह्य परीक्षकों द्वारा परीक्षार्थियों के प्राप्तांक अपलोड किए जाने के बाद भी कुछ प्रयोगात्मक परीक्षा केंद्रों पर आंतरिक परीक्षकों ने विद्यालय लॉगइन के माध्यम से अंक अपलोड नहीं किए।

त्योहारों को लेकर पुलिस अलर्ट सीओ सिटी ने की बैठक

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।

आगामी त्योहारों के मद्देनजर जनपद पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सीओ सिटी पंकज पंत द्वारा थाना कोतवाली एवं रामचन्द्र मिशन क्षेत्र के समस्त उपनिरीक्षकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्राधिकारी नगर ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी उपनिरीक्षकों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहने तथा संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। साथ ही भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया।

त्योहारों के दौरान आपसी सौहार्द बनाए रखने पर जोर देते हुए अधिकारियों को अफवाहों पर तत्काल नियंत्रण करने और किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा पुलिसकर्मियों को स्थानीय लोगों के साथ समन्वय स्थापित करने और जनसंवाद बढ़ाने की भी हिदायत दी गई, जिससे आमजन में सुरक्षा का विश्वास बना रहे। पुलिस प्रशासन का कहना है कि त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराना उनकी प्राथमिकता है, जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं।

आकाशीय बिजली गिरने से ट्रांसफार्मर हुआ क्षतिग्रस्त

- तमाम घरों की बिजली हुई ठप

तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

आकाशीय बिजली गिरने से ट्रांसफार्मर खराब हो गया। जिससे तमाम घरों की बिजली सप्लाई ठप हो गई। शनिवार रात तेज हवा के साथ हुई हल्की बूंदाबांदी के दौरान बादलों मे तेज गड़गड़ाहट के साथ कांकड़ मोहल्ले में लगे बिजली ट्रांसफार्मर पर आकाशीय बिजली गिर गई। जिसके कारण ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया। और मोहल्ले के तमाम घरों की बिजली व्यवस्था ठप हो गई। रविवार सुबह भी ट्रांसफार्मर न लगने पर बिजली उपभोक्ताओं ने पावर हाउस पहुंचकर नाराजगी जताई। सभासद शहजाद हुसैन ने बताया कि गर्मी में बिजली सप्लाई नहीं मिलने से जहां लोग परेशान है। वहीं बिजली उपभोक्ताओं के घरों में इन्वर्टर डाउन होने के कारण अंधेरा हो गया। और पीने के पानी की किल्लत बनी हुई है। उपभोक्ताओं की नाराजगी पर जेई अनिल कुमार ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को देखा। अनिल कुमार ने बताया कि ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई है इस कारण केवल एक फेस निकल रहा है।

ऑपरेशन कन्विक्शन: दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा, 35 हजार का जुर्माना

शाहजहाँपुर, समृद्धि न्यूज।

जघन्य अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना खुटार क्षेत्र के एक मामले में नाबालिग किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को अदालत ने 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा 35 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत की गई। अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन रमित शर्मा एवं पुलिस महानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र अजय कुमार साहनी के मार्गदर्शन में, पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के नेतृत्व में जनपद पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी की गई। प्रकरण थाना खुटार में दर्ज मु0अ0सं0 338/2024 से संबंधित है, जिसमें आरोपी शान मोहम्मद पुत्र शाबिर उर्फ साबिर, निवासी मोहल्ला सिल्ला थाना हरदुआगंज, जनपद अलीगढ़ पर नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने और उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप था। मामले में धारा 363, 366, 376(3) भादवि तथा पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मॉनीटरिंग सेल, थाना खुटार पुलिस और अभियोजन विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर साक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रभावी पैरवी के चलते माननीय न्यायालय एडीजे-42 ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास और 35 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार ऑपरेशन कन्विक्शन का उद्देश्य जघन्य अपराधों में शामिल अपराधियों को शीघ्र और कठोर सजा दिलाना है। इस तरह की कार्रवाई से अपराधियों में कानून का भय पैदा होगा और समाज में सुरक्षा का माहौल मजबूत होगा।

श्रद्धा और उल्लास के साथ मना ईस्टर पर्व

शाहजहाँपुर, समृद्धि न्यूज़।

ईस्टर के पावन अवसर पर सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च गोविंदगंज में श्रद्धा, आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान दिवस पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु चर्च पहुंचे और प्रार्थना, भजन तथा आराधना के माध्यम से अपनी भक्ति अर्पित की।

इस गरिमामयी आयोजन में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश कुमार खन्ना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने सभी को ईस्टर की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व प्रेम, शांति और मानवता का संदेश देता है और समाज में आपसी भाईचारे को मजबूत करता है। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्री के स्वागत से हुई, जहां चर्च के पुरोहित अमित लाल, भोर फाउंडेशन की अध्यक्ष स्वाति सिंह समेत अन्य गणमान्य लोगों ने उन्हें शॉल, मोमेंटो, बुके और मालाओं से सम्मानित किया। इस दौरान दौलत मसीह, अमित एडवर्ड, एनटीआई डायरेक्टर सपना मैसी, अजीत सिंह, पास्टर दारा सिंह और होली एंजेल्स स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर फातिमा सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पास्टर अमित लाल द्वारा किया गया, जबकि स्वाति सिंह ने अपने प्रभावशाली संबोधन के माध्यम से ईस्टर का संदेश—आशा, नवजीवन और विश्वास—सभी तक पहुंचाया। प्रार्थनाओं, भजनों और पवित्र वचनों से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। इस अवसर पर देश की शांति, समृद्धि और कल्याण के लिए विशेष प्रार्थनाएं भी की गईं। चर्च परिसर को फूलों और आकर्षक सजावट से सजाया गया, जो पुनरुत्थान के आनंद को दर्शा रहा था। अंत में सभी श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को ईस्टर की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम व भाईचारे का संदेश फैलाया। सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च में मनाया गया यह ईस्टर पर्व आस्था, एकता और प्रेम का प्रतीक बनकर सभी के दिलों में अपनी छाप छोड़ गया।

जुआ खेलते पकड़े गए चार लोग, एक बाल अपचारी भी हिरासत में

पुवायां, शाहजहांपुर। पुलिस ने इण्डर कॉलेज मैदान में चल रहे जुए के फड़ पर छापेमारी कर चार लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि एक बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान मिली सूचना पर टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां कुछ लोग जुआ खेलते मिले। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से नकदी बरामद हुई, वहीं फड़ से भी रुपये और ताश की गड्डी मिली। कार्रवाई में कुल 2260 रुपये नगद और 52 पत्तों की ताश बरामद की गई। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में से एक के खिलाफ पूर्व में भी जुआ खेलने का मामला दर्ज है।

गहरे काले बादल देखकर किसानों के माथे पर खिंची चिंता की लकीरें

सिंधौली, शाहजहांपुर। समय किसानों की गेहूं की फसल बिल्कुल पक्की खड़ी है बस काटने की देरी है और कुदरत का नज़ारा यह है कि गहरे काले बादल और इसके साथ बारिश से किसानों के माथे पर लकीरें खिंचना लाजमी है। सिधौली क्षेत्र में गेहूं की फसल काटना शुरू ही हुआ है कई किसानों के अबतक एक बाली भी नहीं कटी मौसम का मिजाज देख कर सबको डर लग रहा कि कब मौसम अपना करवट ले ले। कई गांव के किसानों ने बताया कि उन्होंने अपने गहनों को गिरवी रखकर खेतों को ठेके पर लेकर गेहूं की फसल बोई थी सोचा था कि फायदा होगा लेकिन अभी गेहूं की फसल कट भी नहीं पाई और गहरे काले बादल देखकर मानो उनका दिल तड़प रहा हो। रुक रुक कर आंधी पानी से किसने के ऊपर मानो संकट का बादल छाया हुआ है। जिससे किसान बहुत परेशान और भयभीत से लग रहे हैं।

हत्या के दोषी को उम्रकैद, 30 हजार जुर्माना

शाहजहाँपुर, समृद्धि न्यूज़।

- निगोही क्षेत्र के बहुचर्चित मामले में प्रभावी पैरवी से मिली सजा

जघन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। थाना निगोही क्षेत्र के हत्या के एक मामले में आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावास और 30 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। इस फैसले को कानून व्यवस्था मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण के निर्देश पर प्रदेशभर में गंभीर अपराधों में शीघ्र सजा दिलाने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बरेली जोन के अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा और बरेली परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार साहनी के मार्गदर्शन में, पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के नेतृत्व में शाहजहाँपुर पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई की। मामला थाना निगोही में दर्ज मुअसं 520/2023 से संबंधित है। अभियोजन के अनुसार आरोपी प्रकाश राणा उर्फ चक्की, निवासी ग्राम भवानीपुर, ने पुरानी रंजिश के चलते वादी बब्लू के पिता को एयरगन से गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था। घटना के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में साक्ष्य प्रस्तुत किए। मॉनीटरिंग सेल, थाना निगोही पुलिस और अभियोजन विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर मामले की सुनवाई को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया गया। गवाहों के बयान और साक्ष्यों को प्रभावी ढंग से न्यायालय एएसजे/एफटीसी के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसके आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 30 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अपराधियों को जल्द और कठोर सजा दिलाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस तरह की कार्रवाई से न केवल पीड़ितों को न्याय मिल रहा है, बल्कि समाज में अपराधियों के प्रति सख्त संदेश भी जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि समयबद्ध जांच और प्रभावी पैरवी के चलते सजा की दर में बढ़ोतरी हो रही है, जो कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में सकारात्मक संकेत है।

सिंधौली थाने में आगामी त्योहारों के मद्देनजर एसपी ग्रामीण ने की पीस कमेटी की बैठक

- आगामी त्योहारों/ महापुरुषों की जयंती के दृष्टिगत पैदल गश्त कर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था का लिया जायजा

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।

रविवार को पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा क्षेत्राधिकारी पुवायां के साथ थाना सिंधौली परिसर में आगामी त्योहारों एवं महापुरुषों की जयंती के दृष्टिगत क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों, पीस कमेटी के सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण पीस कमेटी बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए आगामी आयोजनों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के आयोजन को सफल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए समाज के सभी वर्गों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। बैठक में विशेष रूप से अफवाहों के प्रति सतर्क रहने, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर किसी भी प्रकार की भ्रामक अथवा असत्य सूचना का प्रसार न करने तथा ऐसे किसी भी संदेश को बिना पुष्टि के आगे प्रेषित न करने के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही, किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा कानून-व्यवस्था से संबंधित समस्या की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस अथवा डायल-112 पर देने हेतु प्रेरित किया गया। बैठक उपरांत एसपी ग्रामीण द्वारा क्षेत्राधिकारी पुवायां, थाना प्रभारी सिंधौली एवं पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के प्रमुख बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, चौराहों एवं संवेदनशील स्थलों पर पैदल गश्त की गई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति एवं यातायात संचालन का भी निरीक्षण किया गया। गश्त के दौरान संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निरंतर सतर्कता बनाए रखने, प्रभावी चेकिंग अभियान चलाने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों पर विशेष निगरानी रखने, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने तथा ड्यूटी के दौरान पूर्ण जिम्मेदारी एवं सजगता के साथ कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्योहारों एवं आयोजनों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु व्यापक स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इसके अंतर्गत जनपद के विभिन्न स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी, नियमित गश्त, चेकिंग अभियान एवं खुफिया तंत्र को सक्रिय किया गया है।

बंडा में सपा की मासिक बैठक, संगठन मजबूती और चुनावी तैयारी पर जोर

बण्डा (शाहजहाँपुर)। बण्डा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक बड़े उत्साह और जोश के साथ आयोजित की गई। बैठक का आयोजन पुवायां रोड स्थित पार्टी कार्यालय में हुआ, जिसकी अध्यक्षता 134 विधानसभा पुवायां के विधानसभा अध्यक्ष विपिन दीक्षित उर्फ नीटू ने की। बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं

- कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह, बूथ स्तर तक संगठन विस्तार का लिया संकल्प

में खासा उत्साह देखने को मिला और सभी ने आगामी चुनावों को लेकर अभी से सक्रिय होने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष विपिन दीक्षित ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से गरीब, किसान, नौजवान और मजदूरों की आवाज रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे गांव-गांव जाकर पार्टी की विचारधारा का प्रचार-प्रसार करें और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाएं। बैठक में आगामी चुनावों की रणनीति पर भी चर्चा हुई। बूथ स्तर तक संगठन विस्तार, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने और क्षेत्र की जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोपाल अग्निहोत्री, ब्लॉक अध्यक्ष मोनू मिश्रा, जितेंद्र प्रसाद, राजवीर सिंह, राजकुमार रावत, सफीकुर रहमान, गौरव शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद की महिला इकाई का गठन

शाहजहांपुर। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद की महिला शाखा इकाई का गठन किया गया है। इसमें नीता श्रीवास्तव को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बस अड्डे पर हुए कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष राजेश पांडेय व गोला डिपो से आए क्षेत्रीय संयोजक प्रमोद मिश्रा ने सर्वसम्मति से नामों की घोषणा की। इसमें नीता श्रीवास्तव को अध्यक्ष, बबिता सिंह को शाखा मंत्री व अर्पिता वर्मा को संगठन मंत्री मनोनीत किया गया। रिचा अग्निहोत्री को उपाध्यक्ष, गौरी शर्मा को संयुक्त मंत्री, मोहम्मदी अंसारी को संगठन सचिव की जिम्मेदारी दी गई। सभी का फूलमाला देकर व पटका पहनाकर स्वागत किया गया। शाखा मंत्री विनोद मिश्रा ने कहा कि महिलाकर्मी दिक्कत आने पर संगठन के पुरुष पदाधिकारियों से सहयोग मांगती थी। अब महिला इकाई की अध्यक्ष-मंत्री ही उनकी आवाज को बुलंद करेंगी।

अनियंत्रित होकर फिसली बाइक, मां की मौत, बेटा घायल

खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

रविवार खुटार पूरनपुर मार्ग पर बाइक अनियंत्रित होकर पलट जाने से एक महिला की मौत हो गई तथा एक युवक घायल हो गया घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया जहां पर उसका इलाज चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जनपद पीलीभीत क्षेत्र के थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांव गोरा निवासी फजलूरेहमान की पत्नी रहनुमा अपने बेटे मिसवाहुरेहमान के साथ खुटार क्षेत्र के गांव कैहमारिया एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रही थी कि तभी अचानक खुटार पूरनपुर मार्ग स्थित तिकुनिया ओवरब्रिज के पास बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे बाइक पर सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को एम्बुलेंस से खुटार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया जहां पर डाक्टरों ने उनकी पत्नी को मृत घोषित कर दिया जिसकी खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नौकरियां गंवाने की चिंता व मानसिक स्वास्थ्य की पुकार

बेंगलुरु, जिसे भारत की आई.टी. राजधानी के नाम से भी जाना जाता है, पिछले दिनों एक ऐसी घटना से हिल गया, जो न केवल दिल दहला देने वाली है, बल्कि पूरे समाज को सोचने पर मजबूर कर देती है। गत 31 मार्च को कोठानूर इलाके के एक हाई-राइज अपार्टमैंट में एक युवा तकनीकी जोड़ी ने आत्महत्या कर ली। पति भानुचंद्र रैड्डी (32) और पत्नी बीबी शाजिया सिराज (31), दोनों सॉफ्टवेयर इंजीनियर, दोनों की कमाई लाखों में, अमरीका में काम का अनुभव, 80 लाख का सालाना पैकेज और सफलता की सारी बाहरी निशानियां। लेकिन अंदर से, नौकरी खोने का भय और बढ़ता तनाव। ठीक उसी दिन, जब वैश्विक स्तर पर ए.आई. की वजह से आई.टी. सैक्टर में भारी छंटनी की खबरें आ रही थीं, भानुचंद्र अमरीका में काम कर रहे थे। ए.आई. टूल्स के कारण उनकी टीम में छंटनी हुई और उनकी नौकरी चली गई। भारत लौटकर वह नई नौकरी की तलाश में लगे लेकिन असफल रहे। चिंता ने उन्हें घेर लिया। स्वास्थ्य बिगड़ने लगा। अपने सुसाइड नोट में उन्होंने यही लिखा, ''नौकरी की अनिश्चितता और लगातार दबाव।'' पत्नी शाजिया आई.बी.एम. में नाइट शिफ्ट कर रही थीं। सुबह 7.30 बजे घर लौटीं तो पति का कमरा अंदर से बंद था। सुरक्षा गार्ड ने दरवाजा तोड़ा तो भानुचंद्र फांसी पर लटक रहे थे। शाजिया ने 20 मिनट तक वह दृश्य देखा। फिर वह अचानक 18वें फ्लोर पर पहुंचीं और वहां से नीचे कूद गईं। यह घटना ए.आई. क्रांति की उस काली साइड की प्रतीक है, जो कल तक 'भविष्य की तकनीक' मानी जा रही थी। ठीक उसी दिन, 31 मार्च 2026 को, अमरीकी सॉफ्टवेयर दिग्गज ओरेकल ने हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। कंपनी ए.आई. डाटा सैंटर बनाने के लिए भारी निवेश कर रही है। 2026 में 500 करोड़ डॉलर से ज्यादा का कैपिटल निवेश भी किया। लेकिन इस खर्च को पूरा करने के लिए उसने लागत घटाने का फैसला किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, करीब 20,000-30,000 तक कर्मचारी प्रभावित हुए हैं। ओरेकल अकेली नहीं। 2026 में ए.आई. की वजह से बिग टैक की छंटनी की लहर चल रही है। अमेजन ने जनवरी में 16,000 कॉर्पोरेट जॉब्स काटे। माइक्रोसॉफ्ट ने पिछले साल 15,000 पद घटाए। मेटा, एटलासियन, ब्लॉक आदि सभी कंपनियां ए.आई. के नाम पर कर्मचारियों को 'रिडंडेंट' बता रही हैं। भारत में भी आई.टी. सैक्टर में 2017 से अब तक 227 से ज्यादा सुसाइड केस दर्ज हुए हैं। एन.सी.आर.बी. के 2023 के आंकड़ों के अनुसार कुल 1,71,418 आत्महत्याएं हुईं, जिनमें युवा प्रोफैशनल्स (25-40 साल) की संख्या सबसे ज्यादा हैं। बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे जैसे हर शहर में ए.आई. छंटनी का डर युवाओं को घेर रहा है। समस्या सिर्फनौकरी चले जाने की नहीं, समस्या उस चिंता की भी है, जो ए.आई. के नाम पर पैदा हो रही है। ए.आई. टूल्स कोडिंग, डाटा एनालिसिस, यहां तक कि सॉफ्टवेयर डिजाइन में इंसानों से बेहतर साबित हो रहे हैं। कंपनियां सोच रही हैं कि 'कम लोगों से ज्यादा काम'। लेकिन कर्मचारी? उनके लिए यह जीवन-मरण का सवाल बन गया है। ई.एम.आई., लोन, परिवार की जिम्मेदारी, सब कुछ एक नौकरी पर टिका है। जब नौकरी चली जाती है, तो चिंता डिप्रैशन में बदल जाती है और समाज? हम अभी भी इसे 'व्यक्तिगत कमजोरी' मानते हैं। सरकार, कॉर्पोरेट और समाज को मिलकर काम करना होगा। स्कूल-कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ आध्यात्मिक शिक्षा भी शामिल करें। मीडिया आत्महत्या की खबरों को संवेदनशील तरीके से कवर करे। परिवारों में खुली बातचीत का माहौल बने। बेंगलुरु की यह त्रासदी और ओरेकल जैसी कंपनियों की छंटनी हमें चेतावनी दे रही है। ए.आई. भविष्य है लेकिन बिना मानवता के नहीं। जब हम मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक बीमारी की तरह देखेंगे, जब अस्पतालों की तरह साइकोलॉजिकल सैंटर्स हर जगह होंगे और जब आध्यात्मिक मार्गदर्शन हमें अंदर से मजबूत करेगा, तब ही हम इस दबाव को पार कर पाएंगे। समय आ गया है कि हम बदलें। शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को एक साथ देखें। तभी एक स्वस्थ, सशक्त और संतुलित भारत बनेगा।

अंत्योदय से आत्मनिर्भरता तक : जनकल्याण की धारा में बहता नया भारत

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

गरीब कल्याण की दिशा में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों ने समाज के वंचित वर्गों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 2026 तक 10 करोड़ से अधिक एलपीजी कनेक्शन वितरित किए जा चुके हैं (स्रोत- पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, 2026)। इस योजना ने महिलाओं को धुएं से मुक्त रसोई प्रदान कर उनके स्वास्थ्य और सम्मान दोनों की रक्षा की है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2025 तक तीन करोड़ से अधिक पक्के घरों का निर्माण या स्वीकृति दी जा चुकी है। जिससे गरीब परिवारों को स्थायित्व और सुरक्षा का आधार मिला है। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत 11 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया और देश को खुले में शौच से मुक्त घोषित किया गया, जिसने स्वच्छता को एक सामाजिक आंदोलन का रूप दिया। इसी तरह से कृषि क्षेत्र में भी सरकार की नीतियों ने व्यापक प्रभाव डाला है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 2026 तक 11 करोड़ से अधिक किसानों को प्रतिवर्ष 6000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। इस योजना के तहत अब तक 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की जा चुकी है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी सरकार की पहलें उल्लेखनीय रही हैं। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के परिणामस्वरूप लिंगानुपात में सुधार हुआ है और बालिका शिक्षा में वृद्धि दर्ज की गई है। सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत 03 करोड़ से अधिक खाते खोले जा चुके हैं, जो बालिकाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

भारतीय लोकतंत्र के व्यापक और जीवंत परिदृश्य में भारतीय जनता पार्टी अपने वैचारिक मूल्यों, विशेष तौर पर अंत्योदय, सुशासन और 'राष्ट्र प्रथम' को व्यवहार में उतारते हुए जनकल्याण की एक निरंतर प्रवाहित धारा के रूप में जानी जाती है। वर्ष 2014 के बाद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा विभिन्न राज्यों में भाजपा सरकारों ने शासन की कार्यशैली को मूलतः परिवर्तित किया है। विकास अब योजनाओं की घोषणा से आगे परिणाम आधारित प्रशासन का पर्याय बन चुका है, जिसका प्रभाव देश के सामाजिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक ढांचे पर स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

यदि आज देश के विभिन्न हिस्सों का अवलोकन करें तो यही दिखाई देता है कि भाजपा की शासन प्रणाली का केंद्र बिंदु समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की पहुंच सुनिश्चित करना है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने जिस 'अंत्योदय' की अवधारणा प्रस्तुत की थी, वह आज मूर्त रूप में दिखाई देती है। इसी उद्देश्य से प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री जनधन योजना ने वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त की है। वर्ष 2025-26 तक इस योजना के अंतर्गत 50 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले जा चुके हैं। इन खातों में जमा राशि दो लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है।

आज यह पहल सिर्फ बैंकिंग सुविधा तक सीमित न होकर इसने गरीबों को आर्थिक मुख्यधारा में लाने का कार्य किया है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से अब तक 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है। कहना होगा कि इससे पारदर्शिता और जवाबदेही में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।

गरीब कल्याण की दिशा में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों ने समाज के वंचित वर्गों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 2026 तक 10 करोड़ से अधिक एलपीजी कनेक्शन वितरित किए जा चुके हैं (स्रोत : पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, 2026)। इस योजना ने महिलाओं को धुएं से मुक्त रसोई प्रदान कर उनके स्वास्थ्य और सम्मान दोनों की रक्षा की है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2025 तक तीन करोड़ से अधिक पक्के घरों का निर्माण या स्वीकृति दी जा चुकी है। जिससे गरीब परिवारों को स्थायित्व और सुरक्षा का आधार मिला है। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत 11 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया और देश को खुले में शौच से मुक्त घोषित किया गया, जिसने स्वच्छता को एक सामाजिक आंदोलन का रूप दिया।

इसी तरह से कृषि क्षेत्र में भी सरकार की नीतियों ने व्यापक प्रभाव डाला है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 2026 तक 11 करोड़ से अधिक किसानों को प्रतिवर्ष 6000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। इस योजना के तहत अब तक 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की जा चुकी है (स्रोत : पीएम-किसान पोर्टल, 2026)। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से सिंचित क्षेत्र का विस्तार हुआ है और जल प्रबंधन को सुदृढ़ किया गया है। सॉयल हेल्थ कार्ड योजना के अंतर्गत 22 करोड़ से अधिक कार्ड वितरित किए जा चुके हैं, जिससे किसानों को वैज्ञानिक खेती अपनाने में सहायता मिली है। फसल बीमा योजना के तहत करोड़ों किसानों को प्राकृतिक आपदाओं के समय आर्थिक सुरक्षा प्रदान की गई है।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी सरकार की पहलें उल्लेखनीय रही हैं। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के परिणामस्वरूप लिंगानुपात में सुधार हुआ है और बालिका शिक्षा में वृद्धि दर्ज की गई है। सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत 03 करोड़ से अधिक खाते खोले जा चुके हैं, जो बालिकाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। तीन तलाक जैसी कुप्रथा को समाप्त कर मुस्लिम महिलाओं को न्याय और समान अधिकार प्रदान किया गया, जो सामाजिक सुधार की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसके अतिरिक्त 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के माध्यम से महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को भी सशक्त बनाने का प्रयास किया गया है।

इसके साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुष्मान भारत योजना ने गरीबों के लिए जीवन रक्षक कवच का कार्य किया है। 2026 तक इस योजना के अंतर्गत 50 करोड़ से अधिक लोगों को 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया जा रहा है (स्रोत : राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, 2026)। अब तक 06 करोड़ से अधिक अस्पताल में भर्ती उपचार इस योजना के तहत किए जा चुके हैं, जिससे करोड़ों परिवारों को आर्थिक संकट से बचाया गया है। साथ ही, देशभर में 1.5 लाख से अधिक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्थापित किए जा चुके हैं, जोकि प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत कर रहे हैं।

डिजिटल इंडिया अभियान के अंतर्गत भारत ने डिजिटल क्रांति का नेतृत्व किया है। 2025-26 में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से प्रति माह 1500 करोड़ से अधिक लेनदेन दर्ज किए जा रहे हैं (स्रोत : एनपीसीआई, 2026)। यह भारत को विश्व का अग्रणी डिजिटल भुगतान राष्ट्र बनाता है। मेक इन इंडिया पहल के तहत भारत मोबाइल निर्माण में वैश्विक स्तर पर शीर्ष देशों में शामिल हो चुका है। स्किल इंडिया मिशन के माध्यम से 1.5 करोड़ से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, जिससे रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई है।

इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत 35,000 किलोमीटर से अधिक सड़कों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से बड़ी संख्या में परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। रेलवे के आधुनिकीकरण के तहत वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार हुआ है और 2026 तक 75 से अधिक रूटों पर इनका संचालन किया जा रहा है (स्रोत : भारतीय रेलवे, 2026)। 'उड़ान' योजना के तहत 500 से अधिक हवाई मार्ग शुरू किए गए हैं, जिससे छोटे शहरों को हवाई संपर्क मिला है। ग्रामीण विद्युतीकरण के अंतर्गत लगभग सभी गांवों तक बिजली पहुंचाई जा चुकी है।

देखने में आ रहा है कि ग्रामीण विकास के क्षेत्र में जल जीवन मिशन एक क्रांतिकारी पहल बनकर उभरा है। 2026 तक 14 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया जा चुका है। यह पहल ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता को सुधारने में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हुई है। वहीं, शहरी क्षेत्रों में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 100 शहरों में आधुनिक बुनियादी ढांचे का विकास किया जा रहा है (स्रोत : आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय)।

इन सभी प्रयासों में एक समान सूत्र स्पष्ट रूप से दिखाई देता है; सुशासन, पारदर्शिता और जनभागीदारी। तकनीक के उपयोग, डिजिटल प्लेटफॉर्म और प्रशासनिक सुधारों के माध्यम से सरकार ने योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाया है। जनसहभागिता के माध्यम से इन योजनाओं को जनआंदोलन का स्वरूप दिया गया है, जिससे उनकी सफलता और प्रभावशीलता दोनों में वृद्धि हुई है।

अतः आज इस संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी को उसके स्थापना समय से लेकर अब तक यदि समग्र रूप से याद किया जाए तो कहना यही होगा कि भाजपा सरकार की योजनाएं सिर्फ विकास के आंकड़ों तक सीमित नहीं रही हैं, वे समाज के प्रत्येक वर्ग को सशक्त बनाने का माध्यम बनी हैं। ये योजनाएं एक ऐसे भारत की नींव रख रही हैं, जोकि आत्मनिर्भर, समावेशी और सशक्त है। अंत्योदय की भावना से प्रेरित यह विकास यात्रा निरंतर आगे बढ़ रही है, जिसमें लक्ष्य आर्थिक उन्नति के साथ ही सामाजिक न्याय और सभी के लिए समान अवसर हैं।

विचार

भ्रष्टाचार पर नकेल कस बालेन नई छवि बनाने की कोशिश में

यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल की बालेन सरकार एक साथ कई मोर्चों पर लड़ रही है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों से खुली जंग के साथ सफेदपोश अपराधियों के खिलाफ भी मोर्चा खोल दिया है। इस बीच बालेन सरकार के वित्त मंत्री स्वर्णम बाग्ले की काठमांडू में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव से मुलाकात भी चर्चा में है। इस मुलाकात की चर्चा इसलिए भी मायने रखती है क्योंकि यह परंपरा से थोड़ी हटकर थी। परंपरा यह रही है कि जब भी नेपाल में सत्ता परिवर्तन होता है तो सर्वप्रथम भारतीय राजदूत से पहली मुलाकात विदेश मंत्री अथवा प्रधानमंत्री की होती थी।

यद्यपि भारतीय राजदूत और नेपाल के वित्त मंत्री की यह मुलाकात बेहद गोपनीय रही, फिर भी इस मुलाकात के तरह-तरह के मायने निकाले जाने लाजिमी हैं। इस मुलाकात की एक बात यह भी हो सकती है कि चुनाव में भारत ने नेपाल को भारतीय 800 करोड़ की अनुदान राशि उपलब्ध कराई थी। जहां तक बालेन सरकार के भ्रष्ट राजनेताओं पर शिकंजा कसने की बात है तो वह केवल के.पी. शर्मा ओली, रमेश लेखक, महेश बस्नेत और पूर्व ऊर्जा मंत्री की गिरफ्तारी तक ही सीमित नहीं है। एमाले के अन्य नेता भी निशाने पर हैं। नेपाली कांग्रेस नेता और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा सहित इस पार्टी के अन्य नेता भी भ्रष्टाचार के आरोप से घिरे हुए हैं। माओवादी केंद्र के अध्यक्ष पूर्व पी.एम. प्रचंड और पूर्व पी.एम. बाबू राम भट्टराई पर भी भ्रष्टाचार के आरोप हैं। पूर्व पी.एम. शेर बहादुर देउबा सपत्नी अभी भारत में थे, अब उनके थाइलैंड में होने की चर्चा है, शायद किसी बीमारी के इलाज के सिलसिले में। ऐसा माना जा रहा है कि कुछ नेपाली नेता भारत में छुपे हैं। भारतीय राजदूत और नेपाली वित्त मंत्री के बीच मुलाकात में यह भी चर्चा का विषय हो सकता है। बालेन सरकार की भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम में जिलाधिकारी स्तर के एकाध नेपाली अफसर भी सलाखों के पीछे हुए हैं। इसके बाद अभी मनी लांड्रिंग मामले में जो एक बड़े व्यवसायी की गिरफ्तारी हुई है, उससे व्यवसाय की आड़ में अवैध तरीके से धन अर्जन का चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इससे काठमांडू अथवा नेपाल में कहीं भी व्यवसाय की आड़ में लूट-खसूट करने वाले सफेदपोशों में दहशत फैल गई है। गिरफ्तार किए गए दीपक भट्ट नाम के व्यवसायी की जो पृष्ठभूमि सामने आई है वह काफी चौंकाने वाली है। यह कि नेपाल जैसे छोटे देश में भी भ्रष्टाचार की जड़ें इतने गहरे तक हैं। नेपाली कांग्रेस के नेता शेर बहादुर देउबा के चुनाव क्षेत्र डोडुलधुरा के रहने वाले दीपक भट्ट का संबंध नेपाली कांग्रेस के नेताओं के अलावा हर पार्टी के पूर्व प्रधानमंत्रियों से काफी निकट के रहे हैं। एक से बढ़कर एक काले कारनामों से लैस इस व्यवसायी की जब कुंडली खंगाली गई तो प्याज के छिलके की तरह भ्रष्टाचार से जुड़े उसके ढेर सारे कारनामें सामने आने लगे। इनमें एक तो यह भी कि डाक्टर बाबू राम भट्टराई से उसके तार बहुत मजबूती से जुड़े हुए थे, जब वह प्रधानमंत्री थे। बाबूराम भट्टराई से उसकी मुलाकात सत्तारूढ़ दल के एक सांसद ने कराई थी, जब वह नेपाली कांग्रेस में थे। डाक्टर बाबू राम भट्टराई बहुत ज्यादा समय तक प्रधानमंत्री नहीं रहे लेकिन जितने दिन भी थे, सत्ता के गलियारे में दीपक भट्ट की तूती बोलती थी। दीपक भट्ट ने अपनी एक कंपनी के मार्फत बड़ा व्यावसायिक साम्राज्य खड़ा कर लिया था। नेपाल पुलिस को हथियार सप्लाई की दलाली में भी इसके हाथ सने हुए पाए गए। 44 वर्षीय दीपक भट्ट काठमांडू के सानेपा क्षेत्र में रहता है। काठमांडू का यह क्षेत्र दिल्ली के लुटियंस जोन की तरह चच्चत राजनीतिक गलियारा है। यहां राजनीतिक दलों के कार्यालय और नेताओं के आवास हैं। पिछले दो दशक से इस शख्स की हैसियत इतनी थी कि यह न केवल गठबंधन दलों की सरकार बनाने-बिगाडने की कुव्वत रखता था, संसद की राज्य व्यवस्था और सार्वजनिक लेखा समिति तक को प्रभावित करता था। दीपक भट्ट के खिलाफ वित्त मंत्रालय ने गोपनीय जांच के आदेश दिए थे और जब उसके खिलाफ पुख्ता सबूत जुटा लिए गए, तब 2 अप्रैल को उसे काठमांडू के नक्शाल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। सी.बी.आई. के प्रवक्ता शिव कुमार श्रेष्ठ द्वारा उसकी गिरफ्तारी की पुष्टि करते ही नेपाल के सफेदपोश अपराधियों में खलबली मच गई। दीपक भट्ट इस समय 'इन्फिनिटी होल्डिंग्स' नामक एक कंपनी का प्रमुख डायरैक्टर है। आरोप है कि वह सत्ता की गठजोड़ से इसी कंपनी के माध्यम से उसने जलविद्युत, हथियार, हैलिकॉप्टर समेत विभिन्न विदेशी कंपनियों के एजैंट के रूप में काम करते हुए अवैध कारोबार का विशाल साम्राज्य खड़ा कर लिया। दीपक भट्ट का नेपाल के ट्रैवल एजैंसी, होटल, रियल एस्टेट, कंसल्टैंसी, बीमा और लघु वित्त जैसे क्षेत्रों में भी सीधी और परोक्ष संलिप्तता बताई जाती है। सरकार ने उसके खिलाफसंपत्ति शुद्धीकरण मामले में विस्तृत जांच शुरू की थी, जिसके तहत अध्यागमन विभाग ने उसे काली सूची में डालते हुए उसकी विदेश यात्रा पर रोक लगा दी थी। फिलहाल, भट्ट, उसकी कंपनी और उससे जुड़ी सभी संपत्तियों की गहन जांच जारी है। तय है कि यह सब कर बालेन अपनी नई छवि भी गढ़ना चाहते हैं। भ्रष्टाचार से लड़ाई दुनिया के किसी भी देश में आसान नहीं रही लेकिन अगर बालेन इसमें सफलता पा लेते हैं तो नेपाल के भविष्य के लिए यह बहुत अच्छा होगा।

साहित्य

नए चित्रकार

बिंदेश कुमार झा

मकान में नए लोग आने लगे हैं,
दीवार के दाग साफ़ होने लगे हैं।
यह दाग नहीं है, चित्रकारी है,
इसमें पेंसिल, चॉक और किलकारी है।
एक बड़े कलाकार की,
जिसकी उंगली है सुई के आकार की।

बिकती नहीं है ये बाज़ार में,
इन यादों की कीमत नहीं हज़ार में।
बचपन कितना महंगा है न?
एक बड़ा चित्रकार आया है,
कुछ रंगों का डिब्बा लाया है।

दीवारों पर सुंदर दृश्य बनाना है,
खेलते बच्चों का चित्र दिखाना है।
सुगंध नहीं इन तस्वीरों में,
पेंसिल, चॉक, मोम नहीं है लकीरों में।
यह पेंटिंग टिकती है बस एक बार,
बड़े होते बच्चे ले आते नए चित्रकार।

राशिफल

मेषः- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। नाजुक संबंधों में भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

वृषभः- विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

मिथुनः- किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। पारिवारिक संबंधों में कटुता न आने दें।

कर्कः- किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित न हों। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलने वाली हैं।

सिंहः- अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों की मधुरता बढ़ेगी। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिंतित होगा। किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा। असीम प्रतिभाओं के बावजूद असफल होंगे।

कन्याः- कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता के लिये उद्वेलित करेगी। दूसरों की आलोचना का असर मनोबल पर कतई न पड़ने दें।

तुलाः- कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन नई-नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी।

वृश्चिकः- बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा। बिना वजह दूसरों की पीठ पीछे आलोचना न करें।

धनुः- दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न पाले। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का भी योग है। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य की पूर्ति समय से करें।

मकरः- रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता मिलने का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में क्षमताओं का लाभ उठाएंगे।

कुंभः- रोजगार क्षेत्र में मिल रहे नये अवसरों का लाभ उठाएंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा।

मीनः- आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

डीएनटी, एनटी, एसएनटी समुदाय है अदृश्य भारत की पहचान व उम्मीदों का नया द्वार

कैलाश चन्द्र

भारत की स्वाधीनता को 77 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन देश का एक बड़ा हिस्सा आज भी अपनी स्वतंत्र पहचान के लिए संघर्ष कर रहा है- ये हैं डिनोटिफाइड, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदाय, जिन्हें हम डीएनटी, एनटी, एसएनटी समुदाय के नाम से जानते हैं। अनुमान लगाया जाता है कि इनकी जनसंख्या आठ से ग्यारह करोड़ के बीच है, पर विडंबना यह है कि भारत की किसी भी राष्ट्रीय जनगणना ने इन्हें कभी अलग श्रेणी में नहीं गिना। इसी कारण 2027 की प्रस्तावित जनगणना को लेकर इन समुदायों में नई आशा जन्मी है, क्योंकि पहली बार उनकी पहचान साफ़-साफ़ दर्ज होने की संभावना बन रही है।

इन समुदायों की पीड़ा इतिहास की धूल में दबी पड़ी है। 1871 के क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट ने लगभग 150-200 समुदायों को जन्मजात अपराधी घोषित कर दिया था। 1952 में यह कानून भले ही खत्म हुआ, लेकिन समाज की नज़रों में अपराधीकरण का दाग अब तक नहीं मिटा। आज भी कई जगह पुलिस निगरानी, सामाजिक भेदभाव और अविश्वास का सामना उन्हें करना पड़ता है।

स्वतंत्र भारत की जनगणनाओं में इन समुदायों के लिए अलग जगह न होना भी एक और बड़ी कमी रही है। सरकार का तर्क यह रहा कि इनकी पहचान राज्य-वार सूचियों में पहले से मौजूद है, लेकिन विशेषज्ञ इसे नीति की अस्पष्टता और प्रशासनिक सुस्ती बताते हैं। स्थिति इतनी जटिल है कि एक ही समुदाय एक राज्य में अनुसूचित जाति (एससी), दूसरे में अनुसूचित जनजाति (एसटी), तीसरे में ओबीसी और कहीं-कहीं किसी भी सूची में नहीं मिलता। नतीजतन योजनाओं, छात्रवृत्तियों, आरक्षण और पुनर्वास में भारी असमानताएँ पैदा होती हैं।

वस्तुतः कई आयोगों ने तो यहाँ तक उल्लेख किया है कि इन समुदायों के नाम पर आने वाला फंड अक्सर उनसे पहले ही किसी और द्वारा खपा लिया जाता है। स्थायी पते की कमी ने इन्हें पहचान-पत्रों, राशन कार्डों, बैंकिंग सुविधाओं और स्वास्थ्य योजनाओं से भी दूर रखा है। 'रेन्के कमीशन' ने कहा था कि सरकारी संसाधन इन समुदायों तक शायद ही पहुँच पाते हैं। दो बड़े आयोग, रेनके (2008) और इदाते (2018) ने विस्तृत अध्ययन कर कई महत्वपूर्ण सिफारिशें कीं, पर उनका क्रियान्वयन आज भी बेहद सीमित है। सुप्रीम कोर्ट भी इस विषय को सरकार की नीति का हिस्सा मानकर हस्तक्षेप से पीछे हट गया है, जिससे इन समुदायों की निगाहें अब पूरी तरह केंद्र सरकार के निर्णय पर टिकी हैं।

दुखद यह है कि भारत के मीडिया और राष्ट्रीय विमर्श में भी ये समुदाय लगभग अदृश्य बने हुए हैं। जहाँ सामाजिक न्याय की बहसें अक्सर एससी/एसटी/ओबीसी के इर्द-गिर्द घूमती हैं, वहीं डीएनटी, एनटी, एसएनटी समुदायों का उल्लेख मुश्किल से देखने को मिलता है। विशेषज्ञ इसे भारत का अदृश्य सामाजिक वर्ग कहते हैं, लेकिन इस अँधेरे में भी आशा की किरण है। 2027 की जनगणना यदि इन्हें अलग पहचान दे दे, तो पहली बार देश को इनके वास्तविक आँकड़े मिलेंगे, नीतियाँ सटीक बनेंगी, फंडिंग का लक्ष्यीकरण बेहतर होगा और सदियों पुरानी उपेक्षा को दूर करने की दिशा में निर्णायक कदम उठाया जा सकेगा।

यही कारण है कि इन समुदायों का कहना है, पहचान ही अधिकार का पहला कदम है। इन सबके बीच एक सकारात्मक पहलू यह भी है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पिछले कुछ वर्षों में महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के घुमंतू-अर्धघुमंतू समुदायों के बीच गहरा और निरंतर काम किया है। संघ के स्वयंसेवकों ने प्रशासन के साथ मिलकर 50,000 से अधिक परिवारों को आधार कार्ड, राशन कार्ड और पहचान-पत्र उपलब्ध कराए, जिससे वे पहली बार सरकारी योजनाओं और जनकल्याण व्यवस्था से जुड़ सके।

संघ द्वारा संचालित कौशल विकास कार्यक्रमों, जैसे सिलाई, बढ़ईगीरी, हस्तशिल्प, कृषि तकनीक, मोबाइल रिपेयरिंग और लोककला प्रशिक्षण ने अनेक परिवारों में आत्मनिर्भरता का नया भाव जगाया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, नशामुक्ति और सामाजिक समरसता से जुड़े कार्यक्रमों ने समुदायों का आत्मविश्वास बढ़ाया है और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इस पूरे परिदृश्य में एक बात स्पष्ट है कि भारत का यह बड़ा और बहु-आयामी सामाजिक वर्ग अब भी मान्यता और सम्मान की प्रतीक्षा में है। 2027 की जनगणना उनके लिए सिर्फ आँकड़ों का सवाल नहीं है, यह तो उनकी पहचान और सम्मान की पहली सीढ़ी है। देश यह कदम कब और कैसे उठाता है, यही आने वाले समय में इन समुदायों के भविष्य का निर्धारण करेगा।

(लेखक सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्तम्भकार हैं)

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :**

खबरें एक नजर में

गैंगस्टर का आरोपी गिरफ्तार, तमंचा-कारतूस बरामद

सण्डीला/हरदोई। थाना संडीला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सत्यापन अभियान के दौरान एक शातिर लुटेरे व गैंगस्टर अपराधी को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार मोहम्मद ईशा उर्फ ईशा पुत्र रफीक निवासी दामाद पुरवा कस्बा, थाना संडीला, जो हाल ही में जेल से रिहा हुआ था, संदिग्ध गतिविधियों के चलते पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर व एक कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। इस संबंध में थाना संडीला पर आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक संडीला विद्या सागर पाल ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में भी लूट व गैंगस्टर एक्ट के तहत कई मामले दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अपराधियों के विरुद्ध सख्त अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी तरह की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस का उद्देश्य क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखना है तथा अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

जनपद पुलिस ने पांच को अलग-अलग तमंचे सहित किया गिरफ्तार

हरदोई। हरदोई जनपद के अलग अलग थाना छेत्रों से पुलिस ने पांच लोगों को तमंचे सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में संडीला पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर मोहल्ला दामादपुरवा निवासी ईशा पुत्र रफीक को एक तमंचा और एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। टड़ियाँवा पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने राजू पुत्र लालता को एक तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली देहात पुलिस के अनुसार वाहन चेकिंग के दौरान एक बाइक पर तीन युवकों को रोकने पर आरोपियों द्वारा पुलिस पर फायर किया गया। पुलिस ने घेराबंदी कर थाना छेत्र के ओमपुरी निवासी जीतू पुत्र रमेश, लाखन पुत्र राजेंद्र और संतोष पुत्र मुनेश्वर को एक तमंचा एक मिस कारतूस,एक खोखा और बाइक सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार पाचो आरोपियों को जेल भेज दिया है।

ग्राम प्रधान ने लेखपाल पर पैसा लेने का लगाया आरोप

कोथावां/हरदोई। विकासखंड कोथावां की ग्राम पंचायत शादीपुर की महिला प्रधान ने हल्का लेखपाल पर सरकारी काम के नाम पर पैसा लेने का आरोप लगाया है बता दे 1 अप्रैल को शिकायतकर्ता प्रधान ने जनसुनवाई के माध्यम से मुख्यमंत्री,जिला अधिकारी,जिला खनन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक हरदोई को ऑनलाइन शिकायत की है। जिसमें प्रधान ने आरोप लगाते हुए बताया है गांव का हल्का लेखपाल ग्राम सभा की चरागाह जमीन पर बालू का खनन दूसरे लोगों से पैसा लेकर करवाता है आय प्रमाण पत्र के नाम पर भी पैसा लेने से नहीं चूकता जिस ग्रामीण से पैसा नहीं मिलता उसकी आय बढ़ाकर रिपोर्ट लगा देता है उपरोक्त विषय पर लेखपाल से कहा जाता है तो लेखपाल नाराजगी जाहिर करते हुए अपमानित भाषा का प्रयोग करते हुए जान माल की धमकी देता हैं। गांव में खलिहान की जमीन पर लोगों से पैसा लेकर फसल की बुवाई करवाता है ग्राम पंचायत का कोई भी काम बिना पैसे लिए नहीं करता है। उपरोक्त विषय पर क्षेत्रीय लेखपाल ने बताया प्रधान द्वारा लगाए गए सारे आरोप निराधार हैं अगर प्रधान को ऐसा लग रहा है तो उसकी जांच करवाए दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। वही उपरोक्त मामले पर राजस्व निरीक्षक ने बताया ऐसा अगर लेखपाल द्वारा किया जा रहा है तो गलत है इस विषय पर उच्च अधिकारियों से आप बात कर लें। मामले पर उप जिलाधिकारी संडीला से फोन कॉल पर संपर्क करना चाहा लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

वारंटी को पुलिस ने पकड़ा

जालौन (उरई)। विभिन्न मामलों को लेकर न्यायालय द्वारा वांछित चल रहे व्यक्ति को कोतवाली पुलिस ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हिरदेशाह निवासी इशहाक विभिन्न मामलों को लेकर न्यायालय द्वारा वांछित चल रहा था। चौकी प्रभारी मनीष तिवारी को सूचना मिली कि वांछित चुंगी नंबर चार के पास खड़ा होकर कहीं बाहर भागने की फिराक में है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने वांछित को पकड़कर न्यायालय में पेश किया है।

एससी कांवेंट स्कूल में बच्चों को बांटे परीक्षाफल दिए पुरस्कार

जालौन (उरई)। एससी कांवेंट स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मेधावियों को शील्ड व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मौजूद संस्था के डायरेक्टर अजय प्रताप सेंगर ने कहा कि हर बच्चा मेहनत करता है। उस मेहनत का परिणाम उन्हें वार्षिक परीक्षाफल में अंकों के रूप में मिलता है। सभी बच्चे अपनी ओर से मेहनत करते हैं। जिन्हें इनाम नहीं मिला है वह भी मायूस न हों बल्कि आगे और मेहनत के साथ इस मुकाम तक पहुंचे। साधना सिंह ने कहा कि सभी बच्चों को सफलता मिली है। यह एक दिन का परिणाम नहीं है बल्कि वर्ष भर की मेहनत का फल है। ऐसी ही आगे भी मेहनत करते रहें। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रिजल्ट वितरण की घोषणा में कक्षा पीजी में अर्श व दक्ष शर्मा, एलकेजी में माहीनूर व अभिनंदन भदौरिया, यूकेजी में सुयश व काव्या, एक में निधि सिंह व गौरी सेंगर, दो में यशस्वी भदौरिया व उत्कर्ष राजावत, तीन में नित्यप्रताप सिंह व प्रतीक सिंह, चार में देव त्रिपाठी व वैष्णवी राजावत, पांच में लक्ष्य तिवारी व रूद्र चौहान, छह में प्रतिज्ञा व आशी गुप्ता, सात में अंश कश्यप व शिव भदौरिया आठ प्रबल प्रताप सिंह व आलिया खान ने क्रमशः पहला व दूसरा स्थान प्रापत किया। सभी टॉपर को शील्ड व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों के लिए राहत की बड़ी पहल, 72 घंटे में सूचना दर्ज कर मिलेगा मुआवजा

उरई (जालौन)। जनपद में हाल ही में हुई अतिवृष्टि एवं ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान के मद्देनजर उप कृषि निदेशक सुशील कुमार उत्तम ने किसानों के हित में अहम निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि जिन किसानों की फसलें बीमित हैं, वे अपनी फसल क्षति की सूचना 72 घंटे के भीतर भारत सरकार के टोल फ्री नंबर 14447 पर अवश्य दर्ज कराएं, जिससे समयबद्ध सर्वे एवं पारदर्शी आकलन के बाद उन्हें शीघ्र मुआवजा दिलाया जा सके। उप कृषि निदेशक ने बताया कि सूचना दर्ज करते समय किसान अपना आधार नंबर या बीमा पॉलिसी नंबर अवश्य साथ रखें, जिससे क्षति का सही विवरण दर्ज किया जा सके और दावा प्रक्रिया में कोई बाधा न आए। सूचना प्राप्त होने के बाद संबंधित एजेंसियों द्वारा मौके पर सर्वे कर वास्तविक नुकसान का आकलन किया जाएगा और पात्र किसानों को नियमानुसार क्षतिपूर्ति प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी विकासखंडों में बीमा कंपनी के प्रतिनिधि तैनात हैं, जिनसे संपर्क कर किसान सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उनका विवरण निम्नानुसार है जिसमें जिला स्तर पर पवन सिंह (जिला प्रबंधक) मो. 8976965889, डकोर विकासखंड हेतु आशुतोष मिश्रा (ब्लॉक कोऑर्डिनेटर) मो. 8707081757, जालौन एवं कुठौंद विकासखंड हेतु नारायण पाल (ब्लॉक कोऑर्डिनेटर) मो. 9301264553, कोंच एवं नदीगांव विकासखंड हेतु वीरपाल (ब्लॉक कोऑर्डिनेटर) मो. 6394334866, महेवा एवं कदौरा विकासखंड हेतु लव कुमार (ब्लॉक कोऑर्डिनेटर) मो. 8317071855, माधौगढ़ एवं रामपुरा विकासखंड हेतु विजय त्रिवेदी (ब्लॉक कोऑर्डिनेटर) दू मो. 9984770747। उप कृषि निदेशक ने बताया कि इसके अतिरिक्त जनपद स्तर पर राजस्व एवं कृषि विभाग तथा बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों की संयुक्त टीमें गठित कर गांव-गांव सर्वे कराया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रभावित किसान को राहत से वंचित न रहना पड़े।उन्होंने किसानों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और समय से अपनी सूचना दर्ज कर शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं। प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ किसानों के हितों की रक्षा हेतु प्रतिबद्ध है।

लौना-हरदोई गूजर जर्जर सड़क को गड्ढा मुक्त कराने की मांग

जालौन (उरई)। लौना से लेकर हरदोई गूजर होकर झांसी फोर लेन तक जर्जर सड़क को गड्ढा मुक्त कराने की मांग करते हुए नगर के व्यक्ति ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। नगर के मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी अशफाक राईन ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क मार्गों स्थिति अच्छी नहीं है। मांग करते हुए कहा कि अधिकारियों को संपर्क मार्गों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए जाएं। जो संपर्क मार्ग जर्जर हैं, उन्हें सही कराया जाए। बताया कि जालौन से लौना, छानी, हरदोई गूजर मार्ग झांसी मुख्य मार्ग से जुड़ा हुआ है, लेकिन इस सड़क की हालत खराब हो गई है। ग्रामीणों को दोपहिया और चारपहिया वाहनों से आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जालौन से होकर इस मार्ग की दूरी उरई की अपेक्षा कम है। लेकिन सड़क की खराब हालत के चलते आवागमन में दिक्कत होती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर निरीक्षण कराकर वीडियोग्राफी कराए जाने और सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

तहसीलों में 'महिला हेल्प डेस्क' स्थापित, समस्याओं का होगा त्वरित समाधान

हरदोई, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी के मार्गदर्शन एवं निर्देशों के अनुपालन में जनपद की सभी तहसीलों में महिलाओं की सुरक्षा और सहायता हेतु मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत महिला हेल्प डेस्क की स्थापना सुनिश्चित की गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देश हैं कि शासन की इस प्राथमिकता वाले अभियान का लाभ हर पात्र महिला तक पहुँचना चाहिए। इसी क्रम में जनपद की समस्त तहसीलों में सक्रिय की गई हेल्प डेस्क के माध्यम से महिला फरियादियों की शिकायतों को न केवल सुना जाएगा, बल्कि उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण भी किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में प्रशासन का यह प्रयास है कि महिलाओं को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक भाग-दौड़ न करनी पड़े।

तहसील स्तर पर स्थापित इन डेस्कों पर तैनात कर्मचारी महिला शिकायतों का विवरण दर्ज करेंगे और संबंधित अधिकारियों के माध्यम से उनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएंगे।

देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी कर वायरल करने वाला आरोपी पुलिस गिरफ्त में

हरदोई, समृद्धि न्यूज।

कछौना पुलिस ने हिन्दू देवी देवताओं पर टिप्पणी कर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है।

प्राप्त विवरण में कछौना पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर राजकुमार पुत्र गुरुबख्श निवासी ग्राम पकरिया उसर मजरा लोन्हारा थाना कछौना द्वारा अपने सोशल मीडिया अकाउण्ट से हिन्दू देवी देवताओं पर अभद्र व आपत्तिजनक टिप्पणी की गई।थाना कछौना पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उप निरीक्षक रामचंद्र शर्मा और पुलिस बल द्वारा तत्परता दिखाते हुए उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद अभियुक्त राजकुमार पुत्र गुरुबख्श निवासी ग्राम पकरिया उसर मजरा लोन्हारा थाना कछौना जनपद हरदोई को गिरफ्तार किया गया है।

नगर पालिका में कमीशनखोरी का आरोप, ऑडियो वायरल होने से मचा हड़कंप

- सभासद प्रतिनिधि पर ठेकेदारों से दबाव बनाकर वसूली के आरोप, ईओ ने जांच के दिए संकेत

हरदोई/पिहानी। नगर पालिका परिषद पिहानी में निर्माणाधीन सड़कों को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। सभासद प्रतिनिधि अरुण गुप्ता पर ठेकेदारों से कमीशन लेने का आरोप लगा है। इस मामले में एक कथित ऑडियो वायरल होने के बाद नगर पालिका में हड़कंप मच गया है। वायरल ऑडियो में सभासद प्रतिनिधि अरुण गुप्ता कथित तौर पर ठेकेदारों पर दबाव बनाते हुए सुनाई दे रहे हैं। ऑडियो में वह चेयरपर्सन प्रतिनिधि सैफ खान को लेकर भी आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए उनकी हैसियत पर सवाल उठाते नजर आ रहे हैं। साथ ही यह भी कहते सुनाई दे रहे हैं कि उनकी मर्जी के बिना चेयरपर्सन चेक पर हस्ताक्षर नहीं कर सकतीं। इतना ही नहीं, ऑडियो में एक ठेकेदार रिजवान का जिक्र करते हुए कथित तौर पर कहा जा रहा है कि जैसे उसे दौड़ा-दौड़ाकर रुलाया है, वैसे ही गया प्रसाद को भी कमीशन न देने पर परेशान करेंगे। इस पूरे मामले को लेकर ठेकेदारों में रोष है। कई ठेकेदारों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि वे लगातार कमीशन की मांग से परेशान हैं और काम करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

क्या कहते हैं जिम्मेदार: अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया, मामला संज्ञान में आया है। ऑडियो की जांच कराई जाएगी और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, आरोपों पर सफाई देते हुए सभासद प्रतिनिधि अरुण गुप्ता ने कहा, हमारी बातचीत पंकज मिस्त्री से हो रही थी। ठेकेदारों से कमीशन लेने का आरोप निराधार है। नगर पालिका में इस मामले के तूल पकड़ने के बाद अब सभी की निगाहें जांच और संभावित कार्रवाई पर टिकी हैं।

संडीला में ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक, यातायात व सुरक्षा पर जोर

संडीला/हरदोई। कोतवाली संडीला प्रभारी निरीक्षक विद्यासागर पाल ने कस्बा संडीला में ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित कर लोगों को सुरक्षा व कानून व्यवस्था के प्रति जागरूक किया। बैठक में उन्होंने वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करने, हेलमेट व सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाने की अपील की। साथ ही महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने को कहा।प्रभारी निरीक्षक ने ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने गांवों में नियमित भ्रमण करते रहें और आपसी समन्वय बनाकर शांति व्यवस्था बनाए रखें, जिससे किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के सहयोग से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

किसान नेता रफीक लम्बू ने मीर नगर अजिगवां के बच्चों को किया सम्मानित

हरदोई, समृद्धि न्यूज।

संडीला तहसील के मीर नगर अजिगवां की प्राइमरी पाठशाला में आज एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें परीक्षा में सफल हुए बच्चों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन धरतीपुत्र के प्रदेश अध्यक्ष रफीक लम्बू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। रफीक लम्बू ने परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सभी बच्चों को इनाम देकर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही बच्चों को मिठाई खिलाकर उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी। कार्यक्रम का माहौल खुशी और उत्साह से भरा हुआ था, जहाँ बच्चों के चेहरों पर सफलता की मुस्कान साफ झलक रही थी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मेहनत और लगन से पढ़ाई करने वाले बच्चे ही भविष्य में देश का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने बच्चों को आगे भी इसी तरह मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के अध्यापकों को भी उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए शुभकामनाएं दी गईं। रफीक लम्बू ने शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों की सफलता में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है। इस तरह का आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इसी मोके पर मीना रानी तोमर (इंचार्ज प्रधानाध्यापक) राघव शरण सिंह (सहायक अध्यापक) रफिया बानो (शिक्षा मित्र), एमन गजाला जेबा, सारिया, वैष्णवी नैना मौजूद रहे।

विद्युत विभाग को शिकायती पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

बेनीगंज/हरदोई, समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र बेनीगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत ममरेजपुर मजरा शाहपुर गांव में हाई वोल्टेज 11000 लाइन गांव के आबादी मकान के पास से ना निकालने के विरोध में ग्राम वासियों ने संडीला विद्युत अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण को ज्ञापन देकर गांव के बाहर से लाइन निकलवाए जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि हाई वोल्टेज लाइन गांव के आबादी मकानों के बिल्कुल पास से निकलने से किसी समय कोई भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है लेकिन ठेकेदार के द्वारा मनमाने तरीके से खंभा गडवाकर जबरिया लाइन खिंचवाने का प्रयास किया जा रहा है अगर शासन प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठाता है तो आने वाले समय में कोई भी बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। क्योंकि आए दिन बिजली विभाग के द्वारा कहीं ना कहीं बड़ी-बड़ी दुर्घटनाएं हुआ करती हैं। प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार,रामखेलावन, शिवकुमार गुप्ता, संजय,मनोहर सहित करीब दो दर्जनों से अधिक लोगों बताया है लगभग 40 मकान इस विद्युत लाइन के चपेट में आजायेगें जिससे छत पर चढ़ने वाले जहां बच्चे आम आदमी को दुर्घटना हो सकती है वहीं जानवर भी यहीं पर बांधे जाते हैं ग्रामीणों की मांग है कि उक्त लाइन गांव के पूर्व बाहर से निकली जाए आबादी क्षेत्र में हाई वोल्टेज लाइन ना निकालें। वहीं भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुप्ता संगठन के जिला अध्यक्ष इम्तियाज अली ने कहा कि अगर अधिकारी शीघ्र कार्य को नहीं रूकवाते हैं तो हम लोग वहीं पर धरना प्रदर्शन अनिश्चितकाल शुरू कर देने के लिए बाध्य होंगे।

आंधी के साथ हुई ओलावृष्टि से दो दर्जन गांवों की फसलें हुईं बर्बाद

कुठौंद (जालौन)। शनिवार को आयी तेज आंधी के साथ हुई ओलावृष्टि ने किसानों की हजारों एकड़ क्षेत्र में लहलहाती या फिर कटी पड़ी फसलों को पूरी तरह से बर्बाद करने की कहानी लिख डाली। शनिवार की अपरान्ह में अचानक मौसम का मिजाज बिगड़ा और देखते ही देखते तेज आंधी के साथ आसमान में काले बादल छाने शुरू हो गये उस दौरान ज्यादातर किसान अपने खेतों पर मौजूद थे तभी अचानक ओलों की बारिश शुरू हो गयी जिसमें ग्राम कुठीला, निजामपुर, दौलतपुर मिहोना, सलेमपुर, इटहआ, सलेमपुर कालपी, कुठौंद, नोरेजपुर, नहली, पीपरी, रंधीरपुर, धर्मपुर, लोहई, टिकरी, करमुखा, भदेख दिबारा, भदेख मुस्तकिल आदि दो दर्जन गांवों में सैकड़ों एकड़ जमीनों की फसलें चौपट हो गई। जबकि नैनापुर, हिंडोली, उमरी, चौथ, हसनपुर, रोमई, हरिशंकर पुर, रोमई, देबन पुरवा आदि गांवों में फसलों का बड़े स्तर पर नहुकसान होने की बात कही जा रही है। कुदरत की मार से बेहाल किसान के सामने अब अपने परिवारजनों का पेट भरने तक की मुसीबत खड़ी हो गयी। हालांकि लेखपालों की सामूहिक टीमों का गठन किया गया है। जो आला अधिकारियों के निर्देशन में ओला प्रभावित गांवों में पहुंचकर फसलों के नुकसान का सर्वे कर प्रभावित किसानों की आख्या देंगे ताकि उन्हें तत्काल राहत पहुंचायी जा सके।

खेत में लगी आग से गेहूं की फसल हुई खाक

कालपी (जालौन)। गर्मी का मौसम शुरू होते ही अग्निकांड की घटनाओं में नेतृत्व में होने लगी है। तहसील क्षेत्र के ग्राम इमिलिया मौजा सोहरापुर में खेतों में आग लगने से गेहूं की फसल बर्बाद हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मचारियों के द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आग में नियंत्रण किया है। अग्निशमन केन्द्र कालपी के सूत्रों के मुताबिक अज्ञात कारणों के चलते खेत में आग लगने से गेहूं के गड्ढों में आग सुलगने लगी देखते देखते आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। दमकल वाहन लेकर मौके पर पहुंचे कर्मचारियों के द्वारा खेतों मैं लगी आग को बुझाया गया। आग बुझाने में अग्निशमन केंद्र कालपी के प्रभारी विनोद कुमार नायक, फायर मैन मानवेंद्र सिंह, शिवकुमार, अरविन्द सिंह, सुधीर कुमार सहभागिता की।

अक्षय तृतीया पर कालपी में निकलेगी परशुराम शोभायात्रा, बैठक में बनी रूपरेखा

कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज़।

अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर 19 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह आयोजन अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा.) कालपी के तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार प्रातः 10 बजे राधे गार्डन गेस्ट हाउस, कालपी में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर के विप्र समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शोभायात्रा को भव्य एवं आकर्षक बनाने के लिए अपने सुझाव एवं सहयोग दिए। इस दौरान आयोजन की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई तथा आर्थिक सहयोग भी एकत्र किया गया। निर्धारित रूट के अनुसार शोभायात्रा ठक्कर बापा स्थल से प्रारंभ होकर बाजार, फुलपावर, एस सर्विस रोड, दुर्गा मंदिर, कोतवाली रोड, संस्कृत महाविद्यालय, स्टेशन रोड, बर्फ फैक्टरी होते हुए खोया मंडी पहुंचकर पुनः ठक्कर बापा पर समापन होगा। शोभायात्रा में 5 आकर्षक रथ शामिल किए जाएंगे। इसके साथ ही डीजे, बैंड और ढोल-नगाड़ों की धुन पर श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ भाग लेंगे। बैठक में संगठन के जिलाध्यक्ष राजू पाठक सहित बृजगोपाल द्विवेदी, नरेंद्र द्विवेदी, आशुतोष मिश्रा, आनन्द शर्मा, प्रदीप तिवारी, अवधेश बाजपेयी, सतीश द्विवेदी, हरिश्चंद्र दीक्षित, ज्ञानेंद्र मिश्रा, रामलखन द्विवेदी, धर्मेंद्र शर्मा, अशोल गोस्वामी समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

जन आरोग्य मेलों में चिकित्सकों ने 124 मरीजों का उपचार कर दी सलाह

कालपी (जालौन)। रविवार को 3 पीएचसी में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकीय टीमों के द्वारा 124 मरीजों का उपचार करके बदलते मौसम में स्वास्थ के प्रति परामर्श दिया गया। जिला प्रशासन के निर्देश के अनुसार रविवार को सुबह 10 से 4 वजे नगरीय पीएचसी उदनपुरा कालपी में चिकित्साधिकारी डॉक्टर अमित पोरवाल की अध्यक्षता में आयोजित मेले में 62 मरीजों का इलाज किया गया। जिसमें 39 पुरुष तथा 25 महिला मरीज शामिल रहे। इस दौरान शुगर के 6 टेस्ट किए जबकि बुखार तथा स्किन के 7 व 8 मरीजों की जांच की गयी। महिला चिकित्सक डॉ रंजना सिंह ने होम्योपैथी चिकित्सा के बारे में जानकारियां देते हुये जागरूक किया। मेले में कंडोम, टेबलेट तथा सामग्रियों का वितरण कर परिवार कल्याण कार्यक्रम के बारे में नागरिकों जागरूक किया गया। डॉक्टर पोरवाल ने नागरिकों को जागरुक करते हुए कहा कि वर्तमान समय में मौसम बदल रहा है बदलते हुए मौसम के दौरान बीमारी उत्पन्न होती है इसलिए सभी लोग स्वास्थ्य सतर्क रहें।

ओलावृष्टि पर प्रशासन की त्वरित कार्रवाई, खेतों तक पहुंचा तंत्र किसानों को राहत का भरोसा

- डीएम ने खुद संभाली कमान, शाम से ही शुरू हुआ सर्वे हर नुकसान का हो रहा पारदर्शी आंकलन

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।

शनिवार शाम अचानक बदले मौसम ने जनपद में तेज आंधी, मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि के साथ कहर बरपाया, जिससे जालौन, माधौगढ़, कुठौंद, कोंच और नदीगांव क्षेत्र के करीब 30 गांवों में खड़ी एवं कटी फसलें प्रभावित हो गईं। गेहूं और चना की तैयार फसलें सबसे अधिक नुकसान की चपेट में आईं, जहां कई खेतों में फसलें जमीन पर बिछ गईं तो कहीं कटी फसल भीगकर खराब हो गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने तत्काल प्रशासनिक मशीनरी को सक्रिय कर दिया। अपर जिलाधिकारी संजय कुमार, एसडीएम हेमंत पटेल और एसडीएम वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता के साथ स्वयं प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर ही समाधानात्मक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मौके पर ही राजस्व निरीक्षक, लेखपालों और कृषि विभाग की टीमों को निर्देशित करते हुए कहा कि फसल क्षति का सर्वे शनिवार शाम 6 बजे से ही प्रारंभ कर दिया गया है और इसे पूर्ण पारदर्शिता के साथ समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। उन्होंने फसल बीमा कंपनियों को भी निर्देशित किया कि वे त्वरित रूप से नुकसान का आकलन कर किसानों को लाभ दिलाने की प्रक्रिया सुनिश्चित करें। कुठौंद और माधौगढ़ क्षेत्र में सबसे अधिक नुकसान सामने आया है, जबकि जालौन और कोंच तहसीलों में आंशिक क्षति दर्ज की गई है। मदनेपुर, गोरा राठौर, सलैया, चटसारी, दावर और ऊंचा गांव सहित कई गांव प्रभावित हुए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी किसान को नुकसान के आकलन में उपेक्षित नहीं किया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से बटाई व बलकट पर खेती करने वाले किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए निर्देश दिए कि लेखपाल खेत मालिकों से सहमति पत्र प्राप्त कर ऐसे किसानों को भी मुआवजा दिलाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रत्येक प्रभावित किसान की फसल का शत-प्रतिशत आकलन कर शासन स्तर से शीघ्र राहत राशि उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही यह भी निर्देश दिए कि यदि किसी भी प्रकार की जनहानि या पशु हानि की सूचना मिलती है तो 24 घंटे के भीतर सहायता राशि प्रदान की जाए। जिला प्रशासन की त्वरित सक्रियता और मौके पर पहुंचकर किए जा रहे सर्वे कार्य से किसानों में राहत की उम्मीद जगी है, वहीं प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि इस आपदा में किसी भी प्रभावित किसान को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा।

सूचना

मैंने अपने पुत्र प्रदीप कुमार व उसकी पत्नी (मेरी पुत्रवधू) का आचरण अच्छा नहीं होने के कारण इन दोनों से संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य, लेन-देन या मेरी संपत्ति के संबंध में कोई करार की मेरी व मेरे परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

रामऔतार पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम कुशलपुर्वा थाना तालग्राम (कन्नौज)।

नगर पंचायत पैंतेपुर का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।

जनपद सीतापुर की आदर्श नगर पंचायत पैंतेपुर में जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत कार्यालय सहित कान्हा गौशाला एवं वंदन योजना स्थल का गहन निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित ठेकेदार को कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी द्वारा जन्म-मृत्यु पंजीकरण, अधिष्ठापन पटल, निर्माण कार्यों से संबंधित अभिलेख, स्टोर रूम, दाखिल-खारिज रजिस्टर एवं जनसुनवाई व्यवस्था का विस्तार से निरीक्षण किया गया। इस दौरान कर्मचारियों को अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव एवं जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के संबंध में आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अंतर्गत डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कूड़ा उठान वाहनों की संख्या एवं उनकी कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही एस0डब्लू0एम0 यूजर चार्ज की वसूली, एम0आर0एफ0 सेंटर पर कूड़ा निस्तारण एवं नीलामी से संबंधित अभिलेखों तथा कम्पोस्ट पिट से तैयार खाद की बिक्री पंजिका का भी अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने दूरभाष के माध्यम से शिकायत निस्तारण एवं जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र संबंधी सेवाओं पर आमजन से फीडबैक भी प्राप्त किया, जिसमें व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नगर पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता, पारदर्शिता एवं जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से पूर्ण किए जाएं।

समय पर रोजगार सेवक को क्यों नहीं किया गया बर्खास्त और प्रधान सचिव पर क्यों नहीं हो रही विभागीय कार्यवाही

सीतापुर। सीतापुर की विकासखंड बेहटा की ग्राम पंचायत पिपरिया में ग्रामीणों की शिकायत पर हुई थी जांच जांच में सचिव प्रधान और रोजगार सेवक पाए गए थे दोषी पूर्व जिला अधिकारी अभिषेक आनंद के द्वारा रोजगार सेवक को बर्खास्त करने के दिए गए थे आदेश सचिव और प्रधान पर विभागीय कार्यवाही की भी दिए गए थे कड़े निर्देश आखिर क्या कारण है अभी तक खंड विकास अधिकारी बेहटा के द्वारा रोजगार सेवक को क्यों नहीं किया गया बर्खास्त कहीं तो खंड विकास अधिकारी के द्वारा रोजगार सेवक से मिलकर खानापूर्ति तो नहीं कर ली गई जो अपने उच्च अधिकारियों को गुमराह करते हुए गिरफ्तारी का स्टे दिखाकर नहीं किया गया पबर्खास्त और खंड विकास अधिकारी लगातार रोजगार सेवक को संरक्षण देने का कार्य तो नहीं कर रहे हैं ग्राम पंचायत पिपरिया के ग्राम प्रधान और सचिव धनंजय सिंह पर विभागीय कार्यवाही के दिए गए थे आदेश डीपीआरओ निरीश चंद्र साहू के द्वारा पूर्व जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के आदेश की उड़ाई गई धज्जियां कर ली गई खानापूर्ति क्या सीतापुर जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर जहां एक तरफ अपनी ईमानदारी और तेज तरह छाप के रूप में जाने जाते हैं अब जनता की निगाहें अपने जिलाधिकारी पर पूरी तरीके से टिकी हुई है कि इस मामले पर हमारे जिला अधिकारी द्वारा सचिव प्रधान और रोजगार सेवक पर कभी भी कार्यवाही कर सकते हैं।

हाई टेंशन लाइन के तार पेड़ से टकराये बाधित रही बिजली

जैदपुर बाराबंकी। क्षेत्र के अजपुरा-निजामपुर गांव में शनिवार देर रात आए तेज आंधी-तूफान ने भारी नुकसान पहुंचाया। रात करीब 11 बजे एक नीम का पेड़ विद्युत तार पर गिर गया। जिससे ट्रांसफार्मर सहित दो बिजली के पोल टूट गए और तार सड़क पर लटक गए। इस घटना के कारण क्षेत्र में रातभर बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित रही।वहीं सड़क पर तार गिरने से कई घंटों तक आवागमन भी प्रभावित रहा। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगो ने मिलकर पेड़ को काटकर रास्ते से हटाया जिसके बाद आवागमन दोबारा सुचारू हो सका।हालांकि बिजली के पोल क्षतिग्रस्त होने के कारण क्षेत्र की आधी आबादी अभी भी बिजली संकट से जूझ रही है।

मिशन शक्ति फेज-5 का सफल आयोजन

- महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण विषयक भव्य सांस्कृतिक व जागरूकता कार्यक्रम

रायबरेली समृद्धि न्यूज़। कलैक्टर हर्षिता माथुर, एसपी रवि कुमार, एएसपी संजीव कुमार सिन्हा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल कुमार तथा क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार नौहवार की उपस्थिति में फिरोज गांधी कॉलेज के ऑडिटोरियम हॉल में मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण विषयक एक सांस्कृतिक एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, स्वावलंबन, आत्मनिर्भरता तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महिला कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों की छात्र-छात्राओं ने महिला सुरक्षा एवं जागरूकता से सम्बंधित नाटक, समूह गान, नृत्य तथा अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनके माध्यम से महिलाओं के अधिकार, सम्मान, सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के संदेश को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया।अधिकारियों द्वारा महिलाओं की सुरक्षा संबंधी विभिन्न पहल, त्वरित पुलिस सहायता, महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112. साइबर सुरक्षा, आत्मरक्षा तथा महिलाओं के लिए संचालित सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा साथ ही महिलाओं एवं छात्राओं को किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया।

मौसम ने ली करवट, किसान हुए परेशान, धरातल पर उतरीं कलेक्टर

प्रभावित व्यक्तियों को तत्काल राहत उपलब्ध कराई जाए : हर्षिता माथुर

- जनहानि, पशुहानि एवं फसल क्षति की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए : डीएम

रायबरेली समृद्धि न्यूज़। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के साथ जनपद में वर्तमान में हो रहे खराब मौसम/अत्यधिक वर्षा के दृष्टिगत तहसील सदर क्षेत्र के अंतर्गत राजस्व ग्राम गढ़ी मुतवल्ली का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का जायजा लेते हुए जनसुरक्षा एवं राहत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुवे कहा कि वर्तमान स्थिति में जनहानि, पशुहानि एवं फसल क्षति की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही, प्रभावित व्यक्तियों को तत्काल राहत उपलब्ध कराई जाए तथा सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। उक्त के क्रम में समस्त उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सतत भ्रमणशील रहकर स्थिति पर नजर बनाए रखें तथा राजस्व एवं अन्य संबंधित टीमों को सक्रिय रखें। सभी लेखपालों को भी अपने क्षेत्र में भ्रमण कर क्षति का आंकलन करते हुए आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें, इसके अतिरिक्त, सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे जनहानि, पशुहानि एवं फसल क्षति से संबंधित सूचनाओं का समयबद्ध संकलन कर तत्काल उच्चाधिकारियों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे राहत एवं सहायता कार्यों में किसी प्रकार का विलंब न हो। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अमृता सिंह, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट/ उप जिलाधिकारी सदर प्रफुल्ल कुमार शर्मा, उप निदेशक कृषि विनोद कुमार, जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी व राजस्व कर्मी उपस्थित रहें।

खबरें एक नजर में

15 वर्षों से फरार हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

अमेठी समृद्धि न्यूज़। जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में रविवार को क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान थाना गौरीगंज से संबंधित अभियुक्त मनोहर उर्फ राम मनोहर पुत्र खुड़बुड़ उर्फ भगौती निवासी ग्राम मानमती का पुरवा थाना गौरीगंज को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारण्ट जारी किया गया है। थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

वृद्धाश्रम पहुंच एसडीएम ने वृद्धजनों से पूछा हाल-चाल

अमेठी समृद्धि न्यूज़। शनिवार को उप जिलाधिकारी गौरीगंज प्रीती तिवारी व क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र व प्रभारी निरीक्षक महिला थाना कंचन सिंह द्वारा पुलिस टीम के साथ मुसाफिरखाना रोड, कस्बा गौरीगंज में स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां उपस्थित वृद्धजनों से वार्ता कर उनकी कुशलता जानी गयी तथा फल आदि खाने-पीने के पदार्थ प्रदान किये गये। शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1930-साइबर हेल्पलाइन नंबर, 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा, थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र के विषय में विस्तार से जानकारी दी गयी तथा पुलिस सहायता की आवश्यकता महसूस होने पर यूपी-112 पर कॉल करने के लिये बताया गया।

आंधी-बारिश में श्री राधा कृष्ण गौशाला तबाह

अमेठी समृद्धि न्यूज़। विकास खण्ड जामों के अंतर्गत रानी के पुरवा गांव में देर शाम आई तेज आंधी और बारिश ने श्री राधा कृष्ण गौशाला में भारी तबाही मचा दी। श्री राधा कृष्ण गौशाला का टीन शेड तेज हवाओं में उड़कर गिर गया, जिससे पूरी गौशाला अस्त-व्यस्त हो गई। इस हादसे में दो गायों को मामूली चोटें आई हैं, लेकिन छप्पर उड़ने के बाद दर्जनों गायों का जीवन अब खतरे में पड़ गया है। गौशाला की व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित होने से स्थानीय लोगों ने चिंता जताई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द मदद की मांग की है, ताकि गायों को सुरक्षित स्थान और आवश्यक सुविधाएं मिल सकें।

शिक्षा और संस्कार के समन्वय का अद्भुत उदाहरण, दिव्य संगीतमय श्रीमद्भगवत महापुराण का भव्य आयोजन

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़। रायबरेली जनपद के समसपुर हलोर स्थित मिश्र परिवार के पैतृक निवास पर दिव्य संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक गरिमा के साथ सम्पन्न हो रहा है। कथा व्यास श्री राम चन्द्रदास जी महाराज, श्रीधाम वृन्दावन द्वारा प्रस्तुत कथा ने श्रद्धालुओं को भक्ति, ज्ञान और जीवन-मूल्यों का संदेश प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कलश यात्रा, वैदिक मंत्रोच्चार एवं मंगलाचरण के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, महिलाओं एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने भाग लिया। कथा स्थल पर प्रतिदिन भजन-कीर्तन, धार्मिक प्रवचन तथा आध्यात्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। कथा प्रतिदिन सायं 6:30 बजे से रात्रि 10:30 बजे तक आयोजित की जा रही है। इस पावन आयोजन में हवन, पूर्णाहुति तथा महाप्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई है। ब्रह्मभोज दिनांक 10 अप्रैल 2026 को दोपहर 12:00 बजे से प्रारंभ होगा।

तीसरे वर्ष भी हर हाथ निःशुल्क किताब का संकल्प पूरा कर रहा सी.एम.पी.एस.

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़। कस्बे के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज आजाद नगर लालगंज में विगत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण प्रारंभ किया गया ! किताबें पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे!हर हाथ किताब की मनसा से विद्यालय में कक्षा शिशु से 12 तक के सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तके वितरित की गई! विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने कहा की कई बार ग्रामीण आँचल के बच्चे सुविधाओं के अभाव में अच्छी शिक्षा से वंचित रह जाते हैं! मैने भी पुस्तकों के अभाव में अपनी पढ़ाई की है जिसका दर्द मुझे पता है प्रत्येक विद्यार्थी अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सके व उसके मन से प्राइवेट विद्यालय की लूट का डर खत्म हो इस उद्देश्य से लगातार निःशुल्क पुस्तकों का वितरण किया जा रहा है! विद्यालय द्वारा निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों के वितरण पर क्षेत्र के अभिभावकों व विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है! अभिभावकों का कहना है कि एक तरफ जहां दूसरे प्राइवेट विद्यालय फीस, एडमिशन और किताबों के नाम पर अभिभावकों से टी रकम वसूलते हैं वहीं इस विद्यालय द्वारा न्यूनतम शिक्षण शुल्क मे निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें देकर बेहतर शिक्षा देने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है! विद्यालय के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक बच्चे को न्यूनतम शुल्क में अच्छी शिक्षा देने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

मधुमक्खियों ने किया युवक पर हमला, ग्रामीणों की सूझबूझ से बची जान

अमेठी समृद्धि न्यूज़। थाना क्षेत्र संग्रामपुर के पूरे जोगाजीत मजरे भवसिंहपुर निवासी कृष्ण कुमार वर्मा पुत्र गुरुदीन वर्मा पर मधुमक्खियों ने अचानक हमला कर दिया। घटना उस समय हुई जब वे शीतलागंज से अपने घर लौट रहे थे और रास्ते में महुआ के बाग, गोवर्धनपुर के पास से गुजर रहे थे। बताया जाता है कि बाग में पहले से बड़ी संख्या में मधुमक्खियां मंडरा रही थीं। कृष्ण कुमार के वहां पहुंचते ही मधुमक्खियों ने उन पर झुंड बनाकर हमला कर दिया और पूरे शरीर में कई जगह डंक मार दिए।

शोर सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और धुआं करके किसी तरह मधुमक्खियों को भगाया, जिससे उनकी जान बच सकी।

प्रकाश गैस एजेंसी पर चला सप्लाई विभाग का चाबुक

अमेठी समृद्धि न्यूज़। जिले के कस्बा अमेठी में संचालित प्रकाश गैस एजेंसी पर सप्लाई विभाग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए एजेंसी को सील कर दिया है। जांच के दौरान खाली और भरे गैस सिलेंडरों की संख्या में 1266 का अंतर सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया। बताया जा रहा है कि एजेंसी के खिलाफ अनियमितताओं की शिकायतें लंबे समय से मिल रही थीं। शिकायतों के आधार पर सप्लाई विभाग ने गोदाम पर छापेमारी की, जहां सिलेंडरों के रिकॉर्ड और वास्तविक संख्या में गड़बड़ी पाई गई। जिलाधिकारी के निर्देश पर एजेंसी संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू की गई है। विभाग ने मौके पर मौजूद सभी सिलेंडरों को तत्काल दूसरी एजेंसी के सुपुर्द कर दिया, ताकि उपभोक्ताओं को गैस आपूर्ति प्रभावित न हो। यह एजेंसी जिले की पुरानी और बड़े उपभोक्ता आधार वाली एजेंसियों में गिनी जाती है।

कई बार पुलिस की मौजूदगी में भी उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच विवाद की नौबत आई। पूर्ति निरीक्षक अरुण कुमार पांडेय ने बताया कि जांच में अनियमितता मिलने के बाद कार्रवाई की गई है। सिलेंडरों को दूसरी एजेंसी को सौंप दिया गया है और संबंधित कंपनी को भी सूचित कर दिया गया है। फिलहाल अभी उपभोक्ताओं को गैस वितरण की जिम्मेदारी कंपनी और नई एजेंसी के माध्यम से पूरी की जाएगी।

खेत खलिहान में फसल को आग से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

अमेठी समृद्धि न्यूज़।

अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि गर्मी के मौसम में खड़ी गेहूँ की फसल लगभग पक कर तैयार होने पर किसी भी कारण यथा बिजली के तारों के आपसी रगड़ से उत्पन्न हुई चिंगारी, खेतों में लगे हुए बिजली के ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी अथवा धूम्रपान के कारण लगने वाली आग से विकराल रूप धारण कर लेती है, जिससे व्यापक फसल क्षति एवं जनहानि की संभावना रहती है।

उन्होंने बताया कि इन घटनाओं से बचने के लिए जिला आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा किसानों को विभिन्न उपायों का पालन करने की सलाह दिया गया है। जिसके तहत जहां खेतों में ट्रांसफार्मर लगे हुए है, उसके अगल-बगल लगभग 10 मीटर की लम्बाई चौड़ाई में सुरक्षा की दृष्टि से गेहूं की कटाई अन्य खेतों की अपेक्षा पहले कर लेनी चाहिए, जिससे विद्युत् स्पार्क होने पर खेत में आग न फैल सके तथा खेतों के ऊपर से गुजरने वाले बिजली के जर्जर तारों के आपसी रगड़ से उत्पन्न होने वाली चिंगारी से बचाव के लिए बिजली विभाग के सम्बन्धित उपकेंद्र के अभियंता को समय से सूचित करते हुए तारों को कसने अथवा बदलने के लिए से संपर्क करें। उन्होंने बताया कि काटे गये फसल के गट्ठर को एक साथ न रखते हुए अलग रखे, जिससे किसी भी तरह की आग लगने की घटना होने पर सम्पूर्ण फसल के जलने की संभावना कम होगी तथा फसल काटते समय साथ काम करने वाले श्रमिकों को धूम्रपान करने के लिए अनिवार्य रूप से मना किया जाय। यदि किसी कारणवश खेतों में आग लगने पर तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचित करने के साथ ही अपनी वास्तविक लोकेशन एवं आने वाले समीपवर्ती रास्ते के बारे में अवगत कराये जिससे सही स्थान पर अग्निशमन विभाग तत्काल पहुँच सकें।

अतिक्रमण से कराह रही सड़कें, आमजन को परेशानी

समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।

नगर पंचायत रामसनेहीघाट क्षेत्र में अतिक्रमण की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। तहसील मुख्यालय से लेकर भिटरिया चौराहा तक सड़क किनारे फैले अवैध कब्जों के कारण आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि राहगीरों को सुरक्षित तरीके से चलना भी मुश्किल हो गया है।

विशेष रूप से विद्यालय जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों के लिए यह मार्ग खतरे से खाली नहीं है। सड़क संकरी हो जाने के कारण बच्चों को जान जोखिम में डालकर आना-जाना पड़ रहा है। अभिभावकों में भी इस स्थिति को लेकर गहरी चिंता देखी जा रही है। नगर का सबसे व्यस्त इलाका माने जाने वाला भिटरिया चौराहा के चारों ओर से अतिक्रमण की चपेट में है। वही सुमेरगंज में दुकानदारों द्वारा सड़क तक फैलाई गई सामग्री और अस्थायी ढांचे यातायात में बाधा बन रहे हैं। इसके साथ ही मालवाहक ट्रक और ट्रालों की आवाजाही ने समस्या को और बढ़ा दिया है।

ई-रिक्शा चालकों की बढ़ती संख्या भी अव्यवस्था का कारण बन रही है। बिना किसी निर्धारित व्यवस्था के खड़े होने वाले ई-रिक्शा जाम की स्थिति पैदा कर देते हैं, जिससे आम लोगों को घंटों जूझना पड़ता है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत इस गंभीर समस्या के प्रति उदासीन बनी हुई है। बार-बार शिकायतों के बावजूद अतिक्रमण हटाने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। यदि जल्द ही इस दिशा में कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले समय में स्थिति और विकट हो सकती है।

आलाकत्ल के साथ हत्याभियुक्त गिरफ्तार

जैदपुर बाराबंकी। स्वाट, सर्विलांस व थाना सफदरगंज की संयुक्त पुलिस टीम ने हत्या के मामले में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से आलाकत्ल बरामद किया है।जानकारी के अनुसार 4 अप्रैल 2026 को वादी मो. वसीम निवासी ग्राम रामपुर कटरा ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसके भाई मो. आसिफ की हत्या मो. तौफिक ने अपने साथियों के साथ मिलकर कर दी। इस पर थाना सफदरगंज में मुकदमा संख्या 129/2026 धारा 103(1)/3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने मौके का निरीक्षण कर फॉरेंसिक टीम को साक्ष्य जुटाने व अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। इसके बाद स्वाट, सर्विलांस व सफदरगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए मो. तौफिक, मो. अकील, शाहरूख और फैज निवासीगण रामपुर कटरा को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से एक डंडा (आलाकत्ल) और घटना में प्रयुक्त सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है। पूछताछ में सामने आया कि तौफिक का मृतक की बहन से मोबाइल पर बातचीत को लेकर दोनों पक्षों में विवाद चल रहा था।

अज्ञात युवक का शव रेलवे ट्रैक किनारे बरामद

फतेहपुर बाराबंकी। थाना क्षेत्र के गुडौली गांव के पास रविवार सुबह रेलवे ट्रैक के किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिला। लगभग 25 वर्षीय युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सुबह जब ग्रामीण अपने दैनिक कार्यों के लिए घरों से निकले, तो उन्होंने रेलवे लाइन के पास शव पड़ा देखा। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई।

कार्यालय ग्राम पंचायत भदुवा तरहर विकास खण्ड झंझरी जिला गोण्डा

पत्रांक मेमो,राज्य वित्त आयोग, पंचम वित्त आयोग, छठवां वित्त आयोग, 14 वा,15 वा 16 वां वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त,स्वच्छ भारत मिशन/ ओडीएफ प्लस फेज टू आरजीएसए, वीबी-जी राम जी योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र,टीन शेड, निविदा वर्ष 2026 -27

(निविदा सूचना) दिनांक 06.04.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भदुवा तरहर विकासखंड झंझरी में वर्ष 2026-27 ग्राम निधि, राज्य वित्त,केंद्रीय वित्त,चौदहवाँ वित्त,पंद्रहवाँ वित्त, सोलहवां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन,ओडीएफ प्लस, वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत ईंट प्रथम श्रेणी, ईट सीधा, खंजड, ईट गिट्टी 40एम एम, पत्थर गिट्टी 20 एम एम, सीमेंट, सरिया, बालू,लाल मोरंग,तालाब में पानी भराई,ह्यूम पाइप, इंटरलॉकिंग ब्रिक,एलईडी लाइट, सोलर लाइट, स्टेशनरी, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण,सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फॉगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी, कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण,कायाकल्प, खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय निर्माण, शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण,पंचायत भवन निर्माण,पंचायत भवन संषाधन तथा फर्नीचर,सी.सी कैमरा,कमप्यूटर आदि, टाइल, बाउंड्री वाल निर्माण, ग्राम पंचायत में साफ सफाई पर कार्य, गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण, गोशाला में कटीला तार , प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य,सेनिटाइजर का छिड़काव, गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भद्रा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 10/04/2026 को पूर्वाहन 3:00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी। निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

किरन देवी
ग्राम प्रधान

अरुण कुमार सिंह
सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी

लव जिहाद के खिलाफ जन जागरण की बनाई रूपरेखा

हिंदू बेटी बचाओ संघर्ष समिति की बैठक

समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज। नगर के नहर निरीक्षण भवन में हिंदू बेटी बचाओ संघर्ष समिति की बैठक में लव जिहाद पर चर्चा करने के साथ इसके लिए जन जागरण करने की रूपरेखा बनाई गई। बैठक में फर्रुखाबाद विभाग के विभाग संगठन मंत्री लवलेश विराग ने लव जिहाद के विरुद्ध चलाए जा रहे सामाजिक जन जागरण एवं जन आंदोलन अभियान के कार्यक्रमों की चर्चा की। उन्होंने बताया कि विधर्मी ताकतों ने हिंदू समाज की बहन बेटियों के अस्तित्व एवं अस्मिता को चोट पहुंचाने के उद्देश्य से, उनका धर्मांतरण करने एवं हिंदू समाज की जनसंख्या में असंतुलन पैदा करने के लिए लव जिहाद रूपी राक्षस का मायाजाल समाज में फैला रखा है। देश के अंदर लव जिहाद की लाखों घटनाएं घटित हुई हैं जिनमें कई घटनाओं एवं पकड़े गए रैकेट का कनेक्शन आतंकी गतिविधियों से पाया गया है। लव जिहाद की शिकार हिंदू महिलाओं का जीवन नारकीय एवं अंधकारमय हो जाता है। इन सब बातों को लेकर हिंदू बेटी बचाओ संघर्ष समिति पूरे जनपद कन्नौज में एक सामाजिक जन जागरण का कार्य कर रही है एवं लव जिहाद के विरुद्ध एक बड़ी महापंचायत कर सरकार को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भी भेजा जाएगा। उन्होंने कहा लव जिहाद हिंदू समाज को कमजोर करने की एक बड़ी साजिश है। इसके लिए समस्त हिंदू समाज को आंदोलित होना होगा एवं इसके विरुद्ध खड़ा होना होगा। समिति के संयोजक अनुराग अग्निहोत्री ने इस अभियान के तहत छिबरामऊ में होने वाले सामाजिक जन जागरण के विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते हुए कहा 12 अप्रैल को लव जिहाद के विरुद्ध जन आक्रोश बाइक रैली एवं 13 अप्रैल को गंगेश्वरनाथ मंदिर आश्रम में महिलाओं के साथ संवाद का कार्यक्रम प्रमुख कार्यक्रम हैं। साथ ही जिला मुख्यालय कन्नौज में एसवीएस ग्राउंड, सीएमओ कार्यालय के सामने कन्नौज में होने वाली विशाल महापंचायत की योजना बनाई गई। श्री गंगेश्वर नाथ मंदिर के महंत प्रेमगिरी महाराज की अध्यक्षता में हुई बैठक में वरुण प्रताप, आशीष चौहान, शिवअवतार गुप्ता, सागर गुप्ता, अनूप चौहान, पंकज चौरसिया, विजय गुप्ता, ऋषभ प्रताप आदि उपस्थित रहे।

टेंट कारोबारियों ने दी हड़ताल की चेतावनी

बोले : कई ग्राहक बकाया रकम नहीं देना चाहते

समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज। नगर के तालग्राम रोड स्थित टेंट कैटर्स एंड डेकोरेटर वेलफेयर एसोसिएशन के कैंप कार्यालय में हुई अहम बैठक में बकाएदार ग्राहकों की समस्या पर गंभीर चर्चा हुई। बैठक के बाद तय किया गया कि यदि समय से भुगतान नहीं किया गया तो पूरे जिले में टेंट कारोबारी हड़ताल पर चले जाएंगे। कारोबारियों ने एक स्वर में कहा कि शादी-विवाह, जन्मोत्सव से लेकर अंतिम संस्कार तक वे ग्राहकों की इज्जत के लिए सजावट का जिम्मा संभालते हैं, लेकिन काम पूरा होते ही ग्राहक पैसे देने में टालमटोल करते हैं और बेइज्जती पर उतर आते हैं। इससे न सिर्फ उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है, बल्कि आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। प्रदेश सचिव राजू टेंट हाउस ने बताया कि पिछली कई बैठकों में यह मुद्दा उठाया जा चुका है, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। उन्होंने कहा जन्म से लेकर मृत्यु तक टेंट हाउस वाले काम आते हैं, फिर भी न इज्जत मिलती है और न समय पर भुगतान। आगे से कोई भी टेंट कारोबारी बिना पूरा एडवांस पेमेंट जमा कराए सामान नहीं देगा। 6 अप्रैल को मथुरा में होने वाली प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में यह मुद्दा प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार के समक्ष भी रखा जाएगा। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने कहा टेंट कारोबारी समाज की सेवा करते हैं, लेकिन उनके साथ हो रहे इस अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। व्यापार मंडल इस समस्या को जिला प्रशासन और सरकार तक उठाएगा। व्यापारियों का विश्वास बनाए रखना जरूरी है, अन्यथा पूरा व्यवसाय ठप हो जाएगा। हम आपकी हर मांग के साथ खड़े हैं।

बाबा बेकरी (विंनी केक्स एंड मोर) का शुभारंभ आज

छिबरामऊ, कन्नौज। बाबा नीमकरोरी महाराज की असीम कृपा एवं स्वर्गीय महेश चंद्र तिवारी जी के आशीर्वाद से विंनी केक्स एंड मोर नाम से बाबा बेकरी का भव्य उद्घाटन सोमवार, 6 अप्रैल को सुबह 11 बजे से पुराना सौरिख बस स्टैंड, बनवारी नगर में किया जाएगा। बाबा बकरी की प्रोपराइटर श्रेया तिवारी ने बताया हमारे यहां के विशेष आकर्षण 100 प्रतिशत एगलेस केक, शुद्ध शाकाहारी उत्पाद, आकर्षक डिजाइन वाले केक, पेस्ट्री, ब्रेड, बिस्किट एवं अन्य बेकरी उत्पाद उचित दर पर उपलब्ध कराए जाएंगे। श्री चंद्र तिवारी (ललुआ तिवारी) एवं तिवारी ब्रदर्स ने इस अवसर पर स्थानीय गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों व आमजन को आमंत्रित किया है।

माध्यमिक शिक्षक संघ की राज्य परिषद बैठक आज

जिला महामंत्री ने किया शिक्षकों से आवाहन

गुरसहायगंज कन्नौज। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की राज्य परिषद की प्रस्तावित बैठक की तिथि में बदलाव किया गया है। संघ के महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा जारी सूचना के अनुसार, यह बैठक पहले 05 अप्रैल को आयोजित होनी थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों के चलते अब आज सोमवार को आयोजित की जाएगी ।

यह जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री डॉ एमके भारती ने बताया कि बैठक का आयोजन प्रातः 11 बजे जय नारायण इंटर कॉलेज (के.के.सी.), चारबाग, लखनऊ में किया जाएगा। संघ की ओर से सभी शिक्षक साथियों से अपील की गई है कि वह परिवर्तित तिथि पर समय से उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाएं।

इस बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। इनमें संगठन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा प्रमुख है। इसके अलावा सेवानिवृत्त शिक्षकों के लंबित देयकों तथा ह्क्क (नई पेंशन योजना) के अंतर्गत मिलने वाले लाभों के भुगतान की स्थिति पर भी विस्तार से विचार किया जाएगा।

साथ ही आगामी ग्रीष्मकालीन शैक्षिक गोष्ठी के आयोजन और राज्य परिषद की भविष्य की बैठकों की रूपरेखा तय करने पर भी चर्चा प्रस्तावित है।

संघ के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि सभी शिक्षक इस महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेकर अपने सुझाव और समस्याएं साझा करेंगे, जिससे संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने जनपद की सभी शिक्षक पदाधिकारी के सदस्यों को उक्त बैठक में भाग लेने की अपील की है।

मेला में खोया बच्चा, पुलिस ने खोज कर मां को सौंपा

समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ कन्नौज। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के माधौनगर स्थित मां आनन्दी देवी मंदिर में लगे मेले में 7 वर्षीय बच्चा भीड़ में अपने परिजनों से बिछड़ गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्चे को सकुशल बरामद कर उसकी मां को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार मैनपुरी जनपद के नबीगंज थाना क्षेत्र के बेवर निवासी अलफैज अपनी मां नगमा बेगम के साथ मेला देखने आया था। भीड़ में वह अपनी मां से अलग हो गया। बच्चे के गुम होने की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत सक्रिय हो गई। शंकरपुर चौकी इंचार्ज हरेकृष्ण ने बच्चे की तलाश शुरू की और उसे सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद बच्चे को उसकी मां नगमा बेगम को सौंप दिया गया। पुलिस की इस त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

आंधी-बारिश में कच्ची दीवार ढही, एक भैंस की मौत, दो घायल

घटनास्थल पर पहुँच एसडीएम सदर ने पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का दिया भरोसा

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़। क्षेत्र में शनिवार रात आई तेज आंधी और बारिश ने नुकसान पहुंचाया। हरदेवपुरवा गांव में कच्ची दीवार गिरने से एक भैंस की मौत हो गई, जबकि दो अन्य भैंसें घायल हो गईं। गांव निवासी रामप्रकाश वर्मा पुत्र पंचमलाल की कच्ची दीवार शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे तेज आंधी और बारिश के चलते भरभराकर गिर गई। दीवार गिरने के समय पास में बंधी तीन भैंसें इसकी चपेट में आ गईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए राहत कार्य शुरू किया और मलबे में दबी दो भैंसों को घायल अवस्था में बाहर निकाल लिया। वहीं, एक भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। पीड़ित के अनुसार मृतक भैंस की कीमत करीब एक लाख दस हजार बताई जा रही है। सूचना मिलने पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर वैशाली मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने पीड़ित पशुपालक से बातचीत कर पूरी जानकारी ली। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया गया है। साथ ही, नियमानुसार क्षतिपूर्ति की कार्रवाई किए जाने की बात कही गई है। इस दौरान कानूनगो मदन मोहन,आर आई रक्षपाल सिंह, लेखपाल अभिनव गौतम सहित आदि लोग रहे।

खबरें एक नजर में

शिक्षक संघ ने टीईटी अनिवार्यता के विरोध में रैली का किया समर्थन

गुरसहायगंज कन्नौज। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने शिक्षकों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर बड़ा कदम उठाते हुए 4 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली रैली का समर्थन करने की घोषणा की है। यह रैली टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित की गयी है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री डॉ एम के भारती ने देते हुए बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के तहत देशभर के बेसिक शिक्षकों के लिए टीईटी (Teacher Eligibility Test) उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है। आदेश के अनुसार, शिक्षकों को 1 सितंबर 2027 तक टीईटी पास करना होगा, अन्यथा उनकी सेवा प्रभावित हो सकती है। इस निर्णय को लेकर शिक्षकों में असंतोष व्याप्त है। शिक्षक संगठनों का मानना है कि यह नियम पहले से कार्यरत शिक्षकों के लिए व्यावहारिक नहीं है और इससे उनके भविष्य पर संकट उत्पन्न हो सकता है। इसी मुद्दे को लेकर टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा केंद्र सरकार से इस आदेश के प्रभाव को समाप्त करने हेतु कानून बनाने की मांग की जा रही है। 4 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल रैली का आयोजन किया गया जिसमें देशभर के शिक्षक भाग लिया उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने भी इस रैली में शामिल हुए है और प्रदेश के शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या मैं भाग लिया। इस संबंध में जिला मंत्री डॉ. एम.के. भारती ने बयान देते हुए कहा कि शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए यह आंदोलन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों पर इस प्रकार की अनिवार्यता थोपना उचित नहीं है। सरकार को शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए इस पर पुनर्विचार करना चाहिए। संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आगे भी आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि टेट अनिवार्यता के विरोध में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा संघ के अध्यक्ष तथा शिक्षक महासंघ के संयोजक सुरेश कुमार त्रिपाठी सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने शिक्षकों का जो विशाल रैली में हुजूम उमड़ा है वह निश्चित रूप से इस शिक्षक विरोधी कानून को समाप्त करवाने में सफल होगा।

बूंदाबांदी में बिजली खंभे में उतरा करंट, लोगों में दहशत

कन्नौज। सरायमीरा क्षेत्र में कन्नौज रोड पर सैनिक पुनर्वास केंद्र के सामने सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे में करंट उतरने से इलाके में दहशत फैल गई। घटना हल्की बूंदाबांदी के दौरान हुई, जब खंभे पर लगे तारों में अचानक स्पार्किंग शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बारिश शुरू होते ही खंभे में करंट आ गया, जिससे आसपास खड़े लोगों में अफरा-तफरी मच गई। खंभे के पास ही पानी की टोंटी लगी होने से खतरा और बढ़ गया है। राहगीर पानी पीने से भी डर रहे हैं। पास में बाइक रिपेयरिंग की दुकान चलाने वाले छोटू यादव ने बताया कि इस खंभे में पहले भी कई बार करंट उतर चुका है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय वे लोगों को खंभे से दूर रहने की चेतावनी देते हैं ताकि कोई हादसा न हो। उनका कहना है कि खंभे पर बिजली के तारों से ज्यादा टेलीकॉम कंपनियों के तार लटके हैं, जिससे समस्या बढ़ रही है और बिजली कर्मचारी भी मरम्मत से कतराते हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं है। कई बार शिकायत के बावजूद न तो खंभे की मरम्मत कराई गई और न ही अतिरिक्त तारों को हटाया गया। लोगों ने जल्द समाधान कर हादसे से बचाव की मांग की है।

प्राथमिक विद्यालय के मेधावी बच्चों को किया गया पुरस्कृत

समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।

ब्लाक तालग्राम के प्राथमिक विद्यालय हाजिरपुर में आयोजित वार्षिकोत्सव में मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बच्चों को रिपोर्ट कार्ड के साथ-साथ ट्रॉफी पदक एवं पुरस्कार वितरित किये गए। रसोइयों को भी उनके अच्छे कार्य के लिए शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया द्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरिगोविंद शाक्य 'हरि' ने शिक्षा शिक्षक शिक्षार्थी के आपस में संबंध की बात करते हुए अच्छी सोच, संघर्ष, शिक्षा और संस्कार की बात की। उन्होंने कहा अगर यह सब चीजें आपके साथ हैं तो सफलता निश्चित ही आपके कदम चूमेगी। विशिष्ट अतिथि प्रधान सर्वेश कुमार ने प्रधानाध्यापक विक्रम सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय में अनुशासन के साथ पढ़ाई बहुत अच्छी चल रही है। अध्यक्षता कर रहे बालकृष्ण सविता ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं। इन्हें अच्छे से संभालना चाहिए। अध्यापक अख्तर अली ने शिक्षा और संस्कार के प्रति समर्पित होने की बात कही। इसके अलावा प्रधानाध्यापक विक्रम सिंह व अध्यापक आशीष ने भी संबोधित किया। कक्षा 5 पास कर चुके विद्यार्थियों का विदाई समारोह उन्हें पुरस्कृत करके किया गया। सबसे खास बात यह रही कि सत्र के पहले ही दिन विद्यालय में 18 एडमिशन हो चुके थे जिसका सभी ने तालियां बजाकर स्वागत किया। अध्यापक बलराम ने आगन्तुकों के प्रति आभार जताया। अध्यापक सुमित के संचालन में हुए कार्यक्रम में योगेंद्र कुमार, मोहम्मद ओवैस, दिनेश कुमार, मोहम्मद सोहेल, नरेंद्र कुमार, विमल कुमार, दिलीप, राहुल वर्मा, ऋषि कुमार, प्रेमलता, पुष्पेंद्र, मूलचंद, सोनी राजपूत, रूपरानी सहित काफी संख्या में अध्यापक, महिलाएं तथा बच्चे उपस्थित रहे।

सदगुरु से अच्छा कोई मार्गदर्शक नहीं

संत निरंकारी भवन में सत्संग

समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज। पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित सत्संग में परम पूज्य महात्मा सर्वेश जी ने कहा इस संसार में सदगुरु से अच्छा कोई मार्गदर्शक नहीं है। उन्होंने कहा उलझन या घबराहट के समय अगर सदगुरु के संदेशों की ओर ध्यान दें और समय समय पर हमे सदगुरु की याद आती रहे तो संकट के समय नैया पार लग जाती है। हरदेव वाणी में भी स्पष्ट कहा गया हैं कि इस संसार में सदगुरु से अच्छा कोई मित्र नहीं है। बाकी सभी का प्रेम झूठा है। सच्चा प्रेम तो सदगुरु का है। सदगुरु की असीम कृपा से इंसानों के जीवन में खुशियाँ किसी ना किसी बहाने से आती जरुर हैं। दातार से यही प्रार्थना करते हैं जो खुशियाँ तूने बक्शी हैं, उसे सदा कायम रखना। संसार में बहुत लोग आज भी ईश्वर के दर्शन के लिए तरह तरह से भक्ति करते हैं लेकिन हम लोगों को तो कलियुग में ही ईश्वर के दर्शन सदगुरु की असीम कृपा से प्राप्त हो चुके हैं। दातार सब पर हमेशा कृपा बनाये रखना यही अरदास, यही कामना करते हैं। महात्मा हरिश्चंद्र के संचालन में हुए सत्संग में अन्य महात्माओं ने भी अपने प्रवचनों एवं भजनों से संगत को निहाल किया।

महर्षि कश्यप जयंती पर शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब, स्वागत की रही होड़

तिर्वा, कन्नौज। भगवान महर्षि कश्यप की जयंती पर कन्नौज के तिर्वा नगर में रविवार को पुष्प वर्षा और स्वागत के बीच भव्य और विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में कश्यप समाज के लोगों की भीड़ और एकजुटता नजर आई वहीं यात्रा में राजनैतिक दलों से जुड़े लोगों ने भी प्रतिभाग किया। बताते चलें कि, तिर्वा नगर के डी.एन. इंटर कॉलेज के निकट से शुरू हुई शोभायात्रा का शुभारंभ सुबह 11 बजे महर्षि कश्यप के चित्र पर पूजन अर्चन के साथ हुआ। यहां से यात्रा नगर में मुख्य तिर्वा कन्नौज/वाया बेला औरैया मार्ग होते हुए महात्मा गांधी चौक चौराहा तिर्वागंज से बेला इंदरगढ़ रोड तिराहा स्थित बाला जी मंदिर पर दोपहर बाद पहुंचकर पूरी हुई। यात्रा में झंडा और अपने आराध्य की छायाप्रति लिए हुए लोग अपनी आस्था को साफ दर्शा रहे थे, वहीं पैदल और बाइक जलूस की शक्ल में यात्रा में सैकड़ों की संख्या में शामिल महिला पुरुष और बच्चे अपने आराध्य की जयंती पर जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते जा रहे थे। यात्रा में महर्षि कश्यप के अलावा निषादराज और फूलनदेवी की की झाकियों को भी शामिल किया गया था। ठठिया रोड चौराहे के निकट के निकट से ही यात्रा और उसमें शामिल लोगों का स्वागत सत्कार का सिलसिला जगह जगह शुरू हुआ। दीनदयाल चौक, प्रभात वर्मा लालू के आवास के निकट, बिजली घर के निकट, क्रांति चौराहा, सरकारी रोडवेज बसे स्टैंड के निकट, गांधी चौक चौराहा, पूर्व चेयरमैन विनोद कुमार गुप्ता के प्रतिष्ठान के निकट, किसान कॉलेज के निकट के बाद बालाजी मंदिर के निकट सहित कई अन्य स्थानों पर नगर के प्रमुख समाजसेवियों और लोगों ने यात्रा में शामिल महर्षि कश्यप के चित्र पर पूजन अर्चन कर यात्रा में शामिल लोगों का भी स्वागत किया।

बारिश से गेहूं की फसल को भारी नुकसान, किसान परेशान

गुरसहायगंज/कन्नौज। नगर मे बीते दो दिनों से हो रही बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल पूरी तरह से गिर गई है, जिससे उत्पादन पर बड़ा असर पड़ने की आशंका है। कई जगहों पर फसल ओले गिरने से भी फसलों कों भारी नुकसान हुआ है जिससे दाने काले पड़ने और सड़ने का खतरा बढ़ गया है। किसानों का कहना है कि इस समय फसल कटाई के लिए तैयार थी, लेकिन अचानक मौसम बदलने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। खेतों में पानी भर जाने के कारण कटाई भी संभव नहीं हो पा रही है। इससे मजदूरों का काम भी ठप हो गया है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, इस तरह की बारिश गेहूं की फसल के लिए बेहद नुकसानदायक होती है, खासकर जब फसल पककर तैयार हो। इससे न केवल उत्पादन घटता है, बल्कि गुणवत्ता भी खराब हो जाती है, जिससे बाजार में उचित मूल्य मिलना मुश्किल हो जाता है। किसानों का कहना है कि अगर जल्द राहत नहीं

बेमौसम बरसात ने किसानों को पहुँचाया भारी नुकसान

छिबरामऊ, कन्नौज। रविवार शाम करीब 4 बजे अचानक हुई तेज बेमौसम बारिश ने किसानों की खड़ी पकी गेहूँ की फसल को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। किसानों के अनुसार बारिश के साथ तेज हवा चलने से गेहूँ की बालियाँ गिर गईं और कई जगहों पर फसल पानी में डूब गई। जिन खेतों में गेहूँ कटाई के लिए तैयार था, वहाँ फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। इससे किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हो गया है। कई किसानों ने कहा कि इस फसल पर उन्होंने महीनों की मेहनत और पैसा खर्च किया था। अब कटाई के समय इस प्रकार का नुकसान उन्हें बेहद निराश कर रहा है। प्रशासन से किसान मदद की मांग कर रहे हैं ताकि उन्हें कुछ राहत मिल सके। बेमौसम बारिश ने इस क्षेत्र के किसानों की आर्थिक स्थिति को और कमजोर कर दिया है।

सांसद अखिलेश यादव संसदीय दौरे पर रहेंगे, निसान शोरूम का करेंगे उद्घाटन

कन्नौज। आज सांसद अखिलेश यादव अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर कन्नौज पहुंचेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार वह दोपहर 12:30 बजे लखनऊ स्थित अपने आवास से प्रस्थान करेंगे और करीब 2 बजे कन्नौज पहुंचेंगे। कन्नौज पहुंचने के बाद सांसद निसान शोरूम का उद्घाटन करेंगे। इसके पश्चात वह इंदरगढ़ क्षेत्र के ग्राम इंदरगढ़ पहुंचकर दिवंगत शिक्षक स्वर्गीय श्रीकृष्ण यादव के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे। दौरे को लेकर प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी कार्यक्रम स्थलों पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने में जुटे हुए हैं।

सपा कार्यालय में महर्षि कश्यप व निषादराज गुहा की जयंती पर श्रद्धांजलि

कन्नौज। नासिरापुर स्थित समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय में सृष्टि के रचनाकार महर्षि कश्यप ऋषि एवं श्रृंगवेरपुर के महाराजा निषादराज गुहा की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष कलीम खान के नेतृत्व में तथा दिनेश बाथम की अध्यक्षता में किया गया।

गोष्ठी में वक्ताओं ने महर्षि कश्यप और निषादराज गुहा के जीवन एवं उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि कश्यप सप्तऋषियों में प्रमुख स्थान रखते हैं, वहीं निषादराज गुहा भगवान श्रीराम के परम सहयोगी और समर्पित भक्त के रूप में जाने जाते हैं। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष कलीम खान, पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे और वरिष्ठ सपा नेता अनिल पाल ने कहा कि महापुरुषों के प्रति सम्मान व्यक्त करना हम सभी का दायित्व है। उनके आदर्शों को अपनाकर ही समाज में समरसता और प्रगति संभव है।

विधानसभा अध्यक्ष पी.पी. सिंह वघेल, सयुस प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, वरिष्ठ नेता यश कुमार दोहरे, सपा नेत्री शशिमा सिंह दोहरे, सुनील दिवाकर और अजय कश्यप सहित अन्य वक्ताओं ने भी महर्षि कश्यप एवं निषादराज गुहा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

वक्ताओं ने कहा कि अखिलेश यादव द्वारा यह घोषणा की जा चुकी है कि सपा सरकार बनने पर सभी समाजों के महापुरुषों की मूर्तियां गोमती रिवर फ्रंट पार्क में स्थापित कर उन्हें समान सम्मान दिया जाएगा।

कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य श्याम सिंह यादव, मुकुट सिंह यादव, राकेश कटियार, अंशू पाल, विवेक पाल, नेम सिंह यादव, कमलेश कटियार, आनंद बाबू यादव, फहीम खान, अवधेश राठौर, सुधीर कश्यप, बृजलाल बाथम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

अज्ञात लोगों ने टेन्ट हाउस के गोदाम में लगाई आग

लाखों का सामान जलकर राख, पीड़ित ने दिया प्रार्थना पत्र

गुरसहायगंज कन्नौज। नगर के रॉयल पैलेस के पास स्थित बॉम्बे टेन्ट हाउस के गोदाम में बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से भारी नुकसान हो गया। इस घटना में गोदाम के अंदर रखा कारपेट, कुर्सियां, दरी, गद्दे, रजाई तथा स्टेज का पूरा सामान जलकर राख हो गया। बताया जा रहा है कि आग अज्ञात लोगों द्वारा जानबूझकर लगाई गई है क्यूंकि गोदाम मे बिजली कनेक्शन नहीं था। मुरादगंज निवासी बॉम्बे टेन्ट हाउस के मालिक खुर्शीद आलम पुत्र मो. अख्तर ने बताया कि उनका गोदाम रॉयल पैलेस के पास स्थित है, जहां टेन्ट से संबंधित सभी सामान रखा जाता था। देर रात अचानक गोदाम में आग लग गई। जब तक आसपास के लोग कुछ समझ पाते और आग बुझाने का प्रयास करते, तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया और सारा सामान जलकर खाक हो गया। खुर्शीद आलम ने आशंका जताई है कि यह आग किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा साजिशन लगाई गई है, क्योंकि गोदाम में किसी भी प्रकार की लाइट फिटिंग नहीं थी, जिससे शॉर्ट सर्किट की संभावना से इनकार किया जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना का जायजा लिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पीड़ित ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस घटना से टेन्ट हाउस संचालक को तीन से चार लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन, 129 मरीजों को मिला उपचार

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज। कस्बा अमृतपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में क्षेत्र सहित दूर-दराज के गांवों से आए मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी और सभी ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। मेले में अमृतपुर के अलावा बलीपट्टी रानीगांव, नगलाहूषा, लीलापुर, परतापुर सहित लगभग 20 से 30 किलोमीटर दूर के ग्रामीण क्षेत्रों से भी मरीज पहुंचे। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी ने इस आयोजन की उपयोगिता को और अधिक प्रभावी बना दिया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मेले के दौरान मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक उपचार एवं दवाइयां उपलब्ध कराईं। डॉ0 गौरव वर्मा ने कुल 129 मरीजों को दवाइयों का

मरीजों का उपचार करते चिकित्सक

वितरण किया गया। साथ ही विभिन्न बीमारियों की जांच में मलेरिया के 14, टाइफाइड के 12, शुगर के 16, बलगम के 9, हीमोग्लोबिन के 3, हेपेटाइटिस के 2 तथा डेंगू के 2 मरीज चिन्हित किए गए। मेले में मरीजों को न केवल दवाइयां दी गईं, बल्कि उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया गया, ताकि वे बीमारियों से बचाव कर सकें। डॉ0 गौरव वर्मा, फार्मासिस्ट अरविंद कुमार, लैब टेक्नीशियन पवन कुमार, एनएम मीना सिंह, वार्ड बॉय राकेश सिंह सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 50 से अधिक मरीजों का हुआ चेकअप

शमशाबाद। शमशाबाद स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिलसरा में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेले में 50 से अधिक मरीजों का उपचार किया गया। मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन रोशनाबाद, पसियापुर, फैजबाग और कुआंखेड़ा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी किया गया। चिलसरा स्वास्थ्य उपकेंद्र पर चिकित्सक विजय व फार्मासिस्ट नरेंद्र कुमार एवं एएनएम सपना ने मरीजों की जांच की। एलटी लोकेंद्र ने मरीजों का रक्तचाप और शुगर की जांच कर औषधि दी। शिविर में अधिकांश मरीज खांसी, जुकाम और बुखार से पीड़ित थे, जबकि कुछ अन्य मरजों से पीड़ित भी मरीज थे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुआंखेड़ा में फार्मासिस्ट अखिलेश के नेतृत्व में आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श और जीवन रक्षक दवाएं दी गईं।

महिलाओं ने वृद्धा के कान से निकाले कुंडल, पुलिस ने लिया हिरासत में

ई-रिक्शा से दवा ले जाने समय घटी घटना

कंपिल, समृद्धि न्यूज। दवाई लेकर ई-रिक्शा से घर वापस जा रही वृद्धा के महिलाओं ने कान से कुंडल निकाल लिया। ई-रिक्शा से उतरने पर महिला को जानकारी हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के गांव होतेपुर निवासी वृद्धा शिवरानी रविवार दोपहर दवाई लेने कंपिल आई थीं। वह ई-रिक्शा से घर वापस जा रही थी। उसी समय रास्ते में दो महिलाओं ने वृद्धा के एक कान का कुंडल निकाल लिया। ई-रिक्शा से उतरते समय वृद्धा को कान से कुंडल गायब होने की जानकारी हुई। वृद्धा के शोर मचाने पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने महिलाओं को घेर लिया, लेकिन तब तक महिलाओं ने कुंडल गायब कर दिया।

बाबा नीम करोरी धाम पर सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। श्री चिंतामणि सुंदरकांड पाठ समिति द्वारा बाबा नीम करोरी धाम पर सुंदरकांड का संगीतमय पाठ किया गया। कवन सो काज कठिन जग माहीं जो नहिं होइ तात तुम पाहीं के साथ भक्तों ने सुंदरकांड का पाठ कर महा

आरती, प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। हिंदू धर्म में रामचरितमानस का विशेष महत्व है, और उसके सुंदरकांड अध्याय को अत्यंत शुभ और शक्तिशाली माना जाता है। सुंदरकांड श्रीराम कथा का वह भाग है जिसमें भगवान हनुमान की वीरता, भक्ति और बुद्धिमत्ता का अद्भुत वर्णन है। इस पाठ को नियमित रूप से पढ़ने से जीवन में कई प्रकार के लाभ प्राप्त होते हैं आध्यात्मिक, मानसिक, भावनात्मक और भौतिक रूप से। सुंदरकांड का पाठ करने से व्यक्ति का साढ़ेसाती और ढैय्या का प्रभाव भी कम हो जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित अशोक वर्मा, घनश्याम बाजपेई, प्रशान्त कुमार सिंह, कमलेश दीक्षित, अनूप मिश्रा, अनुपम तिवारी, नागेश अग्निहोत्री, चंदन शुक्ला, निर्मल दीक्षित, विकास दीक्षित, अनुराग वर्मा, सुबोध आदि लोग उपस्थित रहे।

तेज आंधी-बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, गेहूं की फसल को भारी नुकसान

बारिश के चलते रेंगते वाहन

- तेज हवाओं से खेतों में खड़ी फसल गिरी, बिजली व्यवस्था ठप

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज। रविवार को क्षेत्र में अचानक मौसम के बदले मिजाज ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। तेज आंधी के साथ हुई जोरदार बारिश ने जहां भीषण गर्मी से राहत दिलाई। वहीं किसानों और आम लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर गेहूं की तैयार फसल खेतों में गिर गई। जिससे किसानों को भारी नुकसान होने की आशंका है। अधिकांश किसान इन दिनों कटाई की तैयारी में जुटे थे, लेकिन अचानक आए इस मौसम परिवर्तन ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। आंधी और बारिश के चलते विद्युत व्यवस्था भी चरमरा गई। कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। जिससे लोगों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी। बिजली विभाग की टीमें आपूर्ति बहाल करने में जुटी रहीं, लेकिन तेज हवाओं के कारण कार्य प्रभावित होता रहा। उधर, मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए अगले तीन घंटों के भीतर जिले के कुछ स्थानों पर तेज आंधी, बिजली चमकने और ओलावृष्टि की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार हवा की रफ्तार 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें और सुरक्षित स्थानों पर रहें। किसानों को भी फसल और पशुओं की सुरक्षा के लिए आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

शराब के लिए रुपये न देने पर दबंगों ने दलित को पीटा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। शराब के लिए रुपये न देने पर दबंगों ने दलित राजमिस्त्री को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने में तहरीर दी।

जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम नंदसा खिमसेपुर निवासी जितेन्द्र पुत्र कलक्टर धानुक ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि रविवार को नगर पंचायत की सरकारी दुकान में चिनाई का काम कर रहा था। लंच होने पर वह खाना खाने अपने घर जा रहा था, तभी पुलिया पर गांव के गुलशन पुत्र रामवरन बाथम व वंशी पुत्र वीरे बाथम निवासी नंदसा ने मुझसे शराब के लिए दो सौ रुपये मांगे।

पुलिस ने ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत किया जागरुक

- जिले में भर में मिशन शक्ति के तहत चलाया जा रहा है अभियान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। आयोजित कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का संदेश देना था।

थाना कमालगंज मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं/बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, नवीन कानूनों, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के उपायों, घरेलु हिंसा, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं शासन द्वारा प्रचलित योजनाओं के संबंध में

कमालगंज में महिलाओं/बालिका को जागरुक करती महिला पुलिस

जानकारी प्रदान करते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। इसके साथ ही थाना कादरीगेट, थाना कम्पिल, कोतवाली कायमगंज, थाना जहानगंज, थाना मऊदरवाजा, कोतवाली फर्रुखाबाद, कोतवाली मोहम्मदाबाद, थाना नवाबगंज, थाना मेरापुर, महिला थाना पुलिस, थाना राजेपुर, थाना शमशाबाद में पुलिस ने भ्रमण के दौरान छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वुमेन पावर लाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साइबर अपराधों से बचाव के लिए साइबर सेफ्टी के महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने के उद्देश्य से विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रक्रियाओं से भी अवगत कराया गया। उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, विशेषकर घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा कानूनों के बारे में जागरूक किया गया।

खबरें एक नजर में

तेज आंधी से बिजली व्यवस्था चरमराई, कई गांवों में रातभर अंधेरा

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज। तेज आंधी और बारिश ने गंगा पार क्षेत्र की

बिजली व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। ग्राम नगला हूषा के पास 33 केवी लाइन का महत्वपूर्ण विद्युत पोल टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं कई स्थानों पर 11 हजार वोल्ट की लाइनें भी ठप हो गईं। बड़ी खराबी के चलते क्षेत्र के चारों प्रमुख विद्युत उपकेंद्र सलेमपुर, राजपुर, अमृतपुर प्रथम और अमृतपुर द्वितीय पूरी रात बंद रहे। बिजली आपूर्ति बाधित होने से गंगा पार के कई गांव अंधेरे में डूबे रहे। रातभर लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जिससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। सुबह होते ही विद्युत विभाग हरकत में आया। जेई शिवम तिवारी के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य शुरू किया। टूटे पोल को दुरुस्त करने और क्षतिग्रस्त तारों को ठीक करने में करीब चार घंटे का समय लगा। कड़ी मशक्कत के बाद दोपहर लगभग 12 बजे से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति धीरे-धीरे बहाल हो सकी। विद्युत कर्मचारियों के अनुसार तेज आंधी के चलते कई स्थानों पर पेड़ टूटकर बिजली तारों पर गिर गए थे। जिससे सप्लाई पूरी तरह बाधित हो गई थी। पेड़ों को हटाने और लाइनों को दुरुस्त करने के बाद ही आपूर्ति सुचारू हो सकी। जेई शिवम तिवारी के नेतृत्व में टीम की तत्परता से एक बार फिर समय रहते व्यवस्था बहाल कर दी गई।

एसपी ने क्षेत्राधिकारियों के स्थानों में किया फेरबदल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पुलिस उपाधीक्षक /क्षेत्राधिकारीगणों को उनके नाम के सम्मुख अंकित सर्किल में स्थानांतरित/नियुक्ति किया जाता है। संबंधित पुलिस उपाधीक्षक /क्षेत्राधिकारी तत्काल आदेश का पालन करें। स्थांतरित किये गये पुलिस उपाधीक्षकों में क्षेत्राधिकारी लायंस कार्यालय में तैनात पुलिस उपाधीक्षक अमरपाल सिंह को क्षेत्राधिकारी अमृतपुर की जिम्मेदारी दी गई है साथ ही क्षेत्राधिकारी लायंस कार्यालय से लिंक कर दिया गया है। वहीं अमृतपुर क्षेत्राधिकारी संजय वर्मा को क्षेत्राधिकारी लायंस कार्यालय भेजा गया है, साथ ही क्षेत्राधिकारी अमृतपुर से लिंक भी कर दिया गया है। क्षेत्राधिकारी यातायात व साइबर क्राइम अभय कुमार वर्मा को क्षेत्राधिकारी नगर की जिम्मेदारी दी गई है, साथ ही क्षेत्राधिकारी यातायात व साइबर क्राइम से लिंक भी कर दिया गया है।

हरदुआ में फिल्म शूटिंग के दौरान अभिनेत्री आम्रपाली को देखने को उमड़ी भीड़

- डा. जितेन्द्र सिंह यादव के निर्देशन में बनायी जा रही सरपंचीन फिल्म

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। विकासखंड क्षेत्र के गांव हरदुआ में भोजपुरी एक्टरों द्वारा बनाई जा रही सरपंचीन फिल्म बनायी जा रही है। भोजपुरी एक्टरों को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ लग गयी।

सपा के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव द्वारा गांव हरदुआ में भोजपुरी एक्टरों द्वारा सरपंचीन फिल्म की शूटिंग करायी जा रही है। काफी दिनों से आयोजित शूटिंग के बाद कुछ हिस्सा फिल्म का रह गया

शूटिंग के दौरान अभिनेत्री आम्रपाली दुबे

था। जिसको पूरा करने के लिए भोजपुरी एक्टर आम्रपाली दुबे तथा विक्रांत सिंह के द्वारा शूटिंग की गई। शूटिंग की जानकारी होने पर लोगों की भीड़ लग गयी और ब्लॉक प्रमुख डा0 अनीता रंजन तथा डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव की चर्चा करते दिखे। बताया गया कि फिल्म की शूटिंग अभी जारी रहेगी। इस मौके पर गांव हरदुआ निवासी जयपाल सिंह यादव, राजन गंगवार, डॉ0 अफाक अली, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष साजिद अली खान, फारूक अल्वी, तालिब खान, नासिर खान, अजहर खान, रामवीर सिंह, संजीव यादव, वरन सिंह यादव मौके पर मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस मौजूद रही।

प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री पर अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज। सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफअभद्र टिप्पणी करना एक युवक को महंगा पड़ गया। थाना राजेपुर क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। जिसमें एक युवक आपत्तिजनक टिप्पणी करता हुआ दिखाई दे रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने प्रभावी कार्रवाई की और पंकज यादव पुत्र ओमकार, निवासी पट्टी दारापुर थाना राजेपुर के खिलाफ वादी रूद्र प्रताप सिंह पुत्र विजय सिंह, निवासी जनपद की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध मु0अ0सं0

आरोपी पंकज

52/26 के तहत धारा 352/353(1) बीएनएस एवं 67 आईटी एक्ट में मामला पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणियां करने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी।

सपा ने महर्षि कश्यप व निषादराज की मनायी जयंती

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में महर्षि कश्यप एवं श्रृंगवेरपुर के राजा निषादराज गुह्य की जयंती मनायी गई।

- सबका सम्मान हो और देश का विकास हो सपा का यही मूल उद्देश्य

पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष व कार्यक्रम प्रभारी अरविन्द कश्यप ने महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और जीवन पर प्रकाश डाला। अरविन्द कश्यप ने कहा सपा सभी धर्म-वर्गों और महापुरुषों का सम्मान करती है, सभी को साथ लेकर चलने की जो बीड़ा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उठाया है। हम सभी समाजवादी जन उसे जमीन पर उतारने का पूरा प्रयास कर रहे हैं। महर्षि कश्यप और महाराज निषाद राज गुह्य का जीवन चरित्र मानवता को अच्छा संदेश देता है। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर हम सभी को समाज की अच्छाई के लिए कार्य करना चाहिए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के अलावा जिला प्रवक्ता राधेश्याम सविता, पशुपति कश्यप, बृजेश कश्यप, श्यामू कश्यप, राम सिंह कश्यप, आदेश कश्यप, उपदेश कश्यप, धर्मेंद्र कश्यप, बल्ली कश्यप, रवि, राजीव कश्यप, रामवीर, नानू, इंद्रजीत कश्यप, दाता कश्यप, धीरू, नरेंद्र सिंह यादव, अजीत कश्यप, संजीव कश्यप, नरेन्द्र यादव सभासद आदि मौजूद रहे।

कहि जय जय जय रघुकुलकेतु, भृगुपति गए वनहि तप हेतु

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भगवान विष्णु ने परशुराम अंश के रूप में उस भृगु कुल में अवतार लिया। जिस भृगु के पाद-प्रहार को अपने वक्षःस्थल पर सहा। भगवान परशुराम सर्व समाज के भगवान थे। भगवान

परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष

राम के विवाह के दौरान जब परशुराम को पता चला कि भगवान शिव का धनुष किसी बालक ने तोड़ दिया, तो वह क्रोधित होकर अपना फर्शा उठा लिया। जिन्हें श्री राम ने शांत किया।

रमेश चन्द्र त्रिपाठी

रमेश चन्द्र त्रिपाठी ने बताया भगवान राम हर किसी के रोम रोम में बसते हैं। उसी तरह परशुराम भी हमरे समाज के पराक्रम है। वह शिवजी के बड़े भक्त थे और स्वाभिमानी थे। आतताइयों का पृथ्वी से 21 बार संहार करने के बाद वह शस्त्र गुरु कहलाये। उनको कोप का भाजन कोई नहीं बनना चाहता था। हम सभी लोग वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया (अक्षय तृतीया) 19 अप्रैल को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनायेंगे।

लालाराम दुबे

लालाराम दुबे ने बताया जब शिवजी का धनुष टूटा तो उन्होंने कि क्रोधित होकर कहा यह धनुष किसने तोड़ा है, तो लक्ष्मण ने कहा था शिवजी का धनुष तोड़ने बाला आपका कोई दास होगा। यह सुनकर मुनि क्रोधित हो गए और बोले सो बिलगाऊ बिहइ समाजा न त मारे जैहहि सबराजा, सुनि मुनि बचन लाखन मुसुकाने, बोले परशुधरहि अपमाने। यह दिन धर्म, ज्ञान और शक्ति का प्रतीक है। 19 अप्रैल को परशुराम का जन्मोत्सव है।

सौरभ मिश्रा

सौरभ मिश्रा ने बताया धनुष तोड़ने के दौरान जब भगवान परशुराम को पता चला तो वह बोले देवन्ह दीन्ही दंदुभी प्रभु पर बरसहिं फूल, हरषे पुर नर नारी सब मिटी मोहमय सूल, वह कहकर मुस्कराते हुए बोले कि भगवान राम का अवतार हो गया है और पुनः वापस लौट गये। भगवान परशुराम ने धरती पर कई बार आतताइयों का संहार किया। भगवान परशुराम जी के जन्म समय को सतयुग और त्रेता का संधिकाल माना जाता है।

चोरी के माल सहित तीन गिरफ्तार

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली पुलिस ने तीन शातिर चोरों को चोरी किए गये माल के साथ गिरफ्तार कर मेडीकल परीक्षण करवाकर जेल भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पितौरा निवासी अनीस मोहम्मद पुत्र महरूद्दीन द्वारा अपनी दुकान बिरियन तिराहे के पास से अज्ञात चोरों ने मसाला सिगरेट आदि सामान चोरी करने के सम्बन्ध में धारा 331(4), 305, बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, कस्वा चौकी इन्चार्ज अंकुर भाटी, वरिष्ट कांस्टेबिल धरमेन्द्र तिवारी, कांस्टेबिल सचिन कुमार, कांस्टेबिल अंकित पवार, कांस्टेबिल मोहित ने मुखबिर की सूचना पर तीन शातिर चोर आशू उम्र 22 वर्षीय पुत्र नन्हे, आकाश उम्र 21 वर्षीय पुत्र बीरेन्द्र निवासीगण जटवारा थाना कायमगंज व दानिश उर्फ अरबाज उम्र 19 वर्षीय पुत्र भूरे अली थाना कायमगंज को ग्राम झब्बूपुर क्रॉसिंग से गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे चोरी किया गया माल बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि हम लोग ने 1 अप्रैल को अपने साथियों के साथ मिलकर अचरा रोड पर स्थित एक पान मसाले की दुकान के पीछे से रात्रि के समय ईंटा निकालकर दुकान से सामान चोरी कर लिया था।

महर्षि कश्यप समाज सेवा समिति ने निकाली विशाल शोभायात्रा

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। महर्षि कश्यप व निषाद राज की जंयती पर कायमगंज में महर्षि कश्यप समाज सेवा समिति ने विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया। शोभा यात्रा नगर के बड़ी देवी मन्दिर से शुरु होकर गल्ला मन्डी चौराहा, श्यामागेट, वजरिया पटवनगली होती हुई बड़ी देवी मन्दिर पर समापन हुई। शोभा यात्रा में आकर्षक झाकियां मुख्य आकर्षक का केन्द्र रही। महर्षि निषाद राज की सजीव व झाँकी और ऋषि कश्यव का भव्य शोभा रथ शामिल था। यात्रा के दौरान विभिन्न रथ पर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभा यात्रा के दौरान युवा हाथों में तिरंगा, सनातनी इण्डा लिए निषाद राज की जय के नारे लगा रहे थे। डीजे की धुन पर युवक युवतियां, महिलाए में उत्साह पूर्वक नृत्य करते हुए आगे बढ रहे थे। शान्ति व्यवस्था कायम रखने के लिए कस्वा चौकी इन्चार्ज अंकुर भाटी, हेड कांस्टेबिल धरमेन्द्र तिवारी, कांस्टेबिल सचिन कुमार, कांस्टेबिल विजय गूर्जर, कांस्टेबिल विनीत कुमार, कांस्टेबिल राजेश शर्मा सहित कश्यव समाज समिति के अध्यक्ष राम प्रकाश कश्यप आदि मौजूद रहे।

महर्षि कश्यप व राम सखा महाराज के जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा

▸ जगह-जगह पुष्प वर्षा कर हुआ स्वागत

महर्षि कश्यप एवं राम सखा महाराज की झांकी

शोभायात्रा में मौजूद समाज के लोग

महर्षि कश्यप का पूजन करते अनिल कश्यप

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। महर्षि कश्यप एवं राम सखा महाराज निषादराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निषाद पार्टी द्वारा जनपद में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप एवं बाल ब्रह्मचारी आचार्य विज्ञान स्वरूप महाराज ने रथ पर सवार महर्षि कश्यप् (राहुल कश्यप) एवं निषादराज (अरून कश्यप) के स्वरूपों पर पुष्प वर्षा एवं आरती उतारकर यात्रा का शुभारम्भ किया। वरिष्ठ समाजसेवियों को माला पहनाकर आयोजक समिति ने स्वागत किया। यात्रा पटेल पार्क से शुरू होकर चौक के रास्ते घुमना, लाल गेट होते हुए बढ़पुर शीतला माता धाम तक गई। सैकड़ों की संख्या में कश्यप निषाद समाज की महिलाओं एवं पुरूषों ने यात्रा में भागीदारी की। ढोल नगाड़ों एवं डीजे पर बज रहे भक्ती गीतों की धुन पर बच्चें एवं अन्य लोग यात्रा के साथ नाचते झूमते चल रहे थे। राधा कृष्ण की झांकी ने भक्ति गीतों पर नृत्य कर मन मोह लिया। मां काली का अखाड़ा यात्रा में आकर्षण का केन्द्र रहा। यात्रा मार्ग पर स्वरूपों और आचार्य की जगह-जगह आरती उतारी गई और पुष्प वर्षा की गई। कई राजनैतिक संगठन और समाजसेवी यात्रा में शामिल हुए। यात्रा का समापन बढ़पुर में किया गया। इसके बाद भण्डारे का आयोजन किया गया। वरिष्ठ समाजसेवियों का अंगवस्त्र पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शोभा यात्रा में अनिल कश्यप् जिलाध्यक्ष, भाजपा जिलाध्यक्ष फतेह चंद्र वर्मा, संजीव बाथम यात्रा प्रभारी, अजीत बाथम युवा जिला अध्यक्ष, शिवांग रस्तोगी, विकास पांडे, संजय गर्ग, प्रियांशु कश्यप, अंकुश कश्यप, मुनेष कश्यप, सुरेश कश्यप, डा0 अतुल बाथम, ब्रजेश बाथम, नारद कश्यप, सप्पू कश्यप, राजकपूर बाथम, जितेंद्र कनौजिया, रामलाल कश्यप, बदन सिंह, इन्द्र कश्यप, आशू कश्यप, विनय कश्यप, पप्पू बाथम, वीरेन्द्र बाथम, प्रवीन कश्यप, नीरज कश्यप, रायसिंह कश्यप, ओमेंद्र कश्यप, राम राज कश्यप, विजय कश्यप, अमन कश्यप, अवनीश कश्यप, भैया मिश्रा, कोमल पाण्डेय, अभिषेक बाथम, मुकेश बाथम, सचेन्द्र कश्यप, ज्ञानेंद्र कश्यप, विमल बाथम, नरेन्द्र बाथम, रंजीत बाथम, कुलदीप कश्यप, राजीव बाथम, ज्ञानेन्द्र कश्यप, रामकृष्ण बाथम, अहिबरन सिंह, संत कुमार सभासद, पुष्पेन्द्र बाथम, वसंत लाल, सुरेन्द्र पुजारी, सोहन लाल, संदीप बाथम, राजवीर बाथम, दुर्गेश कश्यप, श्याम सुंदर निषाद, महिपाल कश्यप, रामलड़ैते प्रधान, अरविन्द बाथम, अमरनाथ कश्यप, बाबूराम कश्यप, अरविन्द कश्यप, रामरतन कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे।

एचटी लाइन की चपेट में आने से मोर की मौत

मृत पड़ा मोर

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। नवाबगंज के गांव रावतपट्टी में एक किसान के खेत के ऊपर से 11 हजार वोल्ट की हाई टेंशन लाइन निकली है। जिसकी चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मृत्यु हो गई। खेत में काम कर रहे किसानों ने मोर को मृत अवस्था में देखा। जिसके बाद ग्रामीणों ने गड्ढा खोदकर मोर को दफना दिया। रविवार को थाना क्षेत्र के रावतपट्टी निवासी ग्रामीण अपने खेत में काम कर रहे थे। उसी दौरान खेत के ऊपर से निकली एचटी लाइन की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी की मौत हो गयी। वहीं खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने मृत पड़े मोर को उठाकर गड्ढा खोदकर दफना दिया।

आर्य समाज द्वारा सप्ताहिक यज्ञ एवं सत्संग का किया गया आयोजन

हवन में आहूतियां डालते लोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। रविवार को आर्य समाज मंदिर कमालगंज में साप्ताहिक यज्ञ एवं सत्संग का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर के अनेक धर्मप्रेमी नागरिकों ने सहभागिता कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ से हुई। आर्य समाज के पुरोहित आचार्य संदीप आर्य ने विधिवत सम्पन्न कराया। उन्होंने कहा कि वैदिक सत्संग मनुष्य को सच्चे अर्थों में श्रेष्ठ मनुष्य बनाता है तथा यह मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करने वाला सशक्त साधन है। उन्होंने वर्तमान समय में सत्संग के नाम पर फैल रहे पाखण्ड पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों को वेदों के सत्य मार्ग से हटाकर व्यक्ति विशेष की पूजा की ओर प्रवृत्त किया जा रहा है, जिससे समाज भ्रमित हो रहा है। उन्होंने सभी से आवाह्न किया कि ऐसे भ्रम से बचते हुए सत्य, ज्ञान और वैदिक विचारधारा को अपनाने हेतु आर्य समाज से जुड़ें। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को संस्कारमय शिक्षा प्रदान की गई तथा उन्हें वैदिक साहित्य भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह, अनंत कुमार, सत्यम, उपांशु, नीतीश राठौर, साहिल कुमार, गौरव, उर्मिला आर्या, अमृता पांडेय, उन्नति आर्या, राधा नैना, नीलम आदि उपस्थित रहे।

पुलिस की बड़ी कार्यवाही: गैंगेस्टर तालिब की 1.05 करोड़ की सम्पत्ति कुर्क

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। गैंगस्टर एक्ट के तहत अपराध से अर्जित संपत्तियों के खिलाफ जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देश पर पुलिस व राजस्व टीम ने जुबैर खान गैंग के सक्रिय सदस्य तारीख उर्फ तालिब का किला मऊरशीदाबाद पहुंचकर मकान और वाहन सहित कुल 1 करोड़ 4 लाख 74 हजार 106 रुपये की चल-अचल संपत्ति कुर्क कर ली है।

शनिवार को जिलाधिकारी के आदेश पर नायब तहसीलदार हर्षित, कायमगंज प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, मेरापुर इंस्पेक्टर विवेचनाधिकारी राजीव पाण्डेय, कस्बा चौकी इंचार्ज अंकुर भाटी भारी पुलिस बल और राजस्व टीम के साथ आरोपित तालिब के गांव चौक मऊरशीदाबाद पहुंचे और ढोल-नगाड़ों के साथ मुनादी कराते हुए कुर्की की प्रक्रिया शुरू कराई। पुलिस ने आरोपी के मकान पर मुकदमे से संबंधित कार्रवाई अंकित की। मेरापुर इंस्पेक्टर ने बताया 61 लाख का भवन और 43 लाख 74 हजार 106 रुपये की चल-अचल संपत्ति कुर्क की कार्रवाई की गई है। मकान को सील कर दिया गया है। बताते चले कि गांव गढ़ी इज्जत खां निवासी गैंगस्टर जुबैर खान की करीब 26 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क की जा चुकी है। 26 फरवरी को पुलिस-प्रशासन ने गैंग के सक्रिय सदस्य रूटोल निवासी सुखबीर यादव की 1.75 करोड़ की संपत्ति चल-अचल संपत्ति पर कुर्की की थी। उसके अलावा गैंग के सदस्य रामनरेश, पुष्पेंद्र, आदेश, मोबीन, तारीख उर्फतालिब और पवन शामिल हैं। इनमें जुबैर व मोबीन न्यायालय में आत्मसमर्पण कर चुके हैं, जबकि सुखबीर को पूर्व में मेरापुर पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अन्य आरोपितों ने न्यायालय से गिरफ्तारी पर स्थगन आदेश प्राप्त कर रखा है। जबकि रामनरेश अभी फरार चल रहा है।

कुर्की की कार्यवाही करती पुलिस

ईस्टर पर निकाली गई प्रभातफेरी, की गई विशेष प्रार्थना सभायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। ईस्टर के अवसर पर शहर के सभी गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा हुई। ईसाई संप्रदाय के लोगों ने यीशु मसीह को याद कर प्रभातफेरी निकाली।

सीएनआई सिटी चर्च, सीएनआई बढ़पुर चर्च, सीएनआई रखा चर्च व ऑल सोल्स चर्च फतेहगढ़ में ईस्टर का पर्व काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ईसाई संप्रदाय के लोग गिरजाघर में तड़के ही पहुंचना शुरू हो गए। पादरी स्टीफन मसीह की अगुवाई में सुबह चार बजे लोगों ने हाथों में कैंडल लेकर प्रभु यीशु मसीह को याद करते हुए जुलूस निकाला। यह दिन प्रभु यीशु के मृत्यु पर जय पाकर तीसरे दिन जीवित होने की घटना की याद दिलाता है, जैसा कि पवित्र बाइबल में वर्णित है कि वह यहाँ नहीं है, परन्तु जी उठा है। रविवार सुबह 4 बजे मसीही समाज के लोग नेकपुर स्थित प्राइमरी स्कूल के पास एकत्र हुए। सभी के हाथों में जलती कैंडल थीं। प्रभात फेरी मसीही भजनों और स्तुतिगान के साथ नेकपुर प्राइमरी स्कूल से शुरू हुई। यह जुलूस आवास विकास और वन विभाग मार्ग से गुजरते हुए पुनः बढ़पुर चर्च परिसर में आकर संपन्न हुआ। चर्च पहुंचकर विश्वासियों ने क्रूस के पास कैंडल जलाकर प्रार्थना की और प्रभु के जीवित होने की गवाही दी। मसीह समाज ने एक स्वर में यह संदेश दिया कि प्रभु यीशु मसीह जीवित हैं और उनका पुनरुत्थान संपूर्ण संसार के लिए जीवन और आशा का संदेश है। चर्च प्रांगण में विशेष ईस्टर आराधना सभा भी आयोजित की गई। बढ़पुर चर्च में पादरी मनोज कुमार ने वचन साझा करते हुए कहा कि प्रभु यीशु मसीह का पुनरुत्थान हमें यह सिखाता है कि मृत्यु अंत नहीं, बल्कि अनंत जीवन की शुरुआत है। उन्होंने बताया कि परमेश्वर ने अपने पुत्र को मृतकों में से जिलाकर मनुष्य को अपने साथ मेल-मिलाप का मार्ग प्रदान किया। उन्होंने कहा कि यह पुनरुत्थान हर विश्वास करने वाले के लिए नई आशा, नया जीवन और उद्धार का प्रमाण है। आतिशबाजी कर पुनरुत्थान का आनंद व्यक्त किया गया। पादरी ने कहा कि यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि गुड फ्राइडे को सूली पर चढ़ाए गए प्रभु यीशु मसीह तीसरे दिन जी उठे और आज भी जीवित हैं।

प्रभात फेरी निकालते मसीह समाज के लोग

आंधी-बारिश से मक्का, गेहूं, तंबाकू और आम की फसलों को नुकसान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। रविवार को को मौसम ने अचानक करवट ली। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। शाम होते ही पहले तेज हवाएं चलने लगीं। जिसके बाद आसमान में घने बादल छा गए। शुरुआत में बूंदाबांदी हुई, लेकिन जल्द ही यह तेज बारिश में बदल गई। खेतों में गेहूं की कटाई का काम चल रहा है। ऐसे में तेज बारिश से खेतों में पानी भर सकता है, जिससे कटाई रुक जाएगी। कटे हुए गेहूं के भीगने और खड़ी फसल के गिरने का खतरा है। इसके अलावा तंबाकू और सरसों की फसलों को भी नुकसान हुआ है। अधिक बारिश होने पर इसके खराब होने की संभावना है, जिससे उन्हें फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पाएगा।

वहीं कायमगंज में रविवार को तेज हवा के कारण खेतों में खड़ी मक्का की फसल जमीन पर गिर गई। जिससे उत्पादन में कमी की संभावना बढ़ गई है। किसानों ने बताया कि इस बार अच्छी पैदावार की उम्मीद थी, लेकिन आंधी और बारिश ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। कई किसानों की कटी हुई गेहूं की फसल खेतों में ही पड़ी थी, जो बारिश में भीगकर खराब हो गई। इसके अलावा, जिन खेतों में गेहूं की फसल पककर तैयार खड़ी थी, वह भी तेज हवा और पानी के कारण गिर गई, जिससे उपज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। किसानों की खेत में कटी पड़ी तंबाकू की फसल को भी नुकसान हुआ है। बारिश से कटी हुई तंबाकू लाल हो जाएगी, जिससे उसे कम दाम में बेचना पड़ेगा। वहीं बारिश का आम के बौर पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, जिससे उत्पादन में कमी आएगी।

आंधी से बिछी गेहूं की फसल

खबरें एक नजर में

आपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा बच्चे को किया सकुशल बरामद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। कोतवाली फर्रुखाबाद पुलिस द्वारा 11 वर्षीय गुमशुदा बालक को 24 घण्टे के भीतर सकुशल बरामद कर परिवारीजनों को सुपुर्द किया गया। 4 अप्रैल को आवेदक निवासी मोहल्ला खैराती खाँ कोतवाली फर्रुखाबाद ने अपने 11 वर्षीय पुत्र को किसी बात पर डाँट देने से नाराज होकर कहीं चला गया था। इस सम्बन्ध में कोतवाली फर्रुखाबाद पर सूचना दी गयी थी। प्राप्त सूचना पर कोतवाली फर्रुखाबाद पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर ऑपरेशन मुस्कान व मिशन शक्ति 5.0 तहत त्वरित कार्यवाही करते हुए आवेदक के पुत्र को सूचना प्राप्त होने के 24 घण्टे के भीतर सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। परिजनों व आमजनमानस द्वारा पुलिस की तत्परता की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

अंबेडकर जयंती समारोह समिति के तत्वाधान में हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। डॉ0 बीआर अंबेडकर जयंती समारोह समिति के तत्वावधान में मिशन अस्पताल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया। समिति के अध्यक्ष डॉ0 प्रभु दयाल ने बताया कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में लगभग 250 बच्चों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिमा का परिचय देते हुए भारत रत्न बाबासाहेब अंबेडकर के विषय में जानकारी साझा की। परीक्षा प्रभारी महेंद्र कठेरिया के दिशा निर्देश में परीक्षा संपन्न हुई। कार्यक्रम संयोजक रामनरेश गौतम ने बताया कि 13 अप्रैल को डॉ बी आर अंबेडकर जयंती समारोह के अवसर पर शहर में भव्य शोभा यात्रा नगर फतेहगढ़ व फर्रुखाबाद में निकाली जाएगी। वीरेंद्र कठेरिया ने बताया कि प्रतियोगिता प्रतिभागियों को डॉ0 अंबेडकर प्रतिमा स्थल जेएनवी रोड पर 14 अप्रैल को सायं सम्मानित किया जाएगा। प्रमुख रूप सर्वेश अंबेडकर, महावीर राजपूत, वीरेंद्र सिंह कठेरिया, रविंद्र नाथ दिवाकर, कुलदीप सिंह कठेरिया, अवधेश चंद्र कठेरिया, संतोष दिवाकर, अशोक कठेरिया, प्रेमपाल दिवाकर, अजीत कठेरिया, सुरजीत कठेरिया, नरेंद्र सिंह जाटव, नरेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, अतेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, राजेश अंबेडकर, नंदराम कोटेदार, केपी सिंह, वीडी रावत आदि मौजूद रहे।

नगेंद्र पाल सिंह जाटव 9वीं बार बसपा के बने जिलाध्यक्ष

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। बहुजन समाज पार्टी के नगेंद्र पाल सिंह जाटव 9वीं जिला अध्यक्ष घोषित हुए है। उनके जिलाध्यक्ष बनने पर पार्टी के पदाधिकारियों व समर्थकों एवं शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। बहुजन समाज के लिए समर्पित नगेंद्र पाल सिंह जाटव वर्ष 2002 में बसपा से जुड़े थे। बूथ अध्यक्ष के बाद सेक्टर अध्यक्ष, जिला सहसंयोजक, जिला कार्यालय सचिव से विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष तक का सफर किया।

राज्य स्तरीय महिला मुक्केबाजी प्रतियोगिता में अन्नू व अनन्या ने जीते पदक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। हापुड़ में संपन्न हुई अंडर-19 आयु वर्ग की राज्य स्तरीय महिला मुक्केबाजी प्रतियोगिता में जनपद की अनन्या माथुर 64 किलो भार वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता में जनपद की अन्नू राजपूत ने कांस्य प्राप्त कर जनपद का गौरव बढ़ाया। अनन्या माथुर इससे पूर्व भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त कर चुकी हैं। जनपद की महिला मुक्केबाजों के पदक प्राप्त करने पर जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मोहन अग्रवाल, सचिव संजीव कटियार, कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन कटियार, सचिन सिंह, निशा परिहार, अनुज वर्मा, पूनम शर्मा आदि ने बधाई दी। अध्यक्ष मोहन अग्रवाल ने कहां कि पदक विजेता खिलाड़ियों को जनपद वापसी पर स्वागत एवं सम्मानित किया जाएगा।

तेज आंधी आने से विद्युत आपूर्ति प्रभावित, 120 गांवों में छाया अंधेरा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। शनिवार व रविवार रात आई तेज आंधी से विद्युत आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई। नीम करौली से नवाबगंज विद्युत उपकेंद्र को जोड़ने वाली 33,000 वोल्ट की मुख्य लाइन शनिवार रात 8 बजे ब्रेकडाउन हो गई। हालांकि, उपकेंद्र से जुड़े चार फीडरों की लाइनों पर कई स्थानों पर पेड़ टूटकर गिर गए थे। इससे नवाबगंज और आसपास के 120 गांवों में बिजली गुल हो गई, जो रविवार सुबह 8 बजे तक भी पूरी तरह बहाल नहीं हो पाई थी। लाइन ब्रेकडाउन की सूचना मिलते ही जेई अब्दुल मजीद ने लाइनमैनों की चार टीमें गठित कीं। इन टीमों को रात के अंधेरे में टॉर्च की रोशनी में लाइन की पेट्रोलिंग के लिए भेजा गया। कड़ी मशक्कत के बाद रात लगभग 12 बजे 33,000 वोल्ट की लाइन को चालू किया जा सका, जिसके बाद नवाबगंज विद्युत उपकेंद्र की आपूर्ति बहाल हुई। हालांकि, उपकेंद्र से जुड़े चार फीडरों की लाइनों पर कई स्थानों पर पेड़ टूटकर गिर गए थे। कुछ जगहों पर पेड़ों की डालियां भी टूटकर लाइनों पर गिरीं, जिससे 120 गांवों की बिजली आपूर्ति सुबह 8 बजे तक ठप रही। लाइनमैनों की टीमें गिरे हुए पेड़ों और डालियों को हटाने का काम लगातार कर रही हैं। गांव रसूलपुर में एक पेड़ ट्रांसफॉर्मर के ऊपर गिर गया। जिससे ट्रांसफॉर्मर खंभे सहित सड़क पर आ गिरा। जेई अब्दुल मजीद ने बताया कि तेज आंधी के कारण कई जगहों पर पेड़ों की डालियां और पेड़ लाइनों पर टूटकर गिरे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि लाइनमैनों की टीमें इन्हें हटा रही हैं और जल्द ही बिजली आपूर्ति पूरी तरह बहाल कर दी जाएगी।


लोगो

हिंदू समाज पार्टी की जिला कार्यकारिणी घोषित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। हिन्दू समाज पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेश मिश्रा एवं प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी के निर्देश पर एवं जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता की संस्तुति पर जनपद की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। घोषित कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

घोषित कार्यकारिणी में एडवोकेट सुनील तिवारी, दीपक शुक्ला, दीपक मिश्रा, लवी पटेल, रामलखन बाल्मीकि, सुनील मिश्रा, अनुज शर्मा, प्रतीक भारद्वाज एवं डॉ0 मनीष दीक्षित को उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं रोहन कश्यप और आलोक मिश्रा भूरे को महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। ज्योति प्रकाश बाजपेई को जिला संगठन मंत्री नियुक्त किया गया है। संगठन में मंत्री पद पर राहुल गुप्ता, सूरज बाथम, सोनू गुप्ता, अमन राजपूत, शशीकांत पाराशर, लकी सक्सेना, रुद्र सक्सेना, रजत बाजपेई, वरुण कश्यप, अनुज चौहान, अंकित यादव, राज वर्मा एवं अशोक कुमार जाटव को शामिल किया गया है। रितिक सारस्वत को कोषाध्यक्ष, शिवम मिश्रा को मीडिया प्रभारी, आदित्य प्रताप सिंह को प्रचार मंत्री, आदर्श शर्मा को सोशल मीडिया प्रभारी तथा प्रदीप दुबे को कार्यालय प्रभारी बनाया गया है। इसके साथ ही नगर स्तर पर भी महत्वपूर्ण घोषणाएं करते हुए रवि चौहान को फर्रुखाबाद नगर अध्यक्ष एवं अनमोल पाण्डेय को फतेहगढ़ नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नई टीम संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाएगी।

कार्यक्रम में मौजूद नवीन कार्यकारिणी

पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत पांच सत्रों का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। नगर के जटवारा रोड स्थित सीपी गेस्ट हाउस में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत द्विदिवसीय प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस के पांच महत्वपूर्ण सत्रों का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र मुख्य अतिथि पीयूष दुबे रहे। अध्यक्षता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुनील चक ने की। द्वितीय सत्र मुख्य वक्ता डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल रही। अध्यक्षता डॉ0 शरद गंगवार ने की। द्वितीय सत्र मुख्य वक्ता डीएस राठौर विषय कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि अध्यक्षता डॉ0 विकास शर्मा ने की। चतुर्थ सत्र मुख्य वक्ता अमरदीप दीक्षित, विषय सोशल मीडिया सरल ऐप नमो ऐप अध्यक्षता रश्मि दुबे ने की। पंचम सत्र मुख्य वक्ता सतपाल सिंह, विषय कार्य पद्धति अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख अनुराधा दुबे ने की। जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा रहे। संचालन नगर अध्यक्ष देवेंद्र दुबे ने किया। इस मौके पर अखिलेश शर्मा, अमर गुप्ता, अरुण सक्सेना, अरुण दुबे आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते मिथलेश अग्रवाल

खबरें एक नजर में

जमीनी रंजिश में खूनी संघर्ष, दोनों पक्षों में मारपीट महिला समेत कई घायल

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी के थाना पढुआ क्षेत्र के आढीपुर गांव में पुरानी जमीनी रंजिश ने एक बार फिर हिंसक रूप ले लिया। रविवार को गाटा संख्या 717 की जमीन को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों ओर से लाठी-डंडों और धारदार हथियारों का इस्तेमाल हुआ, जिसमें महिला समेत कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। प्रकाश पुत्र पैकरमा ने आरोप लगाया कि विवादित जमीन पर न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद विपक्षी गोकुल, शारदा, राकेश, साकेत, ललित, अनूप और अतुल जबरन छप्पर डालने पहुंचे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो विपक्षियों ने एकजुट होकर लाठी-डंडों और हंसिया से हमला कर दिया। इस हमले में नैन्सी के सिर पर धारदार हथियार से वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि संगीता और तेजपाल को भी चोटें आई हैं। वहीं दूसरे पक्ष के अतुल राजपूत पुत्र गोकुल प्रसाद का कहना है कि उनके पिता गोकुल अपने छप्पर में काम कर रहे थे, तभी पुरानी रंजिश के चलते राधेश्याम पुत्र पैकरमा ने जान से मारने की नीयत से उनके सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों को भी नहीं बख्शा गया और उन पर भी लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया, जिससे कई लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। घटना के बाद गांव में तनाव व्याप्त है और लोग दहशत में हैं। पुलिस के मुताबिक दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घायलों को उपचार के लिए भेजा गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी पढुआ दिनेश शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों की प्राप्त तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

धूमधाम से निकली कलश शोभायात्रा, लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ

मितौली (खीरी)। विकासखंड मितौली के ग्राम राजेपुर में द्वितीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं मानव वेदांत संत सम्मेलन का शुभारंभ रविवार को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। गांव में आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब बड़ी संख्या में माताओं और बहनों ने सिर पर कलश धारण कर यज्ञ स्थल से कठिना नदी तक पैदल यात्रा निकाली। वैदिक मंत्रोच्चार और भजन-कीर्तन के बीच श्रद्धालुओं ने कठिना नदी से पवित्र जल भरकर पुनः यज्ञ स्थल तक यात्रा की। पूरे मार्ग में हरि नाम और धार्मिक जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कलश यात्रा के दौरान गांव और आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम के मंच संचालक एवं उद्घोषक ज्ञान प्रकाश शुक्ला ने बताया कि महायज्ञ का आयोजन 4 अप्रैल 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि 7 अप्रैल को अग्नि प्राकट्य होगा, जबकि 10 अप्रैल को कन्या भोज और विशाल भंडारे के साथ यज्ञ का समापन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक यज्ञ, हवन एवं पूजन होगा। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक देश के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे विद्वान संतों द्वारा कथा-प्रवचन किया जाएगा। वहीं रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक भगवत चर्चा का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु धर्म लाभ अर्जित करेंगे। महायज्ञ में प्रमुख वक्ताओं के रूप में सीतापुर से शास्त्री रोशनी शुक्ला, बेहजम से पंडित राम सुरेश शुक्ला तथा शाहजहांपुर से सुखपाल शास्त्री अपनी वाणी से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश देंगे। कलश शोभायात्रा के शुभ अवसर पर क्षेत्र के धर्मानुरागी श्रद्धालु, ग्रामवासी, माताएं एवं बहनें बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। पूरे आयोजन में अनुशासन और श्रद्धा का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

फरार चल रहे गो तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

हलिया (मिर्जापुर)। ड्रमंडगंज पुलिस ने रविवार को फरार चल रहे वाराणसी जिला निवासी गो तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गो तस्कर के विरुद्ध वर्ष 2025 में गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत ड्रमंडगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस मुकदमा दर्ज कर फरार चल रहे गो तस्कर की तलाश में जुटी हुई थी। मुखबिर की सूचना पर रविवार सुबह थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन एसआइ ईश्वर चंद्र त्रिपाठी,हेड कांस्टेबल संतोष यादव ने गो तस्कर कृष्ण केशरी पुत्र मून्नू केशरी निवासी मच्छरहट्टा थाना रामनगर जिला वाराणसी को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के दर्ज मुकदमे में फरार चल रहे वाराणसी जिला निवासी पिकअप वाहन स्वामी गो तस्कर कृष्ण केशरी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसके पूर्व पिकप वाहन चालक गो तस्कर अमित जायसवाल उर्फभोनू को जेल भेजा जा चुका है।

मिशन शक्ति टीम ने महिलाओ व बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए किया जागरूक

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया पहड़ी व हलिया कस्बा में रविवार को मिशन शक्ति टीम के प्रभारी एसआई रमाशंकर व कांस्टेबल राजेश कुमार मौर्य व महिला आरक्षी सुमन भारती द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया। पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर (आईजीआरएस)- 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर 108, गर्भवती महिलाओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन नंबर 102, अग्निशमन हेल्पलाइन नंबर 101, आशा ज्योति केंद्र 181 आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

मजदूरी कर घर लौट रहे थे, अज्ञात वाहन चालक हुआ फरार

मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।

मितौली थाना क्षेत्र में शनिवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल होकर घटनास्थल पर ही दम तोड़ तोड़ दिया था।

यह हादसा मितौली-बड़ागांव मार्ग पर छोटा सेमरावा के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सामने से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को संभालने की कोशिश की, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही मितौली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया। पुलिस जांच में मृतकों की पहचान बृजेश पुत्र रामस्वरूप और प्रहलाद पुत्र छेड्डु के रूप में हुई है। दोनों महोली थाना क्षेत्र के ग्राम लुकटहा के निवासी थे और मजदूरी कर अपने घर लौट रहे थे, तभी छोटा सेमरावा के पास यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक बृजेश के दो छोटे बेटे हैं, जिनकी उम्र करीब 6 वर्ष और 3 वर्ष बताई जा रही है। वहीं प्रहलाद की पत्नी विकलांग है और उसकी एक बेटी है। दोनों युवक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। मितौली पुलिस के अनुसार, हादसे के बाद फरार अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और संभावित मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। मामले की जांच जारी है। यह घटना बेहद दुखद है, जिससे दोनों परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। अब इनके परिवारों के भरण-पोषण की चिंता सबसे बड़ी समस्या बन गई है।

शॉर्ट सर्किट से भीषण आग, 20 मकान राख, लाखों का नुकसान

निघासन (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज़।

पढुआ थाना क्षेत्र के ग्राम बैरिया में रविवार को बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और करीब 20 मकान जलकर राख हो गए। इस घटना से पूरे गांव में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। आग की चपेट में आकर 13 बकरियां, 2 साइकिल समेत घरों में रखा सारा घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों के अनुसार इस हादसे में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। घटना के बाद ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज लपटों और हवा के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। सूचना पर पढुआ थाना प्रभारी दिनेश शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया। कुछ देर बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घंटों की जद्दोजहद के बाद स्थिति नियंत्रण में लाई जा सकी। आग से प्रभावित परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है और कई लोग खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए हैं।

आंधी बनी आफत, चलती कार पर गिरा पेड़, तीन घायल

निघासन खीरी। रविवार को अचानक आई तेज आंधी ने निघासन-रकेहटी मार्ग पर बड़ा हादसा करा दिया। गायत्री डिग्री कॉलेज के पास चलती कार पर सड़क किनारे खड़ा पेड़ गिर गया, जिससे कार में सवार तीन लोग घायल हो गए। लखीमपुर निवासी मो. हदी, शरीफ बानो और हमना आरिफ सिंगाही में एक शादी समारोह में शामिल होकर कार से वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार रकेहटी के पश्चिम स्थित गायत्री डिग्री कॉलेज के पास पहुंची, तभी तेज आंधी के कारण अचानक पेड़ गिर पड़ा और कार उसकी चपेट में आ गई। पेड़ गिरने के बाद कार अनियंत्रित होकर आगे चल रही गन्ना लदी ट्रॉली से जा टकराई। टक्कर के दौरान कार के एयरबैग खुल गए, जिससे चालक सुरक्षित बच गया, लेकिन पीछे बैठे तीनों लोग घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य करते हुए घायलों को रकेहटी के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीरता को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। तेज आंधी के दौरान सड़कों किनारे खड़े जर्जर पेड़ों की समय रहते छंटाई न होने से इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे खतरनाक पेड़ों को चिन्हित कर जल्द हटवाया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों से बचा जा सके।

पलिया खीरी में बढ़ती चोरी के घटनाक्रम से दहशत

गैस गोदाम से 108 सिलेंडर गायब- मकनपुर रोड से लेकर बाजार मोहल्ला तक चोरों का तांडव जारी

पलिया कलां खीरी, समृद्धि न्यूज़।

पलिया नगर में बीते दिनों चोरी की घटनाओं ने कानून-व्यवस्था पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ताजा मामला करुणा गैस एजेंसी के गोदाम में बड़ी सेंधमारी का है, जबकि इससे कुछ दिन पहले मोहल्ला बाजार प्रथम में भी चोरी की वारदात को चोरों ने बेखौफ अंजाम दिया था। आपको बता दे कि प्रार्थनी करुणा सिंह पत्नी अमीश सिंह निवासी राजापुर बैनी, हाल पता पलिया नगर ने पलिया कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उनकी करुणा गैस एजेंसी (सिंगहिया दुधवा रोड) का गोदाम मकनपुर रोड थारू छात्रावास के पीछे स्थित है। दिनांक 3/4 अप्रैल 2026 की रात अज्ञात चोरों ने गोदाम की दीवार और गेट तोड़कर 98 भरे और 10 खाली सिलेंडर कुल 108 सिलेंडर चोरी कर लिए। सुबह लगभग 7 बजे कर्मचारी रितेश कुमार ने गोदाम पहुंचकर घटना की जानकारी मालिक को दी। पीड़िता ने पुलिस से एफआईआर दर्ज कर सिलेंडरों की बरामदगी और चोरों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। इससे पहले 29 मार्च की रात को बाजार मोहल्ला में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था, पलिया नगर के मोहल्ला बाजार प्रथम निवासी राहुल गुप्ता पुत्र विनोद गुप्ता के घर भी 29 मार्च की रात लगभग 2 बजे अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर नकदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया था। पीड़ित के अनुसार पंद्रह से बीस हजार रुपए की नकदी, 20 ग्राम सोने की चैन, दो सोने की अंगूठियां (3-3 ग्राम) चोरी कर चोर फरार हो गया। सबसे बड़ी बात यह कि चोर की तस्वीर पड़ोस के सीसीटीवी में कैद हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद कार्रवाई का अभाव लोगों में आक्रोश पैदा कर रहा है। पीड़ित ने 30 मार्च को तहरीर दी फिर 4 अप्रैल को दोबारा प्रार्थना पत्र दिया। लेकिन कार्रवाई की जगह सिर्फ आश्वासन ही मिला। लगातार चोरी से पलिया में दहशत का माहौल है जनता सवाल पूछ रही है और पुलिस पर सवाल खड़े हो रहे है। पलिया में बीते कुछ महीनों से चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। गैस गोदाम से 108 सिलेंडर चोरी होना और उसके कुछ दिन पहले बाजार मोहल्ला में जेवरात व नगदी की चोरी,यह स्पष्ट संकेत हैं कि चोर बेखौफ हैं और कानून-व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। नगर के लोगों में चर्चा है कि चोर एक के बाद एक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस की कार्रवाई सुस्त दिखाई दे रही है और आम जनता असुरक्षित महसूस कर रही है। स्थानीय लोगों की मांग है कि पलिया नगर में रात्रि गश्त बढ़ाई जाए, हाल की घटनाओं पर तेज कार्रवाई हो, सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाए, और गैस एजेंसी से चोरी हुए सिलेंडर की बरामदगी सुनिश्चित की जाए।

> मामले मेंथाना पलिया प्रभारी पंकज त्रिपाठी ने बताया कि हम कुछ दिनों से छुट्टी पर थे, अब आए है। जांच करवाते है।

संदिग्ध हालात में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, इलाके में मचा हड़कंप, पुलिस जांच में जुटी

हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।

लालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महुलार में रविवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब घोरी डैम और अस्थाई गौ आश्रय स्थल के पास एक युवक का शव नीम के पेड़ से लटकता हुआ मिला। इस दिल दहला देने वाली घटना को देखकर ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों का माहौल बन गया। सुबह-सुबह स्थानीय ग्रामीणों और गौ आश्रय स्थल के कर्मियों की नजर जैसे ही पेड़ से लटकते शव पर पड़ी, पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते मौके पर सैकड़ों की भीड़ जुट गई गई और तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई। कई ग्रामीणों ने आशंका जताई कि यह मामला आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या कर शव को लटकाया गया है घटना की सूचना मिलते ही लालगंज थाना प्रभारी अभय कुमार सिंह व पुलिस चौकी दुबार कला की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए शव को पेड़ से उतरवाया और पहचान की प्रक्रिया शुरू की।शव की पहचान पचोखर ग्राम पंचायत के बैरहर निवासी 30 वर्षीय मनोराम पटेल पुत्र रामसागर पटेल के रूप में हुई। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने परिजनों और ग्रामीणों की मौजूदगी में पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

थाना प्रभारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि घटना की हर पहलू से जांच की जा रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति शांतिपूर्ण बनी हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा एक 8 वर्षीय बेटी और 5 वर्षीय बेटा है, जिससे पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

कुम्भी चीनी मिल के पेराई सत्र 2025-26 का समापन

अमीरनगर खीरी। बलरामपुर ग्रुप की कुंभी चीनी मिल के पेराई सत्र 2025-26 शनिवार सुबह करीब 6 बजे सायरन बजाकर विधिवत समापन किया गया। वार्ता के दौरान चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक सुनील कुमार यादव ने दैनिक भास्कर को बताया कि इस पेराई सत्र मे चीनी मिल 155 दिन संचालित हुई। मिल द्वारा कुल 162.17 लाख कुंतल गन्ने की पेराई की गई तथा 11.17 प्रतिशत रिकवरी के साथ नया कीर्तिमान स्थापित किया गया। चीनी मिल द्वारा इस नये कीर्तिमान को स्थापित करने पर महाप्रबंधक ने मिल के सभी कर्मचारियों, अधिकारियों तथा किसानो के सहयोग के लिये धन्यवाद दिया। उन्होने कहा कि इस नये कीर्तिमान को स्थापित करने के लिये मिल के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा क्षेत्रीय किसानों की कड़ी मेहनत के कारण सम्भव हो पाया है। इसी के साथ चीनी मिल ने किसानों के खाते में 27 मार्च तक का भुगतान भी भेज दिया है। मुख्य महाप्रबंधक सुनील कुमार यादव ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसान अधिक से अधिक क्षेत्रफल में गन्ने की बुवाई करें। चीनी मिल के पास सभी स्वीकृति प्रजातियों का गन्ना उपलब्ध है जो किसान भाई गन्ने का बीज खरीदने को इच्छुक है वह चीनी मिल के क्षेत्रीय कामदार से सम्पर्क कर गन्ने का बीज खरीद सकते है।

गैस रिफिल बुक कराने के लिए एजेंसी पर उपभोक्ताओं की लम्बी भीड़

हलिया (मिर्जापुर)। क्षेत्र के हलिया कस्बा स्थित विंध्य भारत गैस एजेंसी पर रविवार को गैस रिफिल बुक कराने के लिए गैस उपभोक्ताओ की लम्बी भीड़ पहुंच जाने पर गैस एजेंसी वितरक मंटू सिंह ने इसकी सूचना थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव को दिया। थानाध्यक्ष के निर्देश पर पुलिस कर्मियों ने गैस एजेंसी पर पहुंचकर गैस रिफिल कराने के लिए पहुंचे गैस उपभोक्ताओ को कतार में लगवाया है जिससे बारी बारी से उपभोक्ताओ का गैस रिफिल बुक हो सके। गैस एजेंसी पर गैस रिफिल बुक कराने के लिए एक काउंटर से होने से उपभोक्ताओ को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओ ने एजेंसी पर गैस काउंटर को बढ़वाने की मांग किया है जिससे उपभोक्ताओ का गैस रिफिल बुक कराने में परेशान ना होना पड़े। इस संबंध में एजेंसी गैस वितरक मंटू सिंह ने बताया की उपभोक्ताओ के गैस रिफिल के लिए बुकिंग किया जा रहा है। रिफिल बुक कराने वाले उपभोक्ताओ को गोदाम से गैस वितरित किया जा रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की एजेंसी पर गैस रिफिल बुक कराने के लिए लंबी भीड़ पहुंचने की सूचना मिलने पर पुलिस कर्मियों की डियूटी लगाई गई है जिससे उपभोक्ताओ को गैस रिफिल कराने में परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

सपा की बैठक में 2027 विस चुनाव की बनी रणनीति, जिलाध्यक्ष बोले- 14 अप्रैल को सेक्टर स्तर पर मनेगी अम्बेडकर जयंती

सपा ने मनाई महर्षि कश्यप व निषादराज गुह्य की जयंती

मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़।

समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रविवार को जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में महर्षि कश्यप और राजा निषादराज गुह्य की जयंती मनायी। बैठक में सपा कार्यकर्ताओं ने दोनों महापुरूषों के योगदानों को याद किया। इस दौरान 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती मनाने की रुपरेखा तय की गई। बैठक में कहा गया कि हर बूथ को मजबूत करने का जो निर्देश राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दिया है। अपनी पीडीए सरकार बनाने और संविधान बचाने के लिये कटिबद्ध है। सच तो यही है कि जब पीडीए की सरकार बनेगी तभी संविधान बचेगा तभी अधिकार और आरक्षण बचेगा। पार्टी जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि देश के महापुरुषों को आत्मसात कर अखंडता और एकता को लक्ष्य दिया जा सकता है। महर्षि कश्यप ब्रह्मा जी के मानस पुत्रों में सबसे विद्वान थे। निषादराज गुह्य ऋंगवेरपुर के राजा थे। दोनों महापुरुष हर वर्ग के समाज सुधारक बनकर अप्रतीम ख्याति हासिल कर अमर हो गये। ऐसे व्यक्तित्व और कृतित्व का अनुसरण ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर विचार-विमर्श कर सफलता के लिए जिम्मेदारी सौंपी। उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी 14 अप्रैल को जिले से लेकर सेक्टर तक डॉ. अम्बेडकर की जयंती मनायेगी। कार्यकर्ता इसकी तैयारी प्राथमिकता से करने का काम करें। कहा कि पीडीए विरोधी भाजपा की भ्रष्ट सरकार निश्चित जायेगी फिर कभी नही आयेगी। याद रखे पीडीए हमारे मान सम्मान का इंकलाब है। बैठक में पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल, मुन्नी यादव, रविन्द्र बहादुर सिंह, आशीष यादव, दामोदर प्रसाद मौर्य, सुरेन्द्र सिंह पटेल, रमाशंकर कोल, रविन्द्र कोल, झल्लू यादव, सत्यप्रकाश यादव, सोकिम अहमद, राणा प्रताप सिंह, सूर्यकान्त सिंह, दिनेश यादव, रामकेश मौर्य, राजेन्द्र यादव, रवि सोनकर, राममिलन यादव, अमरेश सोनकर, कन्हैया यादव, मुकुन्द यादव, संग्राम बिन्द, सौरभ सिंह, जुम्मन खान, आशीष राय, जैनेन्द्र सिंह, बबलू शुक्ला, अशोक यादव, रामराज यादव, कान्धा यादव, सियाराम जैसल, रविन्द्र यादव, रामजी बिन्द, संदेश यादव, अनिल सोनकर, डॉ. शक्ति श्रीवास्तव, राजन यादव, संतोष यादव, साहिल अंसारी आदि मौजूद रहें।